
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 189 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 9 फरवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

Too Hungry To Be Thirsty!!

The vested interests were deeply rooted amongst the politicians and bureaucracy. The benefits were so many.

How to buy the best gaming monitor

Super Creamy White Chocolate Cheesecake

Guaranteed to blow you away with its luxurious texture and decadent flavour






*उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बतौर वित्त मंत्री गुरूवार को राज्य विधानसभा में अंतरिम बजट पेश किया। इस दौरान वैल में आकर हंगामा कर रहे कांग्रेस विधायकों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोकते हुए शांत होकर बजट सुनने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, पक्ष-विपक्ष हम बाद में हैं, पहले सदन की गरिमा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शांति धारीवाल को मुख्यमंत्री ने कहा, आप इस सदन के सीनियर हैं, महिला वित्त मंत्री बजट पढ़ रही हैं, आपको उन्हें शांति से सुनना चाहिए। आपसे नए सदस्यों को शिक्षा लेनी है।*

# भजन लाल सरकार के पहले बजट में प्रदेश के लिये घोषणाओं का अम्बार

## दिया कुमारी ने अंतरिम बजट में 70 हजार भर्तियाँ व बालिका जन्म पर 1 लाख के सेविंग बॉण्ड की सौगात दी

**-विधानसभा संवाददाता-**

जयपुर, 8 फरवरी। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बतौर वित्त मंत्री गुरूवार को राज्य विधानसभा में अंतरिम बजट (लेखानुदान) पेश किया। उन्होंने युवाओं के लिए 70 हजार पदों पर सरकारी भर्ती और गरीब परिवारों में बालिका के जन्म पर 1 लाख रुपए का सेविंग बॉण्ड देने की घोषणा की।

- **कांग्रेस राज में सुविधाओं से वंचित रहे क्षेत्र के लिये 100 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान।**

दीया कुमारी ने वार्षिक वित्तीय अनुमान वर्ष 2024-25 में 67 हजार 240 करोड़ 48 लाख रुपए का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### अंतरिम बजट में भजनलाल सरकार की घोषणाएं...

- पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) पर 45 हजार करोड़ रु. खर्च होंगे, अब 13 के बजाय 21 जिले शामिल होंगे।
- जल जीवन मिशन में 25 लाख ग्रामीण परिवारों को "नल से जल" देने के लिए 15 हजार करोड़ का बजट।
- अल्प आय वर्ग, लघु-सीमान्त व बटाईदार किसानों व खेतिहर श्रमिकों के परिवार के विद्यार्थियों को 'केजी' से "पीजी" तक निःशुल्क शिक्षा।
- 5 लाख से अधिक घरों पर सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य, इन्हें प्रतिमाह 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली मिलेगी।
- चीनी और गुड़ पर मंडी टैक्स हटाया, महिला और बुर्जुगों की पेंशन में 150 रुपये की बढ़ोतरी।
- "मिशन ओलम्पिक-2028" में 50 प्रतिभाशाली युवाओं को विश्वस्तरीय खेल सुविधा दी जायेगी।
- जयपुर में 100 करोड़ की लागत से "सेंटर ऑफ एक्सलैंस फॉर स्पोर्ट्स" बनाया जायेगा।
- 70 लाख गरीब विद्यार्थियों को 1-1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी जायेगी।
- गोपाल क्रेडिट कार्ड स्कीम में 150 करोड़ का बजट रखा, 5 लाख गौ-पालकों को ऋण देगी सरकार।
- प्रदेश में 60 से 80 वर्ष की उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज बसों में 50 फीसदी किराये में छूट।
- जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा जैसे शहरों के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था होगी।
- जयपुर मेट्रो का विस्तार सीतापुरा से विद्याधर नगर क्षेत्र तक करने के लिए डी.पी.आर. बनवाई जायेगी।
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में "आई.पी.डी." के साथ-साथ "डे केयर पैकेज" मिलेगा।
- आर.जी.एच.एस. योजना में कार्मिकों व पेंशनर्स को दवाईयों की "डोर स्टैप" सुविधा दी जायेगी।
- युवाओं की भर्ती परीक्षाओं के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी किया जायेगा।
- स्टेट रोड फंड में एक हजार ( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यू.पी.ए. प्रथम प्लस उद्धव ठाकरे बन कर रह गया इण्डिया गठबंधन

## कांग्रेस द्वारा इण्डिया गठबंधन की अन्य पार्टियों से बातचीत कर समन्वय बैठाने के लिये गठित विशेष कमेटी की उपलब्धि लगभग शून्य रही

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। समान विचारधारा वाली पार्टियों को एक मंच पर लाने और उनके साथ बातचीत शुरु करने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व द्वारा बनायी गई गठबंधन कमेटी अपने उद्देश्य में पूर्णतया विफल रही है। भाजपा के मुकाबले के लिए विपक्ष के गठबंधन को एक सक्षम ताकत बनाना भी कमेटी के कामों में था।

उक्त कमेटी के अध्यक्ष मुकुल वासनिक हैं और अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, मोहन प्रकाश व सलमान खुर्शीद भी कमेटी में हैं।

कमेटी पूर्णतया विफल रही है, क्योंकि वह विपक्ष की किसी भी पार्टी को अपने पक्ष में नहीं कर सकी। कमेटी किसी भी बड़ी पार्टी के साथ गंभीर एवं एकाग्र होकर बातचीत व समझौता नहीं कर पाई।

- **इस हाई पावर्ड कमेटी के चार वरिष्ठ व पुराने नेता, गहलोत, सलमान खुर्शीद, मोहन प्रकाश व मुकुल वासनिक किसी भी घटक से गंभीर बातचीत का शुभारंभ तक नहीं कर पाए।**
- **ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने का मन बनाया। क्योंकि हाई पावर्ड कमेटी ममता बनर्जी से कोई सार्थक सीट वितरण का फॉर्मूला तय नहीं कर पायी।**
- **पंजाब में आम आदमी पार्टी की भी कांग्रेस से कोई "सीट शेयरिंग" करने में रूचि नहीं है। दिल्ली में भी दोनों पार्टियों में कोई समझौता होने की संभावना नहीं है।**
- **यू.पी. में भी कांग्रेस का अखिलेश से कोई समझौता होता नजर नहीं आ रहा। अखिलेश ने रियायती स्वर में कहा, कांग्रेस से सीट शेयरिंग के बारे में कोई "सीरियस" बातचीत का सिलसिला शुरू नहीं हुआ।**
- **केवल महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे शरद पवार से, बिहार में आर.जे.डी. से समझौता की वार्ता निर्णायक दौर में है। तथा तमिलनाडू में कांग्रेस व द्रमुक यू.पी.ए. प्रथम की भांति अभी चुनावी गठबंधन में है।**

ममता बनर्जी ने कांग्रेस से दूरी बना ली है और कहा है कि, उनकी पार्टी किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### नीरज चोपड़ा का स्विट्जरलैंड में सम्मान

नई दिल्ली, 8 फरवरी। विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के जुंगफ्रॉजुच में प्रसिद्ध "आइस पैलेस" में पट्टिका लगाकर सम्मानित किया गया, जहां पर कई और स्टार खिलाड़ियों की पट्टिकायें लगी हुई हैं। नीरज चोपड़ा की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए स्विट्जरलैंड पर्यटन ने एक बयान में कहा कि, जुंगफ्रॉजुच ने स्मारक पट्टिका का अनावरण करने के लिए इस एथलीट का स्वागत किया।

- **देश के प्रसिद्ध "आइस पैलेस" में नीरज चोपड़ा के नाम की पट्टिका लगायी गयी है। यहां विश्व के महान खिलाड़ियों की पट्टिकायें लगायी जाती हैं।**

जुंगफ्रॉजुच को "यूरोप का शिखर" कहा जाता है। चोपड़ा ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विदाई समारोह में प्र.मंत्री मोदी ने मनोमहन सिंह की भूरि-भूरि प्रशंसा की

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा से सेवानिवृत होने वाले सदस्यों के विदाई भाषण के दौरान अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया और उनकी प्रशंसा की।

मोदी ने कहा, "अपने लम्बे कार्यकाल के दौरान उन्होंने इस सदन और राष्ट्र को जो मार्गदर्शन दिया है, उसका हमारे देश के लोकतंत्र पर होने वाली हर चर्चा में महत्वपूर्ण स्थान होगा।" प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि संसद के सभी माननीय सदस्यों को ऐसे प्रतिष्ठित सदस्यों के अच्छे आचरण से सीख लेनी चाहिए क्योंकि वे प्रकाश प्रदर्शक हैं।"

प्रधानमंत्री ने एक वाकया याद करते हुए कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री अस्वस्थ होने के बावजूद सदन में व्हील चेयर पर बैठकर वोट डालने आए थे, यह एक प्रेरणादायक उदाहरण है, अपनी ड्यूटी के प्रति उनके समर्पण भाव का। मैं मानता हूँ कि वे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके दीर्घायु होने तथा स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

- **प्र.मंत्री मोदी ने कहा, मनमोहन सिंह ने काफी लम्बे समय तक राज्यसभा व देश का नेतृत्व किया। अतः जब भी देश के प्रजातंत्र की चर्चा होगी, डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया जायेगा।**
- **उन्होंने यह भी कहा, सभी सदस्यों को डॉ. मनमोहन सिंह जैसे सम्मानित सदस्यों के आचरण व विद्वत्ता से सीखना चाहिये।**

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की और कहा कि, जो लोग सदन छोड़ रहे हैं और सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर जा रहे हैं वहां वे राज्यसभा के अपने अनुभवों से अन्य को लाभान्वित करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, "यह छह वर्षों का कार्यकाल विविधतापूर्ण विश्वविद्यालय है, जो अनुभवों से तराशा हुआ है। जो भी इस सदन से बाहर जा रहे हैं वे समृद्ध होकर जा रहे हैं और वे राष्ट्र-निर्माण के कार्य को मजबूती प्रदान करेंगे।"

प्रधानमंत्री ने एक घटना का किस्सा सुनाया, जब सदन में विपक्ष काले कपड़े पहनकर आया था। प्रधानमंत्री ने उसके बारे में कहा कि, देश समृद्धि की नई ऊंचाइयां छू रहा है और उस वाकये को "काले टीके" के रुप में देखा जाना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### फिजी के उपप्रधानमंत्री ने अयोध्या में दर्शन किये

अयोध्या, 08 फरवरी। फिजी के उप प्रधानमंत्री विमान प्रसाद ने गुरूवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। फिजी के उप प्रधानमंत्री ने श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन करने के बाद पत्रकारों से कहा कि, भारत और फिजी देश के सम्बन्ध और मजबूत होंगे।

- **उपप्रधानमंत्री विमान प्रसाद ने रामलला के दर्शन-पूजन के बाद कहा कि भारत और फिजी के संबंध और मजबूत होंगे।**

फिजी के उप प्रधानमंत्री का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री एवं सेवायोजन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयन्त भी नीतीश के पदचिन्हों पर चल कर भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन से जुड़ेंगे?

## चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयन्त, इण्डिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश के रवैये से काफी नाखुश से हैं

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। क्या आर.एल.डी. के नेता जयन्त चौधरी जनता दल (यू) के नेता व बिहार के मुख्यमंत्री के पदचिन्हों पर चलकर एन.डी.ए. के खेमे में शामिल होने वाले अगले नेता होंगे?

विपक्षी खेमे में आशंका यह रही है कि, भाजपा नीतीश कुमार को अपने कुनबे में शामिल करने की सफलता के बाद खुशी मनाने के बयाज विपक्षी गठबंधन के अन्य नेताओं को भी अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश करेगी तथा इंडिया गठबंधन को पूरी तरह से विखंडित कर देगी। भाजपा, कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस व आप पार्टी के बीच चल रहे मतभेदों का फायदा तो अवश्य उठाना चाहेगी, लेकिन, भाजपा को, पश्चिम उत्तर प्रदेश के परम्परागत जाट वोट बैंक के उत्तराधिकारी जयंत चौधरी को आकर्षित करने में अधिक संभावना नज़र आती है।

- **जयन्त की शिकायत है कि, अखिलेश को गलतफहमी है कि, अखिलेश बड़े भाई हैं तथा जयन्त लघु भ्राता।**
- **उदाहरण के लिये, 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश ने उन सीटों पर भी अपने उम्मीदवार खड़े कर दिये थे, जो सीटें समझौते में जयन्त की पार्टी को एलॉट हुई थीं।**
- **वर्तमान में भी लोकसभा चुनाव के लिये दोनों पार्टियों के बीच हुए समझौते में यह तय हुआ था कि, अखिलेश की पार्टी जयन्त को सात सीट देगी चुनाव लड़ने के लिए। पर अखिलेश जयन्त को वो सीटें नहीं दे रहे, जहां जाटों का प्रभुत्व है, जैसे बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना। जयन्त को वो सीटें एलॉट की गयी हैं, जो भाजपा की मजबूत सीटें मानी जाती हैं, जैसे मथुरा व फतहपुर सीकरी।**
- **दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ, जयन्त को मन पसंद सीटें देने का वादा कर रहे हैं तथा यह भी वादा कर रहे हैं कि, जयंत के मंत्रिमण्डल में भी उनके नुमाइंदे को सीट मिलेगी।**
- **कोई आश्चर्य नहीं होगा अगर जयन्त शीघ्र ही एन.डी.ए. में शामिल हो जायें।**

आर.एल.डी. के सूत्रों का कहना है कि, चौधरी, सपा नेता अखिलेश यादव के दादागिरी वाले रवैये से खुश नहीं है, जिन्होंने सपा के एक उम्मीदवार को ऐसी सीट से चुनाव मैदान में उतर दिया जो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में आर.एल.डी. को सीट बंटवारे में आवंटित की गई थी। सपा और आर.एल.डी. के मध्य समझौता हुआ है कि, आर.एल.डी. आगामी लोकसभा चुनावों में सात सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चौधरी की शिकायत इस बात को लेकर है कि, बजाए इसके कि, उनकी पार्टी को मुजफ्फरनगर, बिजनौर व कैराना जैसी उनकी मजबूत पकड़ वाली सीटें दी जाएं, खबरें है कि, सपा ने उनको भाजपा की मजबूत पकड़ वाली सीटें, जैसे, फतेहपुर सीकरी एवं मथुरा की सीटें देने का प्रस्ताव दिया है। दूसरी तरफ खबरें हैं कि, भाजपा चौधरी को एक सम्मानजनक प्रस्ताव दे रही है: जिसमें उनके लिए केन्द्र सरकार के मंत्रिमण्डल में एक पद और साथ में उत्तर प्रदेश सरकार में आर.एल.डी. के विधायक को मंत्री पद।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### कार्मिक विभाग की चूक!

जयपुर, 8 फरवरी (का.सं.)। एक तरफ भजनलाल सरकार का पहला बजट पेश हो रहा था, वहीं दूसरी तरफ कार्मिक विभाग के आदेश ने खलबली मचा दी। आदेश था, मुख्यमंत्री के सलाहकार की नियुक्ति। जिस व्यक्ति को मुख्यमंत्री का सोशल मीडिया सलाहकार बनाना था उसे मुख्यमंत्री का मीडिया सलाहकार बना दिया। आदेश जारी होने के चार घंटे बाद संशोधित आदेश जारी करना पड़ा, जिसमें मीडिया सलाहकार बनाये गए धनराज सोलंकी को सोशल मीडिया सलाहकार बनाया गया।

- **जिसे मुख्यमंत्री का सोशल मीडिया सलाहकार बनाना था उसे बना दिया मीडिया सलाहकार।**

दरअसल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मीडिया सलाहकार के रूप में किसी की नियुक्ति अभी नहीं हुई है। यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

घृणा हृदय का पागलपन है। –बायरन

# उत्तराखण्ड में ऐतिहासिक समान नागरिक संहिता अधिनियम, 2024 विधानसभा में पारित

## उत्तराखण्ड भारत गणराज्य का सत्ताइसवा राज्य है, इस राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हैं

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता का प्रावधान है। यह अनुच्छेद राज्य की नीति के तत्व का एक अंग है। संविधान निर्माताओं ने जहां नागरिकों को मूल अधिकार संविधान के भाग–3 में दिए है, जिन्हें देश राजनीतिक अधिकार मानता है, वहीं भाग–4 में देश के नागरिकों को सामाजिक व आर्थिक अधिकार दिए हैं। प्रियम्बल में नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय देने की घोषणा की है। अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य, भारत के समस्त राजक्षेत्र में बसे नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करने का संवैधानिक दायित्व निभायेगा।

कुछ राजनीति के विद्वानों द्वारा यह शंका उत्पन्न की गई कि संविधान के अनुच्छेद–37 के अनुसार नीति निदेशक तत्व कोर्ट द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं। परंतु वे भूल जाते हैं कि ये ही प्रावधान नीति–निर्माण में मार्गदर्शन करते हैं।

अनुच्छेद 37 के होते हुए संविधान के भाग 4 में कुछ ऐसे प्रावधान है, जहां समय–सीमा में कार्य पूरा होना चाहिए था। 26, जनवरी 1950 में जब संविधान लागू हुआ, उस समय अनुच्छेद 45 इस प्रकार था, "राज्य 16 वर्ष तक के बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा संविधान के लागू होने से 10 वर्ष की अवधि में प्रदान करेगा।" यह बाध्यकारी प्रावधान था। इसमें संशोधन किया गया और अनुच्छेद 45 व अनुच्छेद 21 में संशोधन कर उसे 21ए व अनुच्छेद 45 में नया रूप दे दिया गया। वस्तुत 14 वर्ष के बालकों को निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा 25 जनवरी 1970 तक पूरी की जानी थी, किंतु राज्य ने ऐसा नहीं कर संविधान की अवज्ञा की। यह संवैधानिक संशोधन अवैध था। इसी प्रकार अनुच्छेद 334 है जो स्थानों के आरक्षण और विशेष प्रतिनिधित्व की 10 वर्ष की सीमा के लिए था और यह स्पष्ट कर दिया था कि समय की सीमा 10 वर्ष के बाद यह प्रावधान प्रभावी नहीं रहेगा। इसमें हर 10 वर्ष बाद संशोधन किया जाता रहा है। यह संशोधन भी असंवैधानिक है। अनुच्छेद 343 संघ की भाषा के संबंध में है और इसके खण्ड 3 में अंग्रेजी को 15 वर्ष की समाप्ति के पश्चात् अंग्रेजी का प्रयोग खण्ड (क) व (ख) के अनुसार ही हो सकेगा। यहां भी संविधान की अवज्ञा की गई। इसे समझने के लिए हम अनुच्छेद 120 को समझने का प्रयत्न करें। इस उपखंड (2) को पढ़े तो स्पष्ट हो जावेगा कि 15 वर्ष की अवधि, जो अनु. 348 में दी गई थी, उसे इस प्रकार पढ़ा जावेगा, मानों 'अंग्रेजी' शब्द का उसमें से लोप कर दिया गया है। ये सब प्रावधान Sunset Laws के सिद्धांतों के अनुरूप थे और अवधि के बाद वे अस्तित्व में नहीं रहे। अनुच्छेद 37 के कारण इसका विरोध हुआ है, किंतु संसद ने चर्चा के बाद इसे पारित किया है, अतः चुनौती नहीं दी जा सकती। उपरोक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि राज्य को इसे अधिक से अधिक 15 वर्ष की अवधि में लागू करना चाहिए था। इसका यह अर्थ नहीं हो सकता कि राज्य इसे लागू ही न करे या अनिश्चित काल तक सोता ही रहे। यों भी प्रतिबंध कोर्ट में जाने का है, किंतु विधि बना कर लागू करना राज्य का कर्तव्य माना है।

अनु. 44 के प्रावधान डॉ. अंबेडकर के अनुसार केवल पूज्यनीय घोषणाएं नहीं है, अपितु अनु. दस्तावेज के रूप में है। सर्वोच्च न्यायालय ने सन् 1985 में शाह बानो व इसके 10 वर्ष बाद सरला मुदगल के केस में इसे लागू करने पर जोर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि सभ्य समान में धर्म व व्यैक्तिक कानूनों में कोई संबंध नहीं है। डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि 1935 से पहले पूर्व भारत के उत्तर–पश्चिम भाग में उत्तराधिकार के मामले शरीयत से नहीं हिंदु सक्सेशन लॉ से गवर्न होते थे।

यूनिफॉर्म सिविल कोड/समान नागरिक संहिता के द्वारा यह व्यवस्था है कि राज्य सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान कानून बनाने की व्यवस्था करे। सामान्य अर्थ में समान नागरिक संहिता का अर्थ है कि देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए कानून एक समान हो।

उत्तराखण्ड सरकार ने यूसीसी के ड्राफ्ट के लिए 27, मई 2022 को एक समिति का गठन पूर्व जस्टिस (सुप्रीम कोर्ट) रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में किया। कमेटी ने 180 दिन से अधिक इस पर चर्चा की और 749 पेज की रिपोर्ट दी। 5 सदस्यों की कमेटी ने कहा कि अलग–अलग पंथों के लिए अलग–अलग सिविल कानून नहीं होना ही समान नागरिक संहिता है। यह किसी भी पंथ, जाति के सभी कानूनों के ऊपर है। यह भारतीय राजनीति में धर्मनिरपेक्षता के संबंध में एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसके बनने से संविधान में जो धार्मिक स्वतंत्रता की अनुच्छेद 25–28 में गांरटी है, वह सुदृढ होगी। कमेटी ने अपना ड्राफ्ट उत्तराखण्ड सरकार को सौंप दिया है। बिल में 392 धारायें हैं। कमेटी के पास 2,32,961 सुझाव आए थे। कमेटी ने 72 मीटिंग की थी। ड्राफ्ट की निम्नलिखित विशेषताएं हैं :–

**उत्तराखण्ड सरकार ने यूसीसी के ड्राफ्ट के लिए 27, मई 2022 को एक समिति का गठन पूर्व जस्टिस (सुप्रीम कोर्ट) रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में किया। कमेटी ने 180 दिन से अधिक इस पर चर्चा की और 749 पेज की रिपोर्ट दी। 5 सदस्यों की कमेटी ने कहा कि अलग-अलग पंथों के लिए अलग-अलग सिविल कानून नहीं होना ही समान नागरिक संहिता है। यह किसी भी पंथ, जाति के सभी कानूनों के ऊपर है।**

1– इसके लागू होने से बहुविवाह पर रोक लगेगी, वे पूर्णतया रुक जावेंगे। 2– लिव इन रिलेशनशिप में रहने वालों को इसकी जानकारी देना अनिवार्य होगा, अपने माता–पिता को, विशिष्ट रिश्तेदारों को। पुलिस में इसका पंजीकरण होगा। विवाह के बाद इसका पंजीकरण अन्य दस्तावेजों के समान पंजीकरण आवश्यक होगा। पंजीकरण किसी संबंधित गांव या कस्बे में होगा। 3– पंजीकरण के अभाव में विवाह अमान्य माना जावेगा। 4– पंजीकरण न होने से किसी भी सरकारी सुविधा से जो उन्हें प्राप्त है, वंचित होना पड़ेगा। 5– मुस्लिम महिलाओं को भी गोद लेने का अधिकार होगा, गोद लेने की प्रक्रिया सरल होगी। 6– लड़कियों को बराबर विरासत का अधिकार मिलेगा। 7– मुस्लिम समुदाय में हलाला व इद्दत जैसी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। 8– नौकरी पेशा बेटे की मृत्यु की स्थिति में बुजुर्ग माता–पिता के भरण–पोषण की जिम्मेदारी पत्नी पर होगी और उसे मुआवजा मिलेगा। 9– यूसीसी एक सामाजिक व्यवस्था है, कानून है, जो विवाह, तलाक, भरण–पोषण, विरासत, बच्चों को गोद लेने, भूमि–जायदाद व संरक्षण के मामलों से संबंध रखता है और भारत में रहने वाले धर्म–समुदायों को संचालित करता है जैसे हिंदु, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, पारसी आदि जिनके अपने–अपने व्यक्तिगत कानून है। 10– समान नागरिक संहिता महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और उत्पीड़न को समाप्त करने वाला एक कानून है। 11– ड्राफ्ट में नियमों को न मानने और शादी का पंजीयन न कराने पर जुर्माने व सजा के प्रावधान है।

अपवाद के रूप में जनजाति के लोगों पर यूसीसी का कानून लागू नहीं होगा। इसे भेदभावकारी होने से चुनौती दी जा रही है, किंतु इसका प्रतिवाद अनुच्छेद 366 के खण्ड 25 में दिया गया है।

उत्तराखण्ड की केबिनेट में दिनांक 03.02.2024 को यह रिपोर्ट पेश हुई थी किंतु कोई चर्चा नहीं हुई। दिनांक 04.02.2024 को केबिनेट की मीटिंग में, जिसकी अध्यक्षता पुष्कर सिंह धामी कर रहे थे, वहां यूनिफॉर्म सिविल कोड की ड्राफ्ट रिपोर्ट पेश की गई और उसे लीगल कमेटी की राय पर स्वीकृति प्रदान की गई। उसे दिनांक 06.02.2024 को विशेष रूप से बुलाई गई असेंबली में पेश किया गया। असेंबली ने 06.02.2024 व 07.02.2024 को चर्चा के बाद ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया। असेंबली द्वारा पारित होते ही यह अधिनियम हो गया। ड्राफ्ट 749 पृष्ठों का है तथा 4 भागों में है।

संविधान निर्मात्री सभा ने गहन चर्चा के बाद इसे संविधान के भाग–4 के अनु. 44 के रूप में बनाया। संविधान के भाग–4 के अनु. 44 में वे तत्व (सिद्धांत) है, जो देश के शासन के मूलाधार है, इन्हें लागू करना कल्याणकारी राज्य का कर्तव्य है। अनु. 44 का उल्लेख सन् 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो के केस में किया है, उसके बाद सरला मुदगल के केस में और पुनः 2003 जॉन वेलभट्ट के केस में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गजेन्द्र गडकर ने इस पर अपने विचार विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में अभिव्यक्त करते हुए कहा था "अनु. 44 को लागू न करना भारतीय लोकतंत्र की असफलता है।" जस्टिस हेगडे ने कहा था धर्म के आधार पर पर्सनल लॉ मध्यकाल की बात है। अनु. 44 यानी समान नागरिक संहिता का विरोध एक प्रकार से संविधान निर्माताओं का अपमान करना है। अतः इसे चुनौती नहीं दी जा सकती। प्रत्येक नागरिक को संविधान के अनुसार आचरण करना होगा। देश धर्म–निरपेक्ष है, अतः धर्म के नाम पर संविधान की अवज्ञा की अनुमति नहीं दी जा सकती। समान नागरिक संहिता कई मुस्लिम देशों में लागू है, जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान और इजिप्ट जैसे कई देश है।

उपरोक्त चरणों में जो ड्राफ्ट कमेटी ने बनाया था और राज्य सरकार को प्रेषित किया था, उसकी मुख्य सिफारिशों को तथा निर्देशनों का उल्लेख किया है, वस्तुतः वे ही अधिनियम, 2024 के कानूनी प्रावधान है। अतः उन्हें यहां रिपीट नहीं किया जा रहा है। संक्षिप्त में निम्नलिखित रूप से उद्धृत किया जा रहा है :–

1– समान नागरिक संहिता का अधिनियम, 2024 सभी धर्मों के लोगों पर समान रूप से शादी, तलाक, भूमि, प्रॉपर्टी, विरासत संरक्षण, गुजारा भत्ता आदि पर समान रूप से लागू होगा, कोई भेदभाव नहीं होगा। सभी धर्मों के लोग एक से अधिक शादी नहीं करेंगे। तलाक का कानून भी एक होगा। बिना तलाक के दूसरी शादी नहीं होगी। एक वर्ष के बाद तलाक नियमानुसार ले सकेंगे। इसकी पालना न करने पर जुर्माना व सजा होगी। विवाह का पंजीकरण एक माह में कराना होगा, अन्यथा 25,000 का जुर्माना होगा। 2– विवाह व लिव इन रिलेशपशिप का पंजीकरण कराना होगा, अन्यथा शादी मान्य नहीं होगी तथा इसे न मानने पर जुर्माना व सजा का प्रावधान है। बिना रजिस्ट्रेशन के सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिलेगा। 3– मुस्लिम महिलाएं भी गोद ले सकेंगी। विरासत में लड़के व लड़की में भेद नहीं होगा। कानून लागू होने के बाद पैतृक संपत्ति, स्व–अर्जित संपत्ति मानी जावेगी। 4– शादी की उम्र लड़की व लड़के की क्रमशः 18 व 21 वर्ष से कम नहीं होगी। 5– बाल विवाह और बहुविवाह निषेध है। शादी की प्रक्रियाएं प्रत्येक धर्म के अपने–अपने रीति–रिवाज के अनुसार होगी। 6– कानून के विरूद्ध विवाह करने पर छह माह की सजा व 50 हजार रूपये तक जुर्माना होगा। 7– लिव इन रिलेशपशिप के बच्चे उनके माता–पिता की संपत्ति में अधिकारी होंगे।

समीक्षा– यूसीसी अधिनियम, 2024 को पढ़ने मात्र से यह आभास होता है कि एक व्यैक्तिक कानून को आपराधिक कानून बना दिया है। सजा के प्रावधान अव्यवहारिक हैं। गरीब के लिए शादी करना कई मुसीबतों को जन्म देगा। इसे लागू करने से संभवतः भ्रष्टाचार बढ़ेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश राजस्थान हाई कोर्ट**

# राजस्थान के लेखानुदान प्रस्तावों से खेती किसानी को मिलेगा बूस्ट



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सरकार का अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए उपमुख्यमंत्री व वित मंत्री दीया कुमारी ने केवल तीन–चार माह के सरकार चलाने के खर्चो को पारित कराने तक ही सीमित नही रखकर सर्वस्पर्शी अंतरिम बजट प्रस्ताव प्रस्तुत कर साफ संदेश दे दिया है। अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं और विकास का रोडमेप सामने रख दिया है। केन्द्र सरकार की तरह ही यह अंतरिम बजट युवा, महिला, गरीब और किसान केन्द्रीत रहा है। लगभगी सभी पक्षों को लेकर राज्य सरकार की ईच्छा शक्ति को सामने रख दिया गया है। हांलाकि सर्वस्पर्शी बजट अभिभाषण होने के साथ ही इसमें कोई दो राय नहीं कि राजस्थान के अंतरिम बजट में खेती किसानी पर खास जोर दिया गया है। वित मंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तावों को पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रहकर कृषि क्षेत्र में अल्पकालीन और दीर्घकालीन विकास का रोडमेप सामने रखा है। इनसे निश्चित रुप से अल्पकालीन नहीं अपितु खेती किसानी में दीर्घकालीन सुधार होगा वहीं किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा।

अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों द्वारा जिस बात पर जोर दिया जाता रहा है लगता है कोई सरकार पहलीबार उस पर कोई सरकार पहलीबार इतनी गंभीर नजर आ रही है। भजन लाल सरकार के पहले अंतरिम बजट में श्री अन्न योजना को लेकर सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि सरकार ने 12 लाख किसानों को मक्का बीज, 8 लाख काश्तकारों को बाजरा व एक लाख काश्तकारों को ज्वार के उन्नत गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। तिलहन और दलहन को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रतिवद्धता को ही ध्यान में रखते हुए सात लाख काश्तकारों को सरसों और चार लाख किसानों को मूंग व एक लाख किसानों को मोठ के उन्नत बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अब इससे साफ हो जाता है कि इससे किसान, खेती ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ही सीधा सीधा लाभ मिलेगा।

बीज वितरण होगा तो वह खेती में ही काम आयेगा, उन्नत बीज होगा और उससे बाजरा, मक्का, ज्वार, सरसों, मूंग मोठ आदि का उत्पादन बढ़ेगा और इसका लाभ भी किसान और साथ साथ देश और प्रदेश को मिलेगा। मेरा आरंभ से ही मानना रहा है कि किसानों को ऋण माफी या नकद अनुदान के स्थान पर उतनी राशि का कुछ अंश भी यदि इनपुट यानी कि खाद–बीज के रुप में दिया जाये तो सही मायने में यह काश्तकार की सहायता है। दरसल अनुदान के रुप में नगद राशिमिलना चाहे वह ऋण माफी हो या अन्य तो उसका उत्पादकता से दूर दूर तक कोई संबंध नहीं रहता और इससे काश्तकार को जो लाभ पहुंचाने की सरकार की मंशा होती है वह पूरी भी नहीं हो सकती। भले ही ऋण माफी या नकद राशि से किसान खुश हो जाए पर जो खेती–किसानी को वास्तविक लाभ इनपुट वितरण से हो सकता है वह किसी दूसरे विकल्प से नहीं।

अच्छी बात यह है कि वित मंत्री दीया कुमारी ने अंतरिम बजट में खेती किसानी के लिए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को भी उतना ही महत्व दिया है जितना प्रमाणित गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने पर दिया है। राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रा मिशन के लिए दो हजार करोड़ रु. का प्रावधान किया है। इसमें पानी के संरक्षण हेतु 20 हजार फार्म पॉंड, 10 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइप लाईन, 50 हजार किसानों को तारबंदी हेतु सहायता, 5 हजार वर्मी कंपोस्ट के साथ ही कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे प्रावधान शामिल है। इसके अलावा 500 कस्टम हायरिंग सेंटर में ड्रोन जैसी सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे जहां एक और पानी की एक एक बूंद सहेजी जा सकेगी और खेती में सिंचाई के पानी की छीजत को कम किया जा सकेगा वहीं वर्मी कंपोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और ड्रोन जैसी तकनीक हायरिंग आधार पर किसान प्राप्त कर सकेंगे। वित मंत्री दीया कुमारी ने पीएम किसान सम्मान निधि भी 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार करने की घोषणा की हैं वहीं गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रु. प्रति क्विंटल बोनस देने की बात भी कही है। डेयरी के साथ ही पशुपालन को भी उतना ही महत्व दिया गया है। यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब खेती के साथ पशुपालन एक दूसरे के पूरक हुआ करते थे। हांलाकि कृषि में उपकरणों/यंत्रों के उपयोग के कारण पशुपालन प्रभावित हुआ है पर पशुपालन ही किसान की आर्थिक उन्नती का प्रमुख माध्यम बन सकता है। यही कारण है कि 5 लाख गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी करने का प्रावधान करते हुए एक–एक लाख रु. का ब्याजमुक्त ऋण देने का प्रस्ताव है। निश्चित रुप से इससे पशुपालन को प्रोत्साहन मिलेगा।



वित्त मंत्री दीया कुमारी

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि यदि कोई सरकार खेती किसानी का वास्तविक भला चाहती है तो उसे खेती के क्षेत्र में दी जाने वाली सहायता राशि का उपयोग उन्नत प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराने में करने का फैसला करती है तो उससे केवल किसान ही नहीं अपितु देश ओर प्रदेश को समग्र रुप से मिल सकता है। यह साफ हो जाना चाहिए कि कृषि उत्पादन में कमी या बढ़ोतरी अर्थ व्यवस्था की सीधे सीधे प्रभावित करती है। कोरोना काल हमारे सामने उदाहरण है तो रुस यूक्रेन युद्ध, इजराइल हमास युद्ध आदि इसके जीते जागते उदाहरण है। खाद बीज की सहज उपलब्धता के साथ ही यदि किसानों को उनकी पैदावार का पूरा पैसा मिलने लगे तो निश्चित रुप से किसान समृद्ध होंगे और इसका लाभ सामाजिक –आर्थिक विकास में प्राप्त हो सकेगा।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**(वरिष्ठ लेखक)**

# 'आगामी बोर्ड परीक्षाओं में गोपनीयता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता'

## बोर्ड सचिव मेघना चौधरी ने जानकारी दी कि इस साल 19 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे

- **सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी बोर्ड परीक्षाओं के लिए सन्दर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण सम्पन्न**
- **दो दिवसीय सन्दर्भ व्यक्ति प्रशिक्षण में 50 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया**

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सचिव मेघना चौधरी ने कहा कि आगामी परीक्षाओं में गोपनीयता और पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करे। आगामी दिनों में आयोजित होने वाली सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी बोर्ड परीक्षाओं के लिए सन्दर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण गुरूवार को सम्पन्न हुआ। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के रीट कार्यालय में आयोजित दो दिवसीय सन्दर्भ व्यक्ति प्रशिक्षण में 50 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में संभागियों को बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीयता एवं पारदर्शिता संबंधी जानकारी दी गई। सचिव मेघना चौधरी ने संभागियों को जानकारी दी कि इस साल बोर्ड परीक्षाओं में 19 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। इतनी बड़ी परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी हम पर है। सभी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। परीक्षा के प्रश्न–पत्र पुलिस थानों व चौकियों में रखे जाएंगे।

परीक्षा के सफल संचालन के लिए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा केन्द्रीय कंट्रोल रूम 24 फरवरी को प्रातः 6 बजे से विधिवत शुरू हो जाएगा। यह परीक्षा समाप्ति तक 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। इसी तरह जिला स्तरीय परीक्षा कंट्रोल रूम 27 फरवरी से शुरू होंगे। गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए परीक्षा केन्द्रों की निगरानी वीडियोग्राफी व सीसीटीवी से कराई जाएगी। प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष बंदोबस्त किए जा रहे हैं। परीक्षाओं में निगरानी के लिए राजकीय पर्यवेक्षक भी तैनात रहेंगे। इसी तरह अन्य इंतजाम भी किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के विशेष इंतजाम रहेंगे। बच्चों को परीक्षा से पहले ही समझाया जाएगा कि वे कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामान या नकल से संबंधित सामग्री नहीं लेकर जाएं। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को निर्देश दिए जा रहे हैं। परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय का भी विशेष इंतजाम रहेगा।

बोर्ड सचिव ने कहा कि कार्मिकों पर भी नजर रहेगी। कोई भी कार्मिक किसी तरह की अनुचित गतिविधियों में शामिल रहता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

# मौसम में आए बदलाव से मोयला मच्छर खेतों से सड़कों पर पहुंचा

- **राहगीर व वाहन चालकों की आंखों के लिए बना परेशानी कर सबब**

**अजमेर, (कासं)।** सर्दी के तीखे तेवर के बाद मौसम में हुए बदलाव के चलते गर्मी शुरू होने के साथ ही शहर में मोयला मच्छर का प्रकोप सड़कों पर छाने लगा है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन चालकों की आंखों की किरकिरी बनता जा रहा है। बाइक चलाते समय मच्छरों के आंखों में जाने से दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है, लोगों को चश्मा लगाकर मोटरसाइकिल चलानी पड़ रही है। खेतों में खड़ी धनिए, राई, सरसों आदि फसलों में पनपने वाले मोयला मच्छरों का आतंक फैला है।

फसलों पर मोयला, चेपा या एफिड कीट का खतरा मंडराने लगा है। इससे किसान तो चिंतित हैं ही, राहगीर भी परेशान हैं। मौसम में बदलाव के चलते चेपा मच्छर का प्रकोप अधिक है। अजमेर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तापमान में हुए बदलाव के साथ लोगों को गर्मी का एहसास भी होने लगा है, दिन में धूप सुहानी लगने लगी है वहीं सुबह–शाम ठंड का असर बना हुआ है। मोयला अक्सर सरसों की फसल में फूल आने पर लगता है। खासकर फरवरी–मार्च में सक्रिय रहता है। इस समय अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर मोयला अधिक संख्या में फैलता है। यह फसल रायड़े व जीरे सहित रबी की विभिन्न फसलों में झुंड के रुप में बैठकर फसलों से रस चूसता है। पूरी फसलों को नष्ट कर देता है। आंखों में मोयले के गिरने से जलन होती है। इससे कॉर्नियल इंफेक्शन होता है। राहगीरों को भी चलने में परेशानी आ रही है। पूरे दिन लोग आंखों से मच्छर निकालते नजर आते हैं। कपड़ों के साथ बालों में भी ये बारीक मच्छर चले जाने से परेशानी होती है।

अजमेर के नेत्र रोग चिकित्सकों का कहना रहा कि मोयला मच्छर के आंखों में गिरने से कॉर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। बाइक सवार को आंखों में मोयला के गिरने पर उसको निकालने का सही तरीका नहीं अपनाया जाए तो आंखों संबंधी कई रोग हो सकते हैं। इस कीट के गिरने से मोतियाबिंद या काला पानी सहित आंखों से जुड़ी अन्य बीमारियां भी हो सकती है। इससे बचने के लिए वाहन चालकों को चश्मे और ग्लास वाला हेलमेट के उपयोग करना चाहिए। खासकर सवेरे सूर्य निकलने और दोपहर बाद काफी सक्रिय रहते हैं। दोपहर में धूप तेज रहने पर यह कीट नष्ट भी हो जाता है। थोड़े समय के लिए पनपता यह जीव व्यक्ति के आंखों में गिरकर आंखों के रोग फैलाते हैं। आंखों में मोयला मच्छर की जाने के उपरांत ठंडे पानी से आंखें साफ करनी चाहिए।

# सांभर की सब्जी मंडी में सुविधाओं का अभाव

**सांभरझील, (निसं)।** यहां गोला बाजार के निकट सांभर की एकमात्र सब्जी मंडी में आने वाले व्यापारियों, आढतियों और यहीं बैठकर फल और सब्जी बेचने वाले फुटकर दुकानदारों को सब्जी मंडी में मिलने वाली जरूरी सुविधाएं आज भी कोसों दूर है। रोजाना लाखों रुपए का फल सब्जी का व्यापार करने वाली इस मंडी के माध्यम से नगर पालिका राजस्व की प्राप्ति भी करती है। कुछ की यहां पर पालिका की ओर से दुकान किराए पर दे रखी है तो कुछ को मापदंड के अनुसार फुटपाथ पर बैठने की इजाजत है। इन सभी से किराया वसूला जाता है।

जानकारी अनुसार कुछ दुकानदारों की ओर से पालिका का आज तक किराया बकाया छोड़ रखा है। करीब पांच दशक से सब्जी मंडी में पालिका प्रशासन की ओर से न तो उसकी बनावट में तब्दीली की गई है और न हीं यहां के स्वरूप को सुधरा गया है। सब्जी मंडी को टीनशेड से ऊपर से ढका हुआ है लेकिन इस टीनशेड में जगह–जगह से छेद हो गए हैं, बारिश का पानी आता है तो पूरी सब्जी मंडी में चारों ओर पानी भर जाता है। बारिश के पानी को निकालने के लिए पालिका प्रशासन की ओर से कोई हल नहीं ढूंढा गया है, बताया गया कि पुराने दुकानदार इस सब्जी मंडी की व्यवस्था से दुखी होकर अन्यत्र काम करने चले गए हैं। शाम को सब्जी मंडी बंद होने के बाद यहां पर किसी चौकीदार की भी नियुक्ति की हुई नहीं है। गर्मी के मौसम में स्थिति में भी कोई सुधार नहीं आता है क्योंकि टीनशेड गर्मी में तपते रहते हैं और प्रशासन की ओर से इसके लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं ढूंढा जा रहा है। ऐसी स्थिति में आवारा पशुओं का जमघाट भी लोगों व सब्जी बेचने वालों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

फल व थोक व्यापारी सतीश चांदवानी ने बताया कि जो भी समस्या है सब्जी मंडी की उसको पालिका के स्तर पर दूर करना चाहिए ताकि यहां धंधा करने वाले लोगों को बारिश और गर्मी से निजात मिल सके।

## राशिफल शुक्रवार 9 फरवरी, 2024



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र रात्रि 11:29 तक, व्यतिपात योग सांय 7:06 तक, शकुनि करण प्रातः 8:03 तक, चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–मकर, मंगल–मकर, बुध–मकर, गुरू–मेष, शुक्र–धनु, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 11:29 तक है। आज देव–पितृकार्य अमावस्या, मौनी अमावस्या, द्वापर युगाददि, महोदय योग प्रातः 8:03 से सूर्यास्त तक है। आज अमावस्या तिथि का क्षय हुआ है। आज व्यतिपात पुण्य है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:34 तक, लाभ–अमृत 8:34 से 11:19 तक, शुभ 12:41 से 2:03 तक, चर 4:48 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:12, सूर्यास्त 6:10




**मेष**
व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।




**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।




**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



**सिंह**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**धनु**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक ठीक रहेगी।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
घर–परिवार के खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।



**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# दीया कुमारी ने सदन में कांग्रेस पर तंज कसे तो विपक्ष ने वैल में उतरकर हंगामा किया

## हंगामे के कारण उपमुख्यमंत्री को करीब 5 मिनट तक बजट भाषण रोकना भी पड़ा

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का अंतरिम बजट गुरुवार को उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने पेश किया। इस दौरान दीया कुमारी ने महिला अत्याचार, आर्थिक कुप्रबंधन, पेपरलीक और ई.आर.सी.पी. जैसे मुद्दों को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तंज कसे तो विपक्षी विधायकों ने वैल में आकर हंगामा कर दिया। इस दौरान वित्त मंत्री को बजट भाषण भी करीब 5 मिनट के लिए रोकना पड़ा। कांग्रेस विधायकों ने पहले अपनी सीट पर खड़े-खड़े विरोध किया, लेकिन जब स्पीकर वासुदेव देवनानी ने उन्हें समझाने की कोशिश की तो कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और विधायक रोहित बोहरा समेत उठ हो गए, बाद में वे सभी वैल में आकर विरोध जताने लगे।

- बजट भाषण के दौरान हुए हंगामे को रूकवाने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को भी हस्तक्षेप करना पड़ा
- भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस विधायकों से कहा कि, ''महिला वित्तमंत्री बजट पढ़ रही है, आपको दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमें मर्यादा में रहना चाहिए। यह बजट है, बहस नहीं हो रही है।''

दरअसल, दीया कुमारी ने बजट भाषण के दौरान वित्तीय कुप्रबंधन, ई.आर.सी.पी. सहित कई मुद्दों को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को घेरा। इस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई, मगर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने भाषण पूरा होने के बाद उन्हें बोलने के लिए कहा। इस पर विपक्षी विधायकों ने हंगामा खड़ा कर दिया। ''चुनावी भाषण नहीं चलेगा...'' जैसे नारे लगाते हुए सभी कांग्रेसी सदस्य वैल में आ गए। इस दौरान 5 मिनट तक बजट भाषण को रोकना पड़ा। हालांकि बाद में सभी कांग्रेस विधायक अपनी सीटों पर लौट गए और बजट भाषण दुबारा शुरू हुआ।

बजट भाषण के दौरान हुए हंगामे को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को भी हस्तक्षेप करना पड़ा।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिला वित्तमंत्री बजट पढ़ रही है, आपको दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमें मर्यादा में रहना चाहिए। यह बजट है, बहस नहीं हो रही है। उन्होंने वरिष्ठ विधायक शांति धारीवाल को कहा कि आप सीनियर है, आपको शिक्षा देनी चाहिए। सदन की गरिमा को बनाए रखना हम सभी का काम है। यहां पक्ष-विपक्ष बाद में है, पहले सदन की मर्यादा का ख्याल रखना जरूरी है।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दीया कुमारी को टोकते हुए कहा कि, सदन की परिपाटी रही है कि बजट भाषण पढ़ा जाना चाहिए। आपको दिल्ली से जो लिखकर आया है, उसे पढ़िए। टिप्पणी मत कीजिए।

## विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**जयपुर (विसं)।** राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा के प्रथम सत्र को गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। गुरुवार को विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भजन लाल सरकार का पहला बजट पेश किया गया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने अंतरिम बजट सदन में पेश किया गया। इसके बाद लेखानुदान संबंधी प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके बाद विधायी कार्य किए गए।

**आम सूचना**
मैं सुमन भार्गव धर्मपत्नी स्व. श्री टी. एन. भार्गव निवासी 124/27, आवासन ..., मानसरोवर, जयपुर की रहने वाली हूं, मेरे दो पुत्र रोहित भार्गव व विकास भार्गव व उनकी पत्नी प्रीति भार्गव व गीता भार्गव मेरे कहने में नहीं है। मेरे पुत्र व पुत्रवधू मेरे साथ दुर्व्यवहार करते हैं। इसलिए मैं अपने पुत्रों व पुत्रवधुओं को मेरी सम्पत्ति से बेदखल करती हूं, मेरी सम्पत्ति में इनका कोई हिस्सा नहीं है। आज के बाद कोई भी व्यक्ति, फर्म या संस्था इन दोनों से कोई लेनदेन करता है तो उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सुचित रहे।
भवदीय
सुमन भार्गव

**आम सूचना** मेसर्स यश रीफ्रैक्टरीज भागीदार फर्म के भागीदार श्रीमती गुंजन खण्डेलवाल पत्नी श्री अमित खण्डेलवाल दिनांक 31 अक्टूबर 2023 से स्वच्छा से रिटायर हो गई है। अमित खण्डेलवाल (भागीदार) फर्म यश रीफ्रैक्टरीज पता- 402 उन्नति टावर, सेन्ट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.)

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-16057 दिनांक-02.02.2024
**जाहिर आम-सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/भूखण्ड संख्या 32/378 (MIG-B) ... [illegible]
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**खोया-पाया**

मेरे आवास संख्या 263/873 प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल डिमांड पत्र कहीं गिर/गुम गया है मिलने पर सूचित करें-पूजा-9413780346

श्रीमान जी मेरे भूखण्ड सं. ए-20, का सोसाइटी पट्टा जो कि गणेश नगर-ए श्री गणेश गृह निर्माण सहकारी समिति था जो कि कहीं खो गया है सूचित करें- मधु गुप्ता मो. 9414932535

मैं, चन्द्रकांता टांक पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार टांक, प्लाट संख्या ए-15, अशोक विहार, मालवीय नगर, जयपुर का मूल स्वामित्व पत्र, साइट प्लान, रसीद और पावर ऑफ अटोर्नी मालवीय नगर जयपुर में खो गये है। मिलने पर कृपया 6350262248 पर कॉल करें।

जविप्रा की योजना लाल कोठी जयपुर प्लाट नं. एच-5 की वसीयत कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें। मो.नं. 9910106616 राहुल गुप्ता

मेरा एक प्लाट का पट्टा जिसका प्लाट नं. 53 श्री कृष्णा कुंज 5 किशनपुरा में है जिस में कार आदर्श निर्माण सहकारी समिति लि. का पट्टा है मेरे मकान जो 48-ए, ग्रीन सिटी 4TH सरना डूंगर से साफ सफाई करते समय गुम हो गया किसी को मिले तो कृपया 9571985540 इस नं. पर सूचना करें।

दी कृष्णा को आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की योजना VKI सीकर रोड़ जयपुर का प्लांट नं.- 18 के सोसायटी पट्टा, साईट प्लान, रसीद खो गई है। सूचित करें :- चन्द्र प्रकाश मो. 9460942205

**आम सूचना**
मेरे अभिभाष्य श्रीमती शीलू काला पत्नि श्री दिनेश काला निवासी 69/370, वी. टी. रोड, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान) की ओर से आम सूचना दिया जाकर प्रकाशित करवाई जा रही है- कि मेरे अभिभाष्य मकान नम्बर 69/384, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर को श्री चन्द्रजीत सिंह पुत्र स्व: श्री सतीश कुमार एवं श्रीमति कृष्णा पत्नि स्व: श्री सतीश कुमार निवासी 214-A, सराय इसयण, पोलिस लाइन के सामने, वार्ड नम्बर 4, नारनौल, महेन्द्रगढ़, (हरियाणा) से खरीद/क्रय करने का इकरार किया है। जिस किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी अथवा अन्य कोई जिसे इस विक्रय इकरार से आपत्ति हो या किसी प्रकार का वाद विवाद हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेजात सम्पर्क करें अन्यथा 7 दिवस पश्चात् उक्त विक्रय इकरार नामे की अनुपालना में मेरी अभिभाष्य उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र समक्ष रजिस्ट्रार में निष्पादित करवा लेगी तथा सभी आपत्तियां/आक्षेप अमान्य व मेरी अभिभाष्य के अधिकारों के समक्ष शून्य रहेगी। सनद रहे इति दिनांक 09.02.2024
अशोक चौधरी (एडवोकेट), मो. : 9414300866

# चीनी-गुड़ से मंडी टैक्स और लैण्ड टैक्स खत्म

**जयपुर (विसं)।** भजनलाल सरकार ने अपना पहला अंतरिम बजट गुरुवार को पेश करते हुए चीनी-गुड़ से मंडी टैक्स और लैंड टैक्स खत्म किया है। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने 4 महीने के लिए अंतरिम बजट पेश किया। इसमें सिर्फ चीनी-गुड़ सस्ता किया गया है। इन दोनों वस्तुओं पर लगने वाला मंडी टैक्स सरकार ने खत्म कर दिया है। इसके अलावा, भूमि कर (लैण्ड टैक्स) समाप्त कर किया गया है। हालांकि पेट्रोल-डीजल को लेकर किसी तरह की राहत नहीं दी गई है।

- लोगों को पेट्रोल-डीजल के भाव घटने की उम्मीद थी, हालांकि सरकार ने इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि राजस्थान सरकार ने गुड़ और चीनी पर मंडी टैक्स खत्म किया गया है। हमारा संघ पिछले लंबे समय से सरकार से इस टैक्स को कम करने की मांग कर रहा था। इसे पूरा कर सरकार ने न सिर्फ हमारे संघ की मांग को पूरा किया है, बल्कि आम जनता को भी बड़ी राहत दी है।

बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में अब तक गुड़ और चीनी पर 1.60 प्रतिशत मंडी टैक्स (उदाहरण के तौर पर 100 रुपए पर 1.60 रुपए) लग रहा था। इसे सरकार ने समाप्त कर दिया है। ऐसा होने से वर्तमान में चीनी और गुड़ की कीमतों में कमी आएगी।

इसके अलावा सरकार ने 19 नवंबर 2019 को लैण्ड टैक्स लागू किया था। अब सरकार ने इसे समाप्त करने की घोषणा की है। यह लैण्ड टैक्स 10 हजार स्क्वायर मीटर या उससे ज्यादा भूमि पर वसूला जाता था। इसे हटाने से सीधे तौर पर आम जनता को तो राहत नहीं मिलेगी, इंडस्ट्रियलिस्ट या फिर बिल्डर को सीधा फायदा होगा। क्योंकि 10 हजार स्क्वायर मीटर काफी बड़ी जमीन होती है, जो आम जनता नहीं खरीदती है। हालांकि इंडस्ट्री सेक्टर में काम करने वाले लोगों को इससे फायदा मिलने की उम्मीद है। अलग-अलग मद में अलग-अलग टैक्स वसूला जाता था, जो अब नहीं वसूला जाएगा। अंतरिम बजट में सबसे ज्यादा उम्मीद पेट्रोल और डीजल पर वैट कम होने की थी। माना जा रहा था कि भजनलाल सरकार पेट्रोल और डीजल पर लग रहे वैट की दर को कम करने को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा कर सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजस्थान में देश के दूसरे राज्यों की अपेक्षा पेट्रोल और डीजल पर अधिक वैट वसूल किया जाता है। राजस्थान में पेट्रोल पर 31.04 प्रतिशत वैट है और 1.5 रुपए प्रति लीटर रोड डेवलपमेंट सेस भी वसूला जाता है। इसी तरह डीजल पर 19.30 प्रतिशत वैट और 1.75 रुपए प्रति लीटर रोड डवलपमेंट सेस वसूल किया जाता है, जो अन्य राज्यों की अपेक्षा काफी ज्यादा है।

## राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**जयपुर।** राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 8 फरवरी से आरंभ हो गयी है। मुख्य निवार्चन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 फरवरी तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया के लिए राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सुरेश चंद पारीक को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक विधानसभा में जमा किए जा सकते हैं।

**नाम परिवर्तन**

विवाह पश्चात मैंने अपना नाम मीनल शर्मा से बदलकर मीनल चतुर्वेदी पत्नी अर्णव चतुर्वेदी रख लिया है भविष्य में मुझे मीनल चतुर्वेदी नाम से जाना जावें। पता ए-218, अहिल्या मार्ग, हनुमान नगर, जयपुर राजस्थान-302021

मैंने अपना नाम अंजु से बदलकर अंजु कुमारी पत्नि प्रेमचन्द चौधरी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। मेरा पता समस्त गांव दिलोई दक्षिण पोस्ट बिसाऊ जिला झुंझुनूं राजस्थान है।

मेरा नाम Dilip Singh पुत्र Shir Hanuman Singh है। मेरी कक्षा 10वीं की अंकतालिका में नाम Dileep Singh अंकित है जो गलत है जो बदलकर Dilip Singh Rathore रख लिया है भविष्य में मुझे Dilip Singh Rathore के नाम से जाना जावें। पता-95, अग्रसेन नगर, बडी का बास, सांगानेर, जयपुर।

मैंने अपना नाम राम सिंह से बदलकर राम सिंह भण्डारी पुत्र स्व. श्री अलेल सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। जी-815, गांधीनगर, जयपुर (राज.)

I have Changed my Name from Yash Sharma S/o Shri Madan Lal Sharma R/o T-159, Ashiana Utsav, Kalwar Road, Jaipur, Rajasthan 302012 to Yash Pal Sharma for all future purposes. vide affidavit dated 4th Feb. 2024 under notary public Jaipur.

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**सं.ईएल/118/21आर, 64/2023-24/डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक: 07.02.2024** मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। **1. एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/21आर/2023-24 **कार्य का नाम:** JP Div.: Provision of 08Nos. Escalator at Khatipura Station (Electrification of Escalator only) **अनुमानित लागत:** 21,11,484 **बयाना राशि:** 42200/- **निविदा खोलने की तिथि :** 29.02.2024 **2. एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/64/2023-24 **कार्य का नाम:** Provision of individual MPCB for water pumps and shifting of its controller to onboard in set of panels for LHB Non-AC/ EOG coaches. **अनुमानित लागत:** 617934.60 **बयाना राशि:**12400/- **निविदा खोलने की तिथि:** 29.02.2024 **नोट: ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in 170-AC/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करे

प्रपत्र संख्या-7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 50/2024
चूंकि श्री मोहन लाल बाधवानी पुत्र श्री किशन चन्द निवासी 3/6 एस.एफ.एस. पी.एन.बी. बैंक के पास, मानसरोवर जयपुर-302020 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत भारतीय सिन्धु सभा राजस्थान न्यास मधुकर भवन बी-19, न्यू कॉलोनी एम.आई. रोड जयपुर-302001 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 06.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15.04.2024
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 के किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र
न्यायालय समक्ष किराया अधिकरण क्रम-1, जयपुर महानगर, प्रथम, जयपुर (राजस्थान)
मूल अर्जी संख्या 275/ 2019
**श्री राम भवन धर्मशाला विरुद्ध श्रीमती फुली देवी**
नाम- श्रीमती फुली देवी पुत्री स्वर्गीय श्री जेठा राम रफुगर, वयस्क, निवासी- प्लाट नं. 22, मंगल विहार कॉलोनी, माताजी के मन्दिर के पास, आदर्श नगर, जयपुर।
प्रार्थी ने आपके विरूद्ध किराये के पुनरीक्षण/ बेदखली के लिये राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 15 माह 03 सन् 2024 को 10.30 ए.एम. बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंज्ञात (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंज्ञात हो सकते है। जिसको सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हो, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबंद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हैं तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्योरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जावे। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें, और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावे। आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी। आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री गिरधारी लाल शर्मा, चेम्बर नं. 173, सिविल कोर्ट केम्पस, बनीपार्क, जयपुर 9982222408 को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजो व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंज्ञात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 03.02.24 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है। **आज्ञा से**
मुहर
**रीडर**
**किराया अधिकरण क्रम-1**
**(अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश संख्या-1)**
**जयपुर महानगर प्रथम**

**कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
हवामहल के पीछे, पुराना पुलिस मुख्यालय, बडी चौपड, जयपुर
क्रमांक :- एफ8( )/उपा.गै./जननि/2023/595 दिनांक :- 05/02/2024
**ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 47/2023-24**
निगम के वाहनो के विविध कार्यो एवं सामान आपूर्ति का कार्य हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.jaipurmcheritage.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in** पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के **UBN No. JMC2324WSOB01448** देखी जा सकती है।
उपायुक्त (गैराज)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
राज.संवाद/सी/23/12801

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**
(जलेबी चौक, बड़ी चौपड़, जयपुर)
क्रमांक :- अधि0 अभि0 (मु0) हैरिटेज/2023/633 दिनांक :- 06/02/2024
**ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 74/2023-24**
केन्द्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज के निविदादाओं से अधि0 अभि0 (मु0) द्वारा सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमाति लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट **www.jaipurmcheritage.org, eproc.rajasthan.gov.in** एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट **http;//sppp.rajasthan.gov.in** के **UBN No. :- JMC2324WSOB01459** पर भी देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियन्ता (मु0)
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
राज.संवाद/सी/23/12807

# हाईकोर्ट ने बार अध्यक्ष से मांगा स्पष्टीकरण

## वकील की मौत पर पूरे दिन न्यायिक कार्य स्थगित रखने का मामला

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ बार एसोसिएशन की ओर से वकील की मौत होने पर पूरे दिन का न्यायिक कार्य स्थगित रखने के मामले में बार अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। अदालत ने बार अध्यक्ष को कहा है कि वह शुक्रवार को इस संबंध में शपथ पत्र पेश करे। जस्टिस अनिल उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश सुरेंद्र निठारवाल की याचिका में यह तथ्य सामने आने पर प्रसंज्ञान लेते हुए दिए।

अदालती आदेश की पालना में बार अध्यक्ष हाईकोर्ट आए। उनके साथ लक्ष्मणगढ़, सीकर और नीम का थाना सहित शेखावाटी के सैंकड़ों वकील भी हाईकोर्ट पहुंचे। सुनवाई से पूर्व वकीलों ने बार अध्यक्ष को तलब करने को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रकरण का नंबर आने पर वकील अदालत कक्ष पहुंचे। सुनवाई के दौरान अदालत ने बार अध्यक्ष को लिखित जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई शाम चार बजे तक टाल दी। वहीं बाद में सुनवाई में बार अध्यक्ष की ओर से कहा गया कि बार की यह परम्परा रही है कि किसी भी अधिवक्ता के निधन पर न्यायिक कार्य स्थगित रखते हैं और इसमें न्यायिक अधिकारी भी शामिल होते हैं। इस जवाब से अदालत संतुष्ट नहीं हुई और बार अध्यक्ष को विस्तृत शपथ पत्र सहित पूरा ब्यौरा 9 फरवरी को पेश करने को कहा। गौरतलब है कि हत्या के अपराध मामले में दायर सुरेन्द्र निठारवाल की याचिका में हाईकोर्ट के ध्यान में लाया गया था कि बार ने 29 जनवरी को एक अधिवक्ता की मृत्यु पर पूरे दिनभर का न्यायिक कार्य स्थगित रखा है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सत्यनारायण के निधन पर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने गुरूवार को अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मन्दिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। शर्मा ने दिवंगत आत्मा का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। राष्ट्र सेवा में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

**तीये की बैठक**

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय श्रीमती गीता देवी धर्मपत्नी श्री रंगलाल श्रीमाल का निधन 06.02.2024 को हो गया है। तीये की बैठक (शुक्रवार) 09.02.2024 को दोपहर 2 से 3बजे तक श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, कटेवा नगर, श्रीराम पब्लिक स्कूल के पास, गुर्जर की थडी, जयपुर पर होगी। शोकाकुल-सतीशचन्द, उमेशचंद (जेठ), कमलेश (देवर), नरेन्द्रमोहन, राजेन्द्रप्रसाद, मुकेश (भतीजा), अनुज (पुत्र), रियांश, विवांश (पौत्र) एवं समस्त बग परिवार। मो. 9460145667, 9828196248

हमारी पूजनीया माताजी श्रीमती सीता देवी चन्दानी धर्मपत्नी स्व. श्री राचूमल जी चन्दानी का स्वर्गवास 07.02.2024 को हो गया। तीये की बैठक (शुक्रवार) 09.02.2024 को झूलेलाल पार्क, सिन्धु नगर, नाहरी का नाका, सायं 4.00 से 5.00 बजे (जनाना-मर्दाना) को रखी गई है।
शोकाकुल-बंसीमल, कमलदास, राजेन्द्र कुमार (पुत्र), लालचन्द-मोहिनी देवी, खूबचन्द-देवकी (पुत्री-दामाद), किशनचन्द, दयालदास, कैलाश, गोपालदास, नरेश, घनश्याम दास, राहुल, मनीष, मोहित, दीपक, रवि, अंकित, भरत, जितेन्द्र (पौत्र) एवं समस्त चन्दानी परिवार। फर्म-सीमा ट्रेडर्स, गोपाल इण्डस्ट्रीज/बन्सीमल दयालदास, ए.आर. इन्फोटेक, सौगात ट्रेडर्स, मोबिक्यू। मो.नं. 9982332560, 9079911783, 9351692501, 9829362446

**नम्बर मिलाइए 9587884433**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## सूर्योदय योजना में मिलेगी 300 यूनिट फ्री बिजली

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने गुरूवार को विधानसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए 300 यूनिट तक बिजली निःशुल्क देने का ज़िक्र किया तो इसकी चर्चाएं सोशल मीडिया पर जमकर होने लगी। ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के दायरे में आने वाले लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इस योजना में देश के एक करोड़ मकानों और राजस्थान के पांच लाख मकानों पर सोलर प्लांट लगाने की योजना है।

# बजट से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिलेगी राहत : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता जनार्दन की आशाओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने बजट 2024-25 (लेखानुदान) प्रस्तुत किया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार महिलाओं, किसानों, छात्रों, व्यापारियों एवं कार्मिकों सहित सभी वर्गों को बड़ी सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के सपने को साकार करने की दिशा में इस बजट में महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं।

शर्मा गुरूवार को उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट (लेखानुदान) के संबंध में प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट राज्य सरकार के सुराज संकल्प के सपने को साकार करने वाला और प्रदेश को विकास एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर करने वाला साबित होगा। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास एवं सबका कल्याण' को केंद्र में रखते हुए इस बजट में अंतिम छोर पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को भरपूर राहत देने की ठोस पहल की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने संकल्प पत्र को राज्य सरकार के नीतिगत दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया है। संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने की दिशा में यह लेखानुदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह लेखानुदान सरकार के लिए चुनौती भरा भी रहा क्योंकि पूर्ववर्ती सरकार के फैसलों से प्रदेश पर कर्ज भार बढ़कर दोगुना हो गया है। हमारी सरकार सूझ-बूझ, दूरदर्शिता और कुशल वित्तीय प्रबंधन से प्रदेश की आर्थिक प्रगति की नई इबारत लिखेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और राजस्थान की जनता के सपनों को साकार करने वाला बजट है। इस समावेशी बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट में दी गई सौगातों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।

# कांग्रेस ने लेखानुदान बजट को दिशा हीन, विजन विहीन व घोर निराशाजनक बताया

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती न करके लोगों के भरोसे को तोड़ा : पायलट

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस नेताओं ने राजस्थान की वित्त मंत्री की ओर से प्रस्तुत लेखानुदान को लेकर कहा है कि यह मोदी की गारंटी फेल करने वाली पहल है।

- किसान, युवा, महिलाएं समेत हर वर्ग ठगा महसूस कर रहा है : डोटासरा

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने बजट को लेकर कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा आज पेश किए गए लेखानुदान में प्रदेश की जनता को निराशा ही हाथ लगी है। किसानों के सशक्त एवं सुनहरे भविष्य के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा अन्नदाताओं के लिए एक अलग बजट पेश किया गया था, जिसे भाजपा सरकार द्वारा खत्म कर दिया गया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कटौती न करके लोगों के भरोसे को तोड़ा गया है। युवाओं के रोजगार, महिला सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बढ़ती मंहगाई जैसे आमजन से जुड़े विषय पर ठोस घोषणा इस बजट से नदारद दिखाई दी।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान की वित्त मंत्री द्वारा पेश लेखानुदान में प्रदेश के लिए विजन की बजाय पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप ही दिखाई दिए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार पर कर्ज 2 लाख करोड़ बढ़ गया ,पर मैं उनकी जानकारी में लाना चाहूंगा कि भारत सरकार पर यूपीए सरकार के समय 2014 तक 55 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो 2023 तक 106 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 161 लाख करोड़ रुपये हो गया है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान सरकार के सभी फाइनेंसियल इंडिकेटर भारत सरकार से बेहतर रहे हैं। राजस्थान की स्टेट जीडीपी 2018 में करीब 9 लाख करोड़ थी जो 2023 में लगभग 15 लाख करोड़ रुपये हो गई एवं राजस्थान आर्थिक विकास दर में उत्तर भारत में नंबर 1 और देश में नंबर 2 तक पहुंचा। गहलोत बोले कि लेखानुदान से राजस्थान की भाजपा सरकार ने ''मोदी की गारंटी'' की हवा निकाल दी है, क्योंकि मोदी ने चुनाव में राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें गुजरात और यूपी जैसे पड़ोसी राज्यों के समान करने की गारंटी दी थी, पर आज लेखानुदान में इसका जिक्र तक नहीं किया गया है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बजट को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि राजस्थान का अंतरिम बजट वित्त मंत्री दिया कुमारी ने जिस प्रकार सदन में पढ़ा, उससे यह लगता है कि यह अंतरिम बजट राजस्थान की कैबिनेट के बजाय दिल्ली से सीधा भेजा गया है। यह पूर्ववर्ती सरकार पर मिथ्या आरोपो से भरा हुआ, भ्रम फैलाने वाला एवं दिशाहीन बजट है। यह केवल चुनावी एजेंडा मात्र है।

**फिनग्रोथ को-ऑपरेटिव बैंक लि.**
(पूर्ववर्ती दी अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. जयपुर)
प्रधान कार्यालय- ''परिजातक'', न्यू कॉलोनी, एम.आई. रोड जयपुर 302001
**बैंक लॉकर खुलवाने / तुडवाने हेतू सूचना**

बैंक अपने सांगानेर, स्टेशन रोड, सुदर्शनपुरा, जौहरी बाजार, मालवीय नगर एवं बापू नगर शाखा जयपुर के निम्न लॉकर धारको को सूचित करता है कि आपका लॉकर किराया कई वर्षों से बकाया चल रहा है इस सम्बन्ध में बैंक द्वारा उपलब्ध पते पर अनेको बार बकाया किराया जमा कराने हेतु सूचना भेजी जाती रही है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आपसे अनुरोध है कि आज से 15 दिन की अवधि मे अपनी सम्बन्धित शाखा से सम्पर्क कर बकाया राशि जमा करावें अन्यथा नियमानुसार आपके आंवटित लॉकर को तोडकर उसमे रखे सामान (यदि कुछ हो तो) से किराया खर्चे एवं ब्याज की वसूली की जावेगी एवं वसूली अपर्याप्त होने पर शेष राशि की वसूली हेतू कानूनी कार्यवाही भी की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

| | लॉकर संख्या | लॉकर धारक का नाम एवं पता | बकाया किराया |
|---|---|---|---|
| सांगानेर | 1 | नाथी देवी पत्नी श्री राधा किशन महाराजो का मौहल्ला, राजकीय डिस्पेन्सरी के पास, सांगानेर, जयपुर 302029 | 10432/- |
| | 31 | नानगराम एवं हनुमान सहाय मेडतवाल बौहरो का मौहल्ला, राधा बल्लभ मार्ग, सांगानेर, जयपुर 302029 | 13432/- |
| | 16 | हरि नारायण सैनी श्री राम बीज कम्पनी, तहसील के सामने, सांगानेर, जयपुर 302029 | 8629/- |
| | 21 | बालचन्द छीपा एवं बनवारी लाल गणेश कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर 302029 | 9632/- |
| | 27 | गुलाब चन्द प्लाट नम्बर 2, मालपुरा गेट, सांगानेर, जयपुर 302029 | 17826/- |
| | 10 | सीताराम शर्मा गाँव-लक्ष्मीपुरा, पोस्ट-विलवा, वाया शिवदासपुरा, तहसील-चाकसू, जयपुर 303903 | 9632/- |
| | 11 | नरेन्द्र सिंह हमीरपुर हाउस, नगर निगम रोड, सांगानेर, जयपुर 302029 | 20549/- |
| स्टेशन रोड शाखा | 287 | विधु अग्रवाल 541/2, एम०ई०एस० ऑफिसर एनक्लेव, निर्माण विहार, प्रताप लाईन्स, जयपुर | 12296/- |
| | 32 | लालू खान ए-27, शास्त्री नगर, पीतल फेक्ट्री रोड, जयपुर | 14032/- |
| | 132 | पुरूषोत्तम एम.भाटिया 427, आदर्श नगर, जयपुर | 11800/- |
| सुदर्शनपुर शाखा | 37 | तेजपाल सिंह एवं आदेश चौहान प्लाट न0 सी-46, गोविन्दपुरी, राम नगर, सोडाला, जयपुर 302019 | 13776/- |
| | 208 | श्री सुनील कुमार गुप्ता एवं सुनीता गुप्ता प्लाट न0 61 बी, श्री राम कॉलोनी. राम नगर, सोडाला, जयपुर 302019 | 14192/- |
| जौहरी बाजार | 174 | हरिश चन्द जैन, शान्ता जैन एवं संजय जैन 3755, कालो का मोहल्ला, के०जी०बी. का रास्ता, जयपुर 302003 | 10856/- |
| मालवीय नगर | 18 | बलजीत सिंह एम० आर० एन्टरप्राईसेस कटेवा भवन, एम.आई.रोड | 18214/- |
| | 111 | संगीता शर्मा एवं कृष्ण कुमार शर्मा भगवती ट्रेवल्स, पार्क स्ट्रीट, स्टेशन रोड, जयपुर 302006 | 21913/- |
| | 131 | ए०के०एल० डवल्पमेन्ट एण्ड मेनेजमेन्ट, गोपाल जी का रास्ता, दिल्ली वाली बिल्डींग, जौहरी बाजार, जयपुर 302003 | 41036/- |
| | 141 | सुनीता अग्रवाल एवं सुभाष चन्द, 26, सरती नगर, यमुना पथ, श्याम नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर 302019 | 21913/- |
| | 136 | एच.एस. चन्द्रावत एवं ब्रिज कंवर 162, अशोक विहार, गोपालपुरा फाटक, जयपुर | 21913/- |
| बापू नगर शाखा | 49 | अनिश एवं शालिनी गोयल प्लाट न0 288, जेम्स डिफेन्स कॉलोनी, ड्रिम डेकोर, बिग बाजार के पास, वैशाली नगर, जयपुर 12 | 7729/- |
| | 72 | तारा देवी एवं सुरेश कुमार जालान टेगोर पब्लिक स्कूल के सामने, शास्त्री नगर, जयपुर 16 | 14379/- |
| | 90 | सुशील कुमार शर्मा एवं लक्ष्मी शर्मा प्लाट न० 1, रामानन्द नगर, लाल बिग्गी के पीछे, अलवर 301001 | 8629/- |

# रिश्वत लेते तहसील कार्यालय का सहायक कर्मचारी गिरफ्तार

## विवादित भूमि के संबंध में स्टे लगवाने की एवज में परिवादी से रिश्वत मांगी



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भरतपुर टीम ने आरोपी सहायक कर्मचारी ( गोले में ) को गिरफ्तार किया।

- अन्य एक कार्मिक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है
- इसी मामले में एक अधिवक्ता से भी एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है

**भुसावर, (निसं)।** कस्बा भुसावर के तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भरतपुर टीम ने विवादित भूमि के संबंध में स्टे लगवाने की एवज में परिवादी से 11 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के सहायक कर्मचारी सुरेश चन्द को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य एक कार्मिक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। इसी मामले में एक अधिवक्ता से भी एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है और गिरफ्तार किये गये सहायक कर्मचारी के आवास और अन्य ठिकानों की तलाश की जा रही है। तहसील कार्यालय पर हुई एसीबी की इस कार्रवाई के बाद कार्मिकों में हड़कंप मच गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की भरतपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी विवादित भूमि के संबंध में स्टे लगवाने की एवज में उपखण्ड अधिकारी कार्यालय का सहायक कर्मचारी सुरेश चन्द एवं एक अन्य कार्मिक जसबंत 11 हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी भरतपुर इकाई टीम द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर गुरूवार को मय टीम के साथ ट्रेप कार्रवाही की गई। जहां परिवादी द्वारा आरोपी कर्मचारी सुरेशचंद को दी गई 11 हजार रूपये की रिश्वत राशि के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

अमित सिंह ने बताया कि आरोपी कार्मिक द्वारा परिवादी से रिश्वत प्राप्त कर अधिवक्ता चन्द्रशेखर को रिश्वत राशि में से 5 हजार रूपये दे दिये, जो मौके से बरामद किये गये हैं। इस संबंध में अधिवक्ता चन्द्रशेखर से पूछताछ कर जांच की जा रही है। वहीं आरोपी कार्मिक जसवंत मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश में टीम जुट गयी है। वहीं आरोपी कर्मचारी सुरेश को गिरफ्तार कर टीम अपने साथ ले गयी और प्रकरण दर्ज कर कार्रवाही की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के आवास एवं ठिकानों पर तलाशी जारी है।

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की डी.पी.सी. सम्पन्न

- बैठक में 10 जिलों जयपुर, भरतपुर, नागौर, उदयपुर, सवाईमाधोपुर, मुम्बई, अजमेर, जोधपुर, धौलपुर एवं करौली के 26 अधिकारियों को पदोन्नति दी गई
- इनमें एक अतिरिक्त निदेशक, 5 संयुक्त निदेशक, 7 उपनिदेशक एवं 13 सहायक निदेशक शामिल है

**अजमेर, (कासं)।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक बुधवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य प्रो. अयूब खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के 26 अधिकारियों एवं एक वरिष्ठ निजी सचिव को पदोन्नति दी गई।

लोक सेवा आयोग में सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा वी.सी. के जरिए शामिल हुए। सदस्य सचिव के रूप में आयुक्त सुनील शर्मा एवं कार्मिक विभाग के प्रतिनिधि के रूप में पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के उप महानिरीक्षक रामचन्द्र उपस्थित रहे। बैठक में 10 जिलों जयपुर, भरतपुर, नागौर, उदयपुर, सवाईमाधोपुर, मुम्बई, अजमेर, जोधपुर, धौलपुर एवं करौली के 26 अधिकारियों को पदोन्नति दी गई। इनमें एक अतिरिक्त निदेशक, 5 संयुक्त निदेशक, 7 उपनिदेशक एवं 13 सहायक निदेशक शामिल है। एक वरिष्ठ निजी सचिव को भी पदोन्नति दी गई है। दो साल से अटकी पदोन्नति होने से विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों में खुशी की लहर है। सूचना एवं जनसम्पर्क कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. अयूब खान का आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में इससे पूर्व अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी से प्रशासनिक अधिकारी के चार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के 12, वरिष्ठ सहायक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 24 एवं कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक स्तर के 49 पदों की डीपीसी भी सम्पन्न हो चुकी है। विभाग में कुल 116 अधिकारियों व कार्मिकों की डीपीसी हुई है।



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को विधानसभा में देश की पहली महिला शहीद भारतीय नौसेना अधिकारी ले. किरण शेखावत का चित्रकार चन्द्र प्रकाश गुप्ता द्वारा तैयार तैलचित्र ( पोट्रेट ) उनके पिता विजेन्द्र सिंह शेखावत व परिवारजनों को भेंट किया। गुप्ता राजस्थान के ऐसे पोट्रेट कलाकार हैं जिन्होंने पिछले 25 वर्षों से निरन्तर राजस्थान के शहीदों के परिजनों को शहीद का तैलचित्र ( पोट्रेट ) बनाकर भेंट कर रहे हैं। गुप्ता ने अब तक 350 से अधिक शहीदों के पोट्रेट ( तैलचित्र ) बनाए हैं। इस अवसर पर संतोष कंवर, संदीप शेखावत, लक्ष्मी राठौड़ व मास्टर निंशात सिहं भी मौजूद थे। ज्ञात रहे कि झुंझुनू जिले की खेतड़ी तहसील की सेफ़रगुवार गांव निवासी शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत गोवा तट पर 24 मार्च 2015 को डोर्नियर दुर्घटना में शहीद हो गई थी।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक सस्पेंड

- शिक्षक पर छात्रा ने छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए थे
- छात्रा के न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज

**किशनगढ बास, (निसं)।** नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड के मामले में शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते शिक्षक सतीश कुमार चौधरी को सस्पेंड कर मुख्यालय बाडमेर सम सीबीओ ऑफिस के आदेश किए हैं। वहीं पीड़िता छात्रा के न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 में कलमबंद बयान दर्ज किए गए हैं। पोस्को एक्ट के तहत शिक्षक सतीश कुमार को गिरफ्तार कर पुलिस मामले में जांच कर रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन ने बताया कि एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ प्रकरण में डायरेक्टर शिक्षा विभाग जयपुर को रिपोर्ट भेज दी गई है। डायरेक्टर ने विभागीय करवाई करते हुए शिक्षक सतीश कुमार चौधरी को सस्पेंड कर मुख्यालय बाड़मेर सम सीबीओ ऑफिस के आदेश दिए हैं। कोटकासिम सीबीओ के निर्देशन में दो प्रधानाचार्य की जांच कमेटी गठित की गई है। जांच कमेटी पूरे मामले की जांच कर विभाग को भेजेगी।

पुलिस ने विद्यालय पहुंचकर प्रिंसिपल अनिल अग्रवाल से मामले में पूछताछ की और लैब का अवलोकन किया। विद्यालय में लगे कैमरे चालू नहीं है और ना लेब रूम में केमरा लगा हुआ है। इस दौरान किशनगढ़ बास शिक्षा विभाग सीबीओ भारतभूषण शर्मा भी जांच करने पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि बुधवार को विद्यालय में 12वीं क्लास की छात्रा के साथ शिक्षक के द्वारा छेड़छाड़ किए जाने व प्रायोगिक परीक्षा में नंबर दिए जाने के लिए गलत दबाव बनाने को लेकर विद्यालय में हंगामे के बाद छात्र की ओर से पुलिस को शिक्षक के खिलाफ शिकायत दी गई थी।

# फोटो खिंचवाने फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर हाईकोर्ट पहुंचा युवक

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के नया हाईकोर्ट परिसर में मुख्य न्यायाधीश के आगमन पर एक युवक उनके मिलने की चाह में फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर पहुंच गया। उसका सोचना था कि चीफ जस्टिस को गुलदस्ता भेंट कर फोटो खिंचवाएगा। मगर उसके परिसर में घूमने की गतिविधि संदिज्ध लगने पर आरक्षक ने उसे पकड़ा और दस्तावेज चैक किए तो वह फर्जी मिले। इस पर उसे बाद में फर्जीवाड़े आरोप में पकड़ कुड़ी भगतासनी पुलिस को सौंप दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और अब उससे फर्जी नियुक्ति कब और कहां से बनवाया गया, इस बारे में पता लगाया जा रहा है।

एसीपी नरेंद्र दायमा ने बताया कि न्यू हाईकोर्ट परिसर में एक संदिग्ध युवक को वहां घूमते देख कर एफ कंपनी प्रथम बटालियन के आरक्षक सुखराम ने उसे पकड़ लिया। पकड़े जाने वाले युवक ने खुद को झोटड़ा सांचोर हाल कुड़ी भगतासनी, सेक्टर 6 कंप्यूटर सेंटर के पीछे का रहने वाला सुरेश पुत्र मांगीलाल विश्नोई होना बताया। इस पर घूमने का कारण पूछने पर बताया कि वह हाईकोर्ट में लिपिक पद पर लगा हुआ है। तब उसके द्वारा बताया नियुक्ति पत्र फर्जी प्रतीत होने पर कुड़ी पुलिस को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। एसीपी दायमा ने बताया कि युवक सुरेश विश्नोई को धोखाधड़ी में गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता लगा कि वह चीफ जस्टिस के साथ फोटो खिंचवाना चाहता था। पुलिस को अंदेशा है कि वह फोटो खींचने के बाद उसका गलत इस्तेमाल भी कर सकता था। उसने फर्जी नियुक्ति पत्र कब और किससे तैयार करवाया इस बारे में जांच की जा रही है।

# करोना से माता-पिता को खोने वाले बच्चों को सरकारी नौकरी मिलेगी

- अनुकम्पात्मक नियुक्तियां पे मैट्रिक्स के लेवल 9 तक के पदों पर देने के आदेश जारी

**बीकानेर, (निसं)।** ऐसे अनाथ बच्चे भी ऐसी नियुक्ति के पात्र होंगे, जिनके माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु कोरोना से 31 मार्च 2023 से पूर्व हो गई हो तथा दूसरे की मृत्यु 31 मार्च 2023 को या इससे पहले इसी वजह से हो गई हो। वे इस अनुकंपात्मक नियुक्ति के पात्र होंगे।

राज्य सरकार ने कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चों को अनुकम्पात्मक नियुक्तियां देने के लिए राजस्थान विभिन्न सेवा (प्रथम संशोधन) नियम 2024 जारी किए हैं। कार्मिक विभाग ग्रुप 2 के संयुक्त निदेशक जय सिंह की ओर से जारी आदेशों में कोविड 19 से अपने माता-पिता दोनों को खोने वाले अनाथ बच्चों को अनुकम्पात्मक नियुक्तियां पे मैट्रिक्स के लेवल 9 तक के पदों पर देने के आदेश जारी किए हैं। राजस्थान विभिन्न सेवा नियम प्रथम संशोधन 2024 के अनुसार, जिन बच्चों ने 31 मार्च 2023 तक कोरोना से अपने माता पिता को खो दिया है वे अनुकंपात्मक नियुक्ति के पात्र होंगे। ऐसे अनाथ बच्चे भी ऐसी नियुक्ति के पात्र होंगे, जिनके माता या पिता में से किसी एक की मृत्यु कोरोना से 31 मार्च 2023 से पूर्व हो गई हो तथा दूसरे की मृत्यु 31 मार्च 23 को या इससे पहले इसी वजह से हो गई हो। वे इस अनुकंपात्मक नियुक्ति के पात्र होंगे। ये नियुक्तियां राज्य के 63 विभिन्न विभागों में की जा सकेंगी, जिसकी सूची कार्मिक विभाग की ओर से जारी की गई है। पात्र तथा योग्यता रखने वाले आवेदकों को अपने जिले के कलक्टर को आवेदन देने होंगे। जिला कलेक्टर अपने अधीनस्थ विभागों में पे मैट्रिक्स के लेवल 9 तक के रिक्त पदों के लिए आवेदन लेंगे। उनके जिले में पद रिक्त नहीं होने पर आवेदन अपने संभागीय आयुक्त को भेजेंगे। संभागीय आयुक्त अपने अधीनस्थ जिले में पद रिक्त नहीं होने पर कार्मिक विभाग को प्रकरण भेजेंगे। आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए।

नियुक्ति के समय कंप्यूटर टंकण परीक्षा पर जोर नहीं दिया जाएगा, लेकिन आवेदक को तीन साल में यह परीक्षा पास करनी होगी। बेंचमार्क दिव्यांगता वाले आवेदक को टंकण से छूट रहेगी। अनाथ अभ्यर्थी के कुटुंब का कोई भी व्यक्ति किसी केंद्र तथा राज्य सरकार तथा इनके स्वामित्व या आंशिक नियंत्रण वाले कानूनी बोर्ड, संगठन या निगम के अधीन नियमित आधार पर पहले से नियुक्त हो, तो ऐसे अभ्यर्थी इन नियमों के तहत नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। यदि अनाथ अवयस्क होगा, तो नियुक्ति के लिए अपेक्षित आयु होने पर नियुक्ति दी जा सकेगी।

# प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दी

**पोकरण/रामदेवरा, (निसं)।** पोकरण रेलवे स्टेशन के पास बुधवार रात्रि में एक प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी।

धार्मिक स्थली रामदेवरा के रेलवे स्टेशन से करीब डेढ किलोमीटर की दूरी पर रात्रि में जैसलमेर पोकरण की तरफ से आ रही रनुजा एक्सप्रेस के आगे आकर दोनो ने अपनी जान दे दी। इस हादसे के बाद ट्रेन को रोक दिया गया और गार्ड और यात्रियों के द्वारा शव को ट्रेन में रख कर रामदेवरा रेलवे स्टेशन लाया गया। घटना बुधवार रात्रि में करीब 9 बजे की है।

रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रशासन के द्वारा रामदेवरा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद रामदेवरा पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद रामदेवरा रेलवे स्टेशन प्रशासन के द्वारा शव को रामदेवरा पुलिस को सुपुर्द किया गया। रामदेवरा पुलिस ने शव को रामदेवरा हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस दोनों मृतकों के परिजनों को सम्पर्क करने की कोशिश कर रही है।

# बदमाशों ने एस.बी.आई. का एटीएम उखाड़ा

## जाग होने और पुलिस गश्त की आवाज सुन एटीएम छोड़ भागे बदमाश



भुसावर में एटीएम उखाड़ने की वारदात के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**भुसावर, (निसं)।** थाना भुसावर के गांव निठार में एटीएम लूट के गिरोह का आतंक देखने को मिला है। जहां आधा दर्जन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों द्वारा गांव में लगे एसबीआई बैंक एटीएम को देर रात्रि में निशाना बनाते हुए उखाड़ लिया गया और गाड़ी में रखकर ले ही जा रहे थे कि जाग होने के साथ-साथ पुलिस गश्त के पहुंचने से बदमाशों के प्रयास विफल हो गए और बदमाशों को एटीएम छोड़कर भागना पड़ा।

सूचना मिलते ही थानाधिकारी विजय सिंह मीणा मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर जानकारी ली और भरतपुर से पहुंची एफएसएल एवं एमओवी टीम ने साक्ष्य जुटाये। थाना अधिकारी विजय सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात्रि करीब 2 बजे गांव निठार में एसबीआई बैंक के एटीएम को अज्ञात नकाबपोश बदमाशों द्वारा उखाड़ कर ले जाने के हुए प्रयास के बारे में सूचना प्राप्त हुई जिस पर तुरंत जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच जानकारी ली। जहां बदमाशों द्वारा एटीएम मशीन को लोहे की चौन एवं सब्बलों के दम पर उखाड़ लिया गया और उसे गाड़ी में रख ले जाने के लिए बाहर तक ले आए लेकिन एटीएम गार्ड सहित पुलिस गश्त के आ जाने से बदमाश भागने पर मजबूर हो गए जिससे एटीएम लूटने से बच गया। वहीं एटीएम गार्ड राजू ने बताया कि एसबीआई बैंक उन्हीं के घर के घेर में संचालित है। जहां उजाले के लिए बड़ी लाइट लगाई हुई है। रात्रि को बच्चे को टॉयलेट आने पर उसे लेकर जा रहा था तभी लाइट बंद दिखाई दी तो तुरंत अंदेशा हुआ और देखा तो अज्ञात बदमाश एटीएम को लेकर जा रहे थे जिस पर तुरंत हल्ला मचा दिया जिस पर बदमाश भागने पर मजबूर हो गए। उन्होंने बताया कि बदमाशों द्वारा उनके घर की लाइट और बड़ी लाइट को तोड़कर अंधेरा किया गया। उसके बाद उनके घर के गेट का और एटीएम का ताला तोड़ वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद भरतपुर से पहुंची टीमों ने साक्ष्य जुटाये हैं। बताया जा रहा है कि बदमाशों द्वारा उक्त वारदात में उपयोग ली गई कार को बल्लभगढ से चोरी किया है।

# स्विट्जरलैंड की महिला पर्यटक की होटल में मौत

**मंडावा, (निसं)।** हैरिटेज नगरी मंडावा में घूमने आई विदेशी सैलानी की मौत हो गई। मृतक विदेशी सैलानी के शव को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

- विदेशी सैलानी मंडावा में घूमने आई थी

पुलिस ने स्विजरलैंड दूतावास को मौत की सूचना दी है। झुंझुनूं ग्रामीण डीएसपी रोहिताश्व देवेंदा ने बताया कि 6 फरवरी की शाम को स्विजरलैंड की 78 वर्षीय जेनी मोरल अपने दो अन्य साथियों के साथ मंडावा के होटल में रुकी थी। आज सुबह कमरा नंबर 224 में जेनी मोरल अचेतावस्था में मिली। जिसके बाद उनके साथियों ने रिसेप्शन पर इसकी सूचना दी। रिसेप्शन ने तुरंत डॉक्टर को कमरे में भेजा। डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद मंडावा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर जानकारी ली। मंडावा पुलिस ने मृतक जेनी मोरल के शव को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतक विदेशी पर्यटक जेनी मोरल की सूचना स्विजरलैंड दूतावास को भी दी गई है। होटल मैनेजर ने रिपोर्ट दी हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**कार्यालय नगर परिषद, चौमूँ जयपुर (राज.)**

क्रमांक :- न.प.चौमूँ./विकास/2024/6614 दिनांक :- 06/02/2024

**ई-निविदा सूचना 2023-24**

नगर परिशद चौमूँ जयपुर द्वारा निम्नानुसार उल्लेखित कार्य करवाये जाने हेतु स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान, जयपुर एवं राजस्थान राज्य की अन्य नगरीय निकायों में पंजीकृत संवेदक/फर्म अपनी श्रेणी अनुसार तथा अन्य विभागों में "ए" एवं "एए" श्रेणी में (पंजीकरण नियम Appendix XVI Rule 334 Sec II.2 के अनुसार) पंजीकृत अनुभवी संवेदकों से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर NIB Code - DLB2324A8405 तथा UBN NO : DLB2324WSOB30109, DLB2324WSOB30110 ,DLB2324WSOB30113, DLB2324WSOB30115, DLB2324WSOB30116, DLB2324WSOB30117, DLB2324WSOB30118, DLB2324WSOB30119, DLB2324WSOB30120, DLB2324WSOB30121, DLB2324WSOB30122, DLB2324WSOB30123, DLB2324WSOB30124, DLB2324WSOB30125, DLB2324WSOB30126, DLB2324WSOB30127, DLB2324WSOB30128, DLB2324WSOB30129, DLB2324WSOB30130, DLB2324WSOB30131, DLB2324WSOB30132, DLB2324WSOB30133, DLB2324WSOB30134, DLB2324WSOB30135, DLB2324WSOB30136, DLB2324WSOB30137, DLB2324WSOB30138 पर डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/23/12793 आयुक्त

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (PHED) DIVISION PAOTA (KOTPUTLI-BEHROR)**

S.NO.-EE/DIV.Paota/NIT/2023-24/690-96 Date: 31.01.2024

**NOTICE INVITING TENDERS**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंार विभाग/रेल्वे इत्यादि में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं।

| NIT NO. | UBN | Amount (in Lacs.) |
|---|---|---|
| 01/2023-24 | PHE2324WSRC11888 | 7.00 |
| 02/2023-24 | PHE2324WSRC11889 | 7.00 |
| 03/2023-24 | PHE2324WSRC11890 | 4.50 |
| 04/2023-24 | PHE2324WSOB11891 | 8.82 |
| 05/2023-24 | PHE2324WSOB11892 | 5.45 |
| 06/2023-24 | PHE2324WSOB11893 | 23.53 |
| 07/2023-24 | PHE2324WSOB11894 | 28.14 |
| 08/2023-24 | PHE2324WSOB11895 | 23.52 |
| 09/2023-24 | PHE2324WSOB11896 | 8.50 |
| 10/2023-24 | PHE2324WSOB11897 | 27.59 |
| 11/2023-24 | PHE2324WSRC11898 | 5.00 |
| 12/2023-24 | PHE2324WSRC11899 | 20.00 |
| 13/2023-24 | PHE2324WSOB11900 | 14.17 |
| 14/2023-24 | PHE2324WSOB11901 | 18.70 |
| 15/2023-24 | PHE2324WSOB11902 | 16.45 |
| 16/2023-24 | PHE2324WSOB11903 | 10.69 |
| 17/2023-24 | PHE2324WSRC11904 | 15.79 |

EXECUTIVE ENGINEER (PHED) DIVISION PAOTA, (KOTPUTLI-BEHROR)

DIPR/C/749/2024


# कोटपूतली में गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा, सात गौवंश की दम घुटने से मौत

## 18 गौवंश को गौशाला को सुपुर्द किया, ट्रक चालक व तस्कर मौके से फरार



गायों को गौशाला में पुलिस कर्मी व ग्रामीणों ने सुपुर्द करवाया।

- पुलिस ने गौवंश से भरे ट्रक को चार कि.मी. पीछा करके पकड़ा

**कोटपूतली, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस गौवंश तस्करों को लेकर अलर्ट दिखाई दे रही है। बुधवार देर रात्रि कोटपूतली थाना पुलिस ने गौवंश से भरे ट्रक को चार किमी पीछा करके पकड़ा।

हालांकि ट्रक चालक व तस्कर पूतली कट के पास ट्रक को खड़ा करके अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गये। पुलिस चेतक प्रभारी छोटेलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक में 24 गौवंश भरे हुए थे। जिनमें से 7 गौवंश की दम घुटने से मौत हो गई, शेष गौवंश को पुलिस ने बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला पहुंचाया है। तस्करों को घेरने में पुलिस की पूर्व सरपंच विरेन्द्र गोठड़ी, विरेन्द्र कसाना, नरेश रावत पनियाला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रवि यादव, दलीप पहलवान, करण रावत, हवासिंह मुक्कड़, अनिल जांगल, हीरा पायला, महेन्द्र चौधरी आदि ने सहायता की।

पुलिस ने 17 गौवंशों को आरबीए 3, 5, 8, 9 एक्ट के तहत जप्त कर श्री जयसिंह गौशाला में दाखिल किया। गौशाला प्रबंधन का कहना है कि कमेटी द्वारा हमेशा इस तरह के गौवंश को गौशाला में रखा जाता है। लेकिन गौशाला में क्षमता से अधिक गौवंश है। गौशाला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश पायोनियर, मनोज गौड़ आदि पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से अतिरिक्त अनुदान दिलाये जाने की मांग की है।

# प्रदेशभर में पुलिस ने दो दिन में आठ हजार से ज्यादा बदमाशों को दबोचा

## 15809 पुलिसकर्मियों की 4483 टीमों ने बदमाशों के 17 हजार ठिकानों पर दबिश दी



**जयपुर** (कासं)। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए मंगलवार व बुधवार को प्रदेशभर में चलाये गये दो दिवसीय विशेष अभियान में 15 हजार 809 पुलिस कर्मियों की 4 हज़ार 483 टीमों ने अपराधियों के 17464 ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान 8368 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों के वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार 6 व 7 फरवरी को राज्य स्तरीय विशेष अभियान चलाया गया। डीजीपी साहू ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन की सतत निगरानी में प्रदेश भर में यह कार्रवाई संचालित की गई। उन्होंने बताया कि सभी रेंज आईजी ने समस्त कार्रवाई की मॉनिटरिंग की एवं स्थानीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फील्ड में पुलिस टीमों द्वारा कार्रवाई की गई। प्रदेश में दो दिनों तक की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 8 हजार 368 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि अभियान में प्रदेश में आर्म्स, एनडीपीएस, आबकारी एक्ट एवं हत्या, हत्या का प्रयास, लूट व डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित 737 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 5 हजार 325 स्थाई वारंटी और 140 इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की गई। अन्य प्रकरणों में वांछित 2 हजार 166 बदमाशों सहित कुल 8368 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई।

■ **पुलिस ने हथियार, नशीले पदार्थों की तस्करी व लूटपाट में शामिल 737 बदमाशों को गिरफ्तार किया**

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि दो दिवसीय अभियान के अंतर्गत कार्रवाई कर बदमाशों की धर पकड़ में उदयपुर, कोटा और अजमेर रेंज पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। उदयपुर रेंज में 1 हज़ार 528, कोटा रेंज में 1 हजार 110 एवं अजमेर रेंज में 996 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

एमएन ने बताया कि सीकर रेंज में 247, जोधपुर रेंज में 471, बीकानेर रेंज में 796, जयपुर रेंज में 642, पाली रेंज मे 539, भरतपुर रेंज में 553, बांसवाड़ा रेंज में 365, जयपुर आयुक्तालय में 634 और जोधपुर आयुक्तालय में समग्र रूप से 487 आपराधिक असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की कडी कार्यवाही की गई।

# जयपुर में नाकाबंदी जांचने के लिए डिकॉय ऑपरेशन

## जयपुर पुलिस कमिश्नर के फेक कॉल पर दौड़े पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, नाकाबंदी में मिली खामियां

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने एक कॉल के कारण पुलिस कर्मचारियों की हकीकत सामने आ गई। दरअसल, बीजू जॉर्ज ने दिन में करीब साढ़े तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर फेक सूचना देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ईस्ट और नॉर्थ जिला पुलिस को सूचना दो उनके इलाके में दो संदिग्ध कार घूम रही है। इसमें हथियारों के साथ बदमाश बैठे हुए हैं, जो शहर में बड़ी वारदात कर सकते हैं। सभी थानाधिकारी जाप्ते सहित नाकेबंदी करें। वहीं, डीसीपी भी राउंड लगाएं। इसके बाद सभी फील्ड में दौड़ पड़े।

कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर दोनों जिलों के डीसीपी मौके पर पहुंचे। नाकेबंदी शुरू की। इसके बाद जब कमिश्नर और एडिश्नल कमिश्नर में इन नाकेबंदी की जांच की तो अलग-अलग खामियां मिली। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज ने बताया कि शहर में नाकेबंदी की सूचना के दौरान पुलिस का एक्शन क्या होता है। इसे लेकर आज शहर में डिकॉय ऑपरेशन कराया गया। इस दौरान 12 से अधिक पॉइंटों पर जाकर नांकेबंदी देखी। एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने भी 15 से अधिक पॉइंटों पर नाकेबंदी देखी।

■ **बदमाशों को पकड़ने बिना पिस्टल के पहुंच गए पुलिस अधिकारी**

जॉर्ज ने बताया कि इस दौरान कई जगहों पर खामियां मिली। मौके पर जो ठीक हो सकता था। इस बारे में जाप्ते को जानकारी दे दी। मुख्य रूप से पुलिसकर्मी नाकेबंदी की सूचना के बाद फील्ड में तो आए। उन्हें पता नहीं था कि कौन सी कार को रोकना है। कुछ सीआई तो अपनी पिस्टल लेकर ही नहीं पहुंचे। कई जगहों पर अलग-अलग परेशानी थी। जैसे किसी ने बैरिकेड सही नहीं लगाए। कार की नाकेबंदी होने के बाद भी अन्य वाहनों को रोका जा रहा था। ऐसी कई कमियां मौके पर मिली। जिन पर काम करना बाकी हैं।

जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पहली बार इस तरह का डिकॉय कराया है। इसमें शहर में नाकेबंदी, पुलिस का क्विक रिस्पॉस, नाकेबंदी में तैनाती और एक्शन चैक किया गया। हालांकि कई जगहों पर डिकॉय के दौरान कमियां मिली। जयपुर कमिश्नर ने कहा कि पहली बार नाकेबंदी को चैक किया गया सभी को निर्देश दिये जाएंगे की कैसे नाकेबंदी के दौरान पुलिस की मौजूदगी होनी चाहिए। हथियारों के साथ बदमाश अगर शहर में है तो पुलिस का लाइन ऑफ एक्शन क्या होना चाहिए।

# स्वेच्छा से विवाह करने वालों को मिलेगी पुलिस की सुरक्षा

## राज्य व जिला स्तर पर पुलिस का हैल्पलाइन नंबर जारी

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में स्वेच्छा से विवाह करने वाले बालिग महिला एवं पुरूषों की सहायता एवं सुरक्षा के लिए राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

उपमहानिरीक्षक पुलिस आर्म्ड बटालियन श्वेता धनखड़ इसकी नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अत्याचार निवारण प्रकोष्ठ सिविल राइट्स जयपुर नवीता खोखर सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त है।

धनखड़ ने बताया कि बालिग पुरुष और महिला के स्वेच्छा से विवाह करने के उपरांत परिवारजन और जाति-समाज के व्यक्तियों द्वारा परेशान करने या अनुचित कार्रवाई करने पर पीड़ित युगल राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 8764871150 या उनके मोबाइल नम्बर 9413179228 एवं सहायक नोडल अधिकारी नवीता खोखर से मोबाइल नम्बर 9468952828 से सम्पर्क कर सकते है। इसी प्रकार जिला स्तर पर पुलिस कंट्रोल रूम के नम्बर और नियुक्त जिला नोडल अधिकारियों से उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जयपुर पूर्व में आरपीएस नारायण लाल शर्मा से 9530425858, जयपुर पश्चिम में आरपीएस गुरु शरण राव से 8764866933, जयपुर उत्तर में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मनोज शर्मा से 9829078087 व 8764865928, जयपुर दक्षिण में आरपीएस पूनम चंद बिश्नोई से 9530424971 सम्पर्क किया जा सकता है। वही जयपुर ग्रामीण में आरपीएस सुरेश सांवरिया से 8764869049 और 9828086778, दूदू में आरपीएस रूप सिंह इन्दा से 8764514446, कोटपूतली बहरोड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह से 8764514324 से संपर्क कर सकते है। इसी तरह खैरथल तिजारा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम लाल वर्मा से 9461151667, अलवर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा अग्रवाल से 9782359494, भिवाड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी से 8764502301, दौसा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा से 8764870050 पर सम्पर्क करें।

## सरकार ने 10 दिन के लिए तबादलों से रोक हटाई

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक आदेश जारी करके 10 दिन के लिए तबादलों से बैन हटाया है। अब सभी विभाग, निगम, बोर्डों में अपनी जरूरत के अनुसार कर्मचारियों के तबादले 10 से 20 फरवरी के बीच किए जा सकेंगे।

प्रशासनिक सुधार विभाग से जारी आदेश के अनुसार, पिछले साल 15 जनवरी से प्रदेश के सभी विभागों में ट्रांसफर-पोस्टिंग पर बैन लगा दिया था। विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बदल गई और अब बड़ी संख्या में मेडिकल हेल्थ, पीएचईडी, ट्रांसपोर्ट, यूडीएच, बिजली, फाइनेंस, पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभागों के कर्मचारियों की तबादले के लिए विधायकों के पास डिजायर आ रही है। इन आदेशों में ग्रेड थर्ड टीचर्स के ट्रांसफर नहीं होंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से अलग से ट्रांसफर नीति बनाई जाएगी। आपको बता दें कि पिछले 4 साल से ग्रेड थर्ड टीचर्स के तबादले नहीं हुए हैं।

# बालमुकुंदाचार्य ने देर रात किया भट्टा बस्ती थाने का निरीक्षण

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में बीजेपी सरकार के गठन के बाद से हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य लगातार एक्टिव हैं। अब जयपुर में हो रही पुलिसिंग की जांच करने थाने पहुंच गए। रात 12 से 3:00 बजे तक अलग-अलग थाना क्षेत्र में पहुंचे। पुलिस कर्मचारियों से जानकारी ली। दरअसल, बालमुकुंद आचार्य 4 फरवरी की रात 2 बजकर 30 मिनट पर भट्टा बस्ती थाना पहुंचे थे, जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों की हाजिरी चेक की। गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को मौके पर जाकर चेक किया। अब इस पूरे निरीक्षण का वीडियो सामने आया है।

हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने बताया कि भाजपा सरकार बनने के बाद पुलिस व्यवस्था में क्या बदलाव आया है। यह जांच के लिए मैं भट्टा बस्ती थाने पहुंचा था। मैंने सबसे पहले रात में गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों की जानकारी ली। जो जानकारी मुझे मिली थी, हकीकत में उतने ही पुलिसकर्मी गश्त पर मौजूद थे। इसके बाद मैं पुलिस थाने पहुंचा था, जहां रजिस्टर्ड से पुलिसकर्मियों की हाजिरी ली। इस दौरान वहां पूरा स्टाफ मौजूद थे। हालांकि एक पुलिसकर्मी इंचार्ज के साथ कहीं गया था। इसकी जानकारी भी मुझे मिल गई थी। यह बदलाव राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद आया है कि पुलिसकर्मी वक्त पर अपना काम मुस्तैदी से कर रहे हैं। अब तक मैं जयपुर के गलता गेट, मानक चौक और भट्टा बस्ती थाना और इस क्षेत्र में आने वाली पुलिस चौकियों का औचक निरीक्षण कर चुका हूं। आगे भी यह औचक निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि हवा महल विधानसभा में 24 घंटे मुस्तैदी के साथ पुलिस के जवान तैनात रहे।

■ **पुलिसकर्मियों की हाजिरी जांची, गश्त पर निकले कार्मिकों की जानकारी ली**

## सार-समाचार

### फॉरेंसिक नर्सिंग कार्यशाला आयोजित




**जयपुर** । फॉरेंसिक नर्सिंग में क़ानूनी अधिकार एवं पॉस्को एक्ट की विस्तृत व्याख्या के लिए ग्लोबल फाउंडेशन फॉर नर्सिंग प्रोफ़ेशन एंड सोशल सर्विसेज़ जयपुर और रामा यूनिवर्सिटी कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय फॉरेंसिक नर्सिंग कार्यशाला का शुभारंभ मदन मोहन सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकांत शर्मा ने की। डॉ. शर्मा ने फॉरेंसिक नर्सिंग में नर्सेज़ की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया और कार्यशाला के लिए 15 क्रेडिट ऑवर भी प्रदान किए। विशिष्ट अतिथि डॉ. धनंजय अग्रवाल ने पीड़ित व्यक्ति की विभिन्न फॉरेंसिक जाँचों के ऊपर प्रकाश डाला। कार्यशाला के प्रमुख स्पीकर डॉ. राकेश गोरिया जैन सागर मेडिकल यूनिवर्सिटी लुधियाना व डॉ. महिपाल सिंह एसोसियेट प्रोफेसर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पंजाब रहें। आरएनसी की तरफ़ से डॉ. पंकज सिंह व शिवराम वर्मा ऑब्ज़र्वर नियुक्त किए गए। डॉ. हेमन्त त्यागी उपाध्यक्ष ग्लोबल फाउंडेशन ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 'राज्य की वित्तीय स्थिति सुधारेगा बजट'



सीए सुधीर भंसाली

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान में भाजपा का पहला बजट जो कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किया गया। राजस्थान सीए सोसायटी के अध्यक्ष सुधीर भंसाली के अनुसार यह वित्तीय स्थिति को सुधारेगा। वित्त मंत्री द्वारा दिये गये बजट में राजस्व घाटा को कम करके 1.6 प्रतिशत राज्य के जीडीपी तक लाने का लक्ष्य जो कि पूर्व में 2.3 प्रतिशत था। इस बजट में ऋण पूर्ण भुगतान 93.76 हजार करोड़ किया जायेगा, जो कि पूर्व में 56.12 हजार करोड़ का था। इससे ऋण में कमी और ऋण प्राप्त करने की क्षमता में वृद्धि होगी। भंसाली के अनुसार राजकीय घाटा 4 प्रतिशत राज्य के जी.डी.पी. तक लाया जाना प्रस्तावित है, जो कि पूर्व में 4.3 प्रतिशत था। भंसाली ने बताया कि आर्थिक स्थिति सुधारते हुए 70 हजार युवाओं को नौकरी, वृद्धि पेंशन में बढ़ोतरी, बिजली बिल पेनल्टी माफी, नए मेट्रो रूट, किसान के सम्मान निधि में बढ़ोतरी आदि है। महामंत्री विपिन के अनुसार जनता पेट्रोल-डीजल पर वेट कम करने की आशा कर रही थी, वह पूरी नहीं हुई, लेकिन 450 रु. में गरीबों को सिलेंडर देकर राहत दी।

### अंतरिम बजट 'जीरो विजन' : खंडेलवाल

**जयपुर** । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव और जयपुर नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल के पूर्व मुख्य सचेतक गिरिराज खंडेलवाल ने राज्य के अंतरिम बजट को भजन सरकार का जीरो विजन डॉक्यूमेन्ट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट से आम जनता में निराशा है और वित्त मंत्री जो कि जयपुर शहर की विधायक हैं, वे जयपुर के लिए सिर्फ लोक-लुभावनी बातें कर सकी हैं, जयपुर के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं की है। खंडेलवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की छाया में प्रस्तुत यह चुनावी बजट अगले चार महीनों का लेखानुदान भर है। जो कई सवाल छोड़ता है। क्या सरकार चार महीने में जयपुर मेट्रो को सीतापुरा से अंबाबाड़ी से होकर विघाधर नगर ले जाने की डीपीआर तैयार करा लेगी। क्या चार महीनों में जयपुर के पास हाईटेक सिटी चिन्हित हो जाएगी। ये सिर्फ जनता को लुभाने वाली चुनावी बातें हैं।

### नर्सेज नेता ने बजट को सराहा

**जयपुर** । राज. नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी ने बजट की सरहाना करते हुए कहा कि कर्मचारियों में खुशी की लहर है। पहले ऐतिहासिक बजट से डीपीसी में दो साल की छूट दी जाएगी जिससे कर्मचारियों को प्रमोशन के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे। जीपीएफ की डिटेल ऑनलाइन होने से सहुलियत होगी। रिटायरमेंट के दिन ही पेंशन से जुड़ी मंजूरियां दी जाएगी जो की महत्वपूर्ण साबित होगी। अगले साल से आशा सहयोगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर्मचारियों के मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोतरी कर्मचारियों के लिए अच्छा कदम है।

### माफिया खान देंगी विकलांगों को प्रशिक्षण

**जयपुर**, (का.सं.)। साज ग्रुप के द्वारा भारत ब्यूटी इवेंट का आयोजन किया गया।, जिसके अंदर ब्राइडल मेकअप कंपटीशन में पूरे भारत के राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता 252 नंबर लेकर विनर बनने वाली माफिया खान जो टोंक से हैं एवं 243 नंबर लेकर द्वितीय स्थान पर रहने वाली लक्ष्मी कुमारी गुर्जर है जो अब रूप साज फाउंडेशन के साथ जुड़कर अपाहिज अपंग बच्चियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण देंगी। फाउंडेशन के मेंबर रवि राव ने बताया कि शेखावाटी ब्यूटी इवेंट 14 मार्च को होगा जिसमें माफिया व लक्ष्मी शामिल रहेंगी, इसके पश्चात जयपुर में ढूंढाड़ ब्यूटी इवेंट द्वितीय 17 मार्च को होगा।

### पार्षदों का भत्ता 10 फीसदी बढ़ाया

**जयपुर** (विसं)। प्रदेश की 230 से ज्यादा नगरीय निकायों के सदस्यों (पार्षदों) को मिलने वाली भत्ता राशि में राज्य सरकार ने 10 फीसदी बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। विधानसभा में लेखानुदान बजट पेश करते हुए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने में नगरीय निकाय व पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों का अहम योगदान होता है। सरकार आगामी साल में सभी नगरीय निकायों के पार्षदों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, मिड-डे मील के कुक और सहयोगी के साथ पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों का भत्ता 10 फीसदी बढ़ाएगी।

# बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है : रोहित कुमार जैन



सीए रोहित कुमार जैन

**जयपुर** । सीए रोहित कुमार जैन ने प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने आज सदन में जो अंतरिम बजट पेश किया, वो संपूर्ण बजट जैसा प्रतीत हो रहा है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। इस बजट मेकं महिलाओं, बालिकाओं, युवाओं, गरीब और किसान पर ज्यादा फोकस किया गया है। इस बजट में क्षेत्रीय संतुलन को भी संतुलन करने का काम किया गया है।

जैन ने कहा कि इस बजट में शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पर खर्च की राशि को बढ़ाया गया है। प्रदेश के युवाओं को 70 हजार पदों पर नई भर्तियों के माध्यम से रोजगार देने की बात कही है। गरीब, मजदूर और किसानों के बच्चों को के.जी.से पी.जी. तक निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया है। श्रमिकों को विश्वकर्मा पेंशन योजना के माध्यम से 60 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया है जिसके लिये वृक्षारोपण किया जायेगा एवं निःशुल्क पौधे वितरित करने के लिये 4 करोड़ रुपये की राशि का आवंटन किया है। राजस्थान में बढ़ती प्रदूषण की समस्या पर रोक लगाने के लिये 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की व्यवस्था की गई है। राजस्थान में बिजली का उत्पादन जो सिर्फ 50 फीसदी क्षमता पर ही हो रहा है, उसे बढ़ाने पर ध्यान देने की बात कही है।

## किसान सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**जयपुर** । कृषि विभाग ने गुरुवार को राज्यभर के किसान सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि राज्य भर में प्रभारी अधिकारियों द्वारा 95 किसान सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें 80 किसान सेवा केन्द्र संचालित व 15 असंचालित पाये गये तथा 12 कार्मिक अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित व अन्य कार्यो में लापरवाही बरतने वाले 17 कार्मिकों को नोटिस जारी किये गये। उन्होंने बताया कि समय की पाबंदी, राजकार्य में संवेदनशीलता, पारदर्शीता, प्रदेश के किसानों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने, विभागीय कार्यो की प्रगति की समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु जिलेवार प्रभारी नियुक्त कर विभागीय अधिकारियों द्वारा पूरे प्रदेश में यह निरीक्षण किया गया था।



**निर्माण नगर ई-वेस्ट विकास समिति के अध्यक्ष विमल जैन ने उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर वार्ड की समस्याओं के निराकरण की मांग रखी। विमल जैन ने बताया कि वार्ड में मुख्यत: खराब सीवर लाइन, सड़क, लाइट एवं पानी की समस्या है। इस मौके पर समाजसेवी सावंत सिंह राठौड़, राजेंद्र टांक, राहुल खुंटेटा, गजेंद्र तंवर, अंकित गर्ग, अनंत कुमार, विजय, नरेश व राजकुमार मौजूद थे।**

# सर्वांगीण विकास वाला है बजट : राजू मंगोड़ीवाला



राजू मंगोड़ीवाला

**जयपुर** । भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने भाजपा की डबल इंजन राज्य सरकार का पहला अंतरिम बजट राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में सकारात्मक एवं दूरदर्शी पहल बताया।संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दिया कुमारी ने बजट में विकसित, अग्रणी, समृद्ध एवं खुशहाल राजस्थान बनाने के विजन की शानदार शुरुआत की है, जो आगामी दिनों में धरातल पर साकार होकर प्रदेश की जनता को लाभान्वित करेगी। राजस्थान से जुड़े व वंचित क्षेत्रों में शिक्षा, चिकित्सा व प्रशासनिक तथा धार्मिक क्षेत्र में की गई घोषणा से पूर्व में लम्बित माँगो को गति मिलेगी।

मंगोड़ीवाला ने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार के पाँच साल के अंतर्कलह व ठप्प विकास से विरासत की वजह से 5.79 लाख करोड़ का बड़ा कर्जभार मिला। प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने कहा कि भाजपा की सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने की ओर अग्रसर होते हुये प्रदेश की जनता से किये वादों को पूरा करने में सतत रूप से गतिशील है। गरीबों को 450 में गैस सिलेंडर, 25 लाख परिवारों को शुद्ध जल, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत बेटी के जन्म पर 1लाख सहित 70 हजार नई सरकारी नौकरियों की घोषणा सराहनीय है। आगामी 4 वर्षों में 20 हजार गांवो में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे।

## बजट में एनर्जी सेक्टर के कायाकल्प की दूरदर्शी सोच : नागर

**जयपुर** । ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विधानसभा में गुरूवार को प्रस्तुत वित्त वर्ष 2024-25 का लेखानुदान (बजट) प्रदेश के नवनिर्माण को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सरकार के विजन को दर्शाता है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री दिया कुमारी ने सदन में जो घोषणाएं की है, वे राज्य सरकार के नीतिगत दस्तावेज आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र में लिए गए संकल्पों को साकार करने की दिशा में ठोस एवं मजबूत कदम हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कुप्रबंधन के कारण प्रदेश में बिजली कंपनियों के समक्ष जो वित्तीय संकट खड़ा हुआ है उसे दूर कर एनर्जी सेक्टर के कायाकल्प की दूरदर्शी सोच इसमें परिलक्षित होती है। नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्योदय जैसी क्रांतिकारी योजना के माध्यम से देश के एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाकर भारत को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का प्रण लिया है। राजस्थान 5 लाख से अधिक घरों में सोलर प्लांट की घोषणा के माध्यम से इसकी सफल क्रियान्विति का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के लिए प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट के गठन, प्रसारण निगम तथा बिजली कंपनियों एवं निगमों के वित्तीय ढांचे को मजबूत करने के प्रावधान किए गए हैं।

# प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5.32 करोड़ से अधिक हुई



मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश के सभी जिलों में निर्वाचन विभाग द्वारा गुरुवार को राज्य के 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन किया गया। यह सूची विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। करणपुर विधानसभा क्षेत्र की सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 13 फरवरी को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए प्रदेश में कुल 5 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं (करणपुर विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों सहित)। 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रकाशित अंतिम मतदाता सूचियों में कुल 5 करोड़ 29 लाख 68 हजार 476 मतदाता हैं, इनमें से 2 करोड़ 74 लाख 75 हजार 971 पुरूष, 2 करोड़ 53 लाख 51 हजार 276 महिला एवं 1 लाख 41 हजार 229 सेवानियोजित मतदाता सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि 18-19 साल के 15,54,604 नव मतदाता वर्ष 2023 में संपन्न विधानसभा आम चुनाव के बाद जोड़े गए हैं, जो आगामी चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन सूचियों में थर्ड जेंडर के 616 मतदाता पंजीकृत हैं। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के बाद मतदाता सूचियों में शुद्ध रूप से 2,79,366 मतदाताओं की वृद्धि हुयी है, जबकि प्रारूप प्रकाशन के बाद संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 में 5 लाख 20 हजार 807 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इस अवधि में 2 लाख 64 हजार 564 मतदाताओं के नाम विलोपित भी किए हैं। इस प्रकार शुद्ध रूप से 2 लाख 56 हजार 243 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।


वहीं जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जिले के समस्त 19 विधानसभा सीटों पर मतदाताओं की कुल संख्या 51 लाख 56 हजार 969 है। जिनमें 26 लाख 88 हजार 498 पुरुष मतदाता एवं 24 लाख 68 471 महिला मतदाता शामिल हैं।

## 'लैण्ड टैक्स खत्म करना सराहनीय'

**जयपुर** । सीआईआई राजस्थान अध्यक्ष अभिनव बंठिया ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत राजस्थान का बजट, विकसित-प्रगतिशील राजस्थान की अर्थव्यवस्था की संकल्पना को मूर्तरूप देने के संकल्प के साथ ही जीवन, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन पर केंद्रित है। बंठिया ने राज्य बजट के प्रावघानों को लेकर कहा कि सीआईआई राजस्थान की लैण्ड टैक्स की समाप्ति की बहुप्रतिक्षीत डिमांड को राज्य सरकार द्वारा स्वीकार किया गया है इसके लिए हम राज्य राजस्थान का धन्यवाद देना चाहते हैं। स्टाम्प ड्युटी एमनेस्टी के अन्तर्गत स्टाम्प ड्यूटी की माँग के प्रकरणों में ब्याज एवं पेनल्टी की शत-प्रतिशत छूट राज्य में उद्यमिता, निवेश एवं विकास को प्रोत्साहित करेगी।

## बजट ठीक-ठाक कह सकते हैं : सक्सैना

**जयपुर** (कासं)। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक, आचार्य व जयपुर के वरिष्ठ होम्योपैथ प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने 4 माह के लिए घोषित अंतरिम बजट व लेखानुदान को ठीक-ठाक को बताया। यद्यपि नौकरीपेशा व मध्यम वर्ग व्यापारियों को हमेशा की तरह ही निराश किया, फिर भी किसान, गरीबों, दलितों, महिलाओं व युवाओं के लिए कुछ अच्छी योजनाएं है।




## Chocolate Day

Rich, velvety sweetness, cocoa's delectable cousin tempts with its luscious allure, a universal favourite that transcends borders and brings joy. Many chocolate lovers would say that the history of chocolate is directly related to the history of the happiness of humans! For thousands of years, cacao beans have been enjoyed and appreciated for their incredible benefits. Originally imbibed as a bitter beverage, chocolate has had a long and rich history, eventually evolving into the 'delicious confection,' as it is known today.



#TRIED & TASTED

## Super Creamy White Chocolate Cheesecake

Guaranteed to blow you away with its luxurious texture and decadent flavour



This *baked white chocolate cheesecake* is incredibly creamy and rich, with a delicious, subtle, white chocolate flavour that will win over every one.

*White chocolate* is naturally more mellow and gentle in flavour than its dark counterparts. This does mean that this cheesecake will win over even white chocolate sceptics.

*White chocolate* does give it a more refined flavour profile and makes it even creamier. In combination with the vanilla bean paste, the result is an elegant dessert that truly couldn't be more 'luxuriously decadent.'

So, without further ado, let's have a look at how you can make the most wonderful *white chocolate cheesecake*.



### Ingredients

**For cheesecake crust:**

- 225 g (2¼ cups) finely crushed digestive biscuits
- 75 g unsalted butter, melted

**For white chocolate cheesecake filling:**

- 600 g full-fat cream cheese, room temperature
- 115 g (½ cup) full-fat plain or Greek-style yoghurt, room temperature
- 100 g (½ cup) caster/superfine or granulated sugar
- 15 g (2 tbsp) cornflour
- 1 tsp vanilla bean paste
- 3 medium eggs, room temperature
- 300 g (10.5 oz) good quality white chocolate, melted and cooled, until warm

**You will also need:**

- White chocolate shavings or fresh fruit (like raspberries or strawberries) for decoration and serving.

### Preparation

**For cheesecake crust:**

1. Adjust the oven rack to the middle position, preheat the oven to 350°F (180°C) and line an 8 inch (20 cm) springform pan with baking/greaseproof paper (make sure that you line both, the bottom and the sides of the pan).
2. Mix together the crushed digestive biscuits and melted butter, until you get a mixture resembling wet sand. Transfer the mixture into the lined springform pan and, using the flat bottom of a glass or measuring cup, compress them into an even layer with an approximately 1 ½ inch (4 cm) rim around the edge.
3. Bake at 350°F (180°C) for 10 minutes, then remove from the oven and allow to cool, until warm.

**For white chocolate cheesecake filling:**

1. Reduce the oven temperature to 285°F (140°C).
2. In a large bowl, using a balloon whisk, mix the cream cheese and yoghurt together, until smooth.
3. Mix the sugar and cornflour/corn starch together, and add them to the cream cheese mixture. Mix well until combined and smooth.
4. Add the vanilla bean paste and mix well until evenly incorporated.
5. Add the eggs, one at a time, mixing well after each addition, until smooth.
6. Add the melted white chocolate and mix well until combined and smooth.
7. Transfer the white chocolate cheesecake filling into the slightly cooled cheesecake crust and smooth out the top.
8. Bake at 285°F (140°C) for about 1 hour 10 minutes, or until the edges are fully set and slightly puffed up, and the middle is still wobbly, when you gently shake the baking pan.
9. Turn off the oven and allow the cheesecake to cool to room temperature in the turned-off oven with the oven door ajar.
10. Once cooled to room temperature, transfer the cheesecake into the fridge for at least 4 hours before removing it from the baking pan. Keep it in the fridge until you're ready to assemble/decorate.



# Too Hungry To Be Thirsty!!



I stopped at the dam and could not drive further. My eyes had welled up with tears. I could not accept this 'dry and arid state' of the bountiful *Ramgarh 'Lake.'* My heart craved for that majestic lake across which we could barely see the hill, overlooking the *Jamwa Ramgarh* village. The room, which had the sluice gates, had an abandoned look. The floor was dusty and stained with pigeon shit. I could even see the marks that the fruit bats had left behind. It mattered little, if the flood gates were open or closed. I remember the huge spanners that were used to open the gates. I wonder if they will be found today or have they too found their way to the *Raddi bazaar,* to be sold by the kilo? The marks on the pillar of the gate, showing the three occasions when the waters overflowed, are gradually fading. The pillars on the dam have been painted with large blue signboards, which, anachronistically, mention in bold white letters 'the *catchment area'* and 'the *amount of water stored.'* The details are ludicrous and yet, very painful.



Dr. Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Storyteller*

#RAMGARH

This fire has been raging in my heart for long. Recently, when I visited the area again, the embers leapt high. It was the mockery in the green signboard on the bypass that was unbearable. It was a blatant travesty of the actual situation. It pointed to the '*Ramgarh Lake.*' How can a place that has no water be called a lake? It is unconceivable that there is no water in the area which was large enough to conduct the *Asian Water Olympics* in 1982. The Japanese government had even offered to help us to make it a 'permanent water sports arena.'

As I drove down the Ramgarh road, with Shrawan and Veena Rathore from Norway, after nearly a decade, I noticed the 'development' in the region. Now, there is a series of roadside construction all the way. Roadside commercial establishments intersperse the big 'farm' houses in the area. There is early evidence of planned housing development too. The old land marks like the *Lal Niwas* have disappeared behind these newly built areas. After the turning for *Jamwa Ramgarh*, the road winds along the low hills, which were at one time densely forested with '*Palash'* (Flame of the Forest) trees. Even here, there is an evidence of construction. There are also remnants of areas earmarked by the Rajasthan Tourism Development Corporation (RTDC). They too were acquired in 1982, with the hope that many resorts could be built adjoining the majestic *Ramgarh lake*.

I remember how we would all strain to get the first sight of the lake, when we were still a few kilometres away. The first evidence of the water was the cool breeze that came from the lake on those hot summer days. Today, all that we see is shrubs on the lakebed. Herds of sheep and goats graze there. The temple stands alone, a testimony of many immersions, when the lake filled to its peak, but is now crumbling down. As I approached the main pumping station and the suction tower, I saw the devastation that these proud structures have undergone. The tower, with its two massive suction nozzles, stands high and dry away from all the forest that is the lakebed today. It stands as if to say that it is still there to be of 'service to Jaipur,' when the lake fills up. The pumping station, with its huge brass equipment, imported from Britain, now stands behind closed doors which, too, are crumbling.

I remember the smell of the machine oil and the powerful whine of the machine. All is silent today. All we can smell is the cow dung!


Lobby


our private terrace

> As I approached the main pumping station and the suction tower, I saw the devastation that these proud structures have undergone. The tower, with its two massive suction nozzles, stands high and dry away from all the forest that is the lakebed today.

The main dam area had a supplementary dam made to prevent the overflow. All these and the gates lie shut with the paint gently peeling away with time. There is a small rusty gate which turns away from the main road to go over the original masonry dam. The road was metaled at one time and now, just a gravelly surface remains. The double storey building, which was the irrigation bungalow and also our place for a night halt, is shuttered down tightly. There is no evidence of any staff there. The platform, adjoining the building was where my aunt would sit and patiently fish with a specially prepared bamboo rod, is high and dry. The waters of the lake would lick our feet with the gentle lapping. The small fish, occasionally, nibbled our toes. By the end of the day, our feet were pink and shiny.

I stopped at the dam and could not drive further. My eyes had welled up with tears. I could not accept this 'dry and arid state' of the bountiful *Ramgarh* '*Lake*.' My heart craved for that majestic lake across which we could barely see the hill, overlooking the *Jamwa Ramgarh* village. The room, which had the sluice gates, had an abandoned look. The floor was dusty and stained with pigeon shit. I could even see the marks that the fruit bats had left behind. It mattered little, if the flood gates were open or closed. I remember the huge spanners that were used to open the gates. I wonder if they will be found today or have they too found their way to the *Raddi bazaar,* to be sold by the kilo? The marks on the pillar of the gate, showing the three occasions when the waters overflowed, are gradually fading. The pillars on the dam have been painted with large blue signboards, which, anachronistically, mention in bold white letters 'the *catchment area'* and 'the *amount of water stored*.' The details are ludicrous and yet, very painful.

These derelict places give one a glimpse of the beauty of the earlier years. In the minds of the present generation, they have no value! After crossing the dam, I crossed over, to go down the steps, which marked the level of the lake. Each step had a *chiseled* measure (one foot) written on it. Today, they lie high and dry, waiting for the gentle clasp of the rising waters. A dream that seems impossible today! The earthen dam, which had been refurbished in 1982, stands alone as a testimony of broken dreams. The red stone stands had hoped to be crowded with spectators, to watch and enjoy all the boating events. Today, the only animal that sits there, are the monkeys. They roam around in a lost manner and approach any human there, with the hope that they might get some bananas from them. I recall the monkey that came and sat next to me, in a companionable manner. He just looked at me with its rheumy eyes, as if to say that he too was *pained at the state of the lake*.


Gir lion

The only icing on the devastation is the *Ramgarh Lodge*, which stills sits fully refurbished and lovingly cared for, by the Taj group of hotels. Despite the lake having dried up the place, it is an 'inviting stay away' from the dust and pollution of Jaipur city. Being barely an hour's drive makes it more attractive. Although a bit expensive, the stay is always comfortable and memorable. Our stay in the historic suites will remain as one of the 'best relaxed holiday' in the recent years. The terraces, adjoining the suites, were ideal for a private evening sessions with friends. The hotel was caring enough to send some specially prepared snacks to go with the drinks. They even offered a bonfire.

The ground floor rooms are smaller and more recent. The lobby at the entrance is a '*taxidermists dream*.' A huge number of animal heads, in good state of preservation, are mounted on all the walls and even the wooden staircase that leads to the upper floor. Nestling between huge sofas are fully mounted *tigers*, *lions* and *bear*. It was pity to see the huge standing *bear* holding a tray like a housemaid. Although, I felt unhappy about all the animals that had been shot and killed in the earlier part of the twentieth century, I could not but help admire the 'fine quality of preservation.' The Mysore firm of *Van Ingen and Van Ingen* were the best in the country.

A terraced lawn, overlooking the lakebed, was dotted with cane chairs and round tables to sit and enjoy the wintery sun. A large umbrella stood by for those who found the rays too penetrating. The swimming pool, although inviting, was abandoned because of the cold weather but the poolside tables, which were offered for private dinners on request, were well placed. In the evening, an illuminated bar was inviting. They offered all sorts of drinks which the guests carried with them to the dinner table. The buffet was luxurious. Food was excellent and often beyond the 'demands of the guest.' Being the only Indian ones, we were offered Indian culinary delights besides the continental fare. *Millet loaf* and other dishes of similar nature were a surprise addition. The breakfast was complete with a 'mix of Indian and western cuisine.' A lingering morning spent there, with large cups of tea and coffee, made an afternoon meal unnecessary.

Memories of the past kept wafting through our minds. When there was no water in *Ramgarh Lake* in the year 2000, it was attributed to scanty rains. The insidious and cleverly camouflaged depredation, caused by us humans, was not even considered as a cause. It is only when a detailed study of the situation was done later that the greed and poor planning became evident. People in power bought large pieces of 'forest land' and built institutions and resorts. There was little care taken to preserve the flow of the water leading to the lake. The dry riverbeds were used indiscriminately.

In the beginning, the idea of conservation by creating 'anicuts in the inflow stream' was considered a good idea. It would allow the nearby fields to have at least one crop and since the flow was adequate, the lake would also fill up and continue to serve and give pleasure to the citizens of Jaipur.

When the insidious development schemes of townships, resorts and farmhouses were allowed by the government, the water supply was gradually diverted and allowed to soak into the ground. These horrific changes were quickly identified but the reversal was a challenge. The vested interests were deeply rooted amongst the politicians and bureaucracy. The benefits were so much that they cared little for the public opinion. The drying up of the lake was touted as a natural phenomenon. The 'water supply for Jaipur' had long been made good by underground water sources. Finally, the water supply from *Bisalpur* covered up the deficit. *Ramgarh* was allowed to die, unmourned for long.

> When the insidious development schemes of townships, resorts and farmhouses were allowed by the government, the water supply was diverted and allowed to soak into the ground. These horrific changes were quickly identified but the reversal was a challenge.

It was the effort of some diehard conservationists who took the matter to the high court, which revived the issue of 'illegal and avaricious obstruction of the inflow stream of *Ramgarh*.' The High Court (2017) was supportive and created special investigating teams (SIT) which identified the real causes. They then passed judgments which mandated that all the 'obstructions to the stream be demolished.' Even, the Supreme Court strengthened the verdict with assertive consent. Each time, a small face-saving measure has been done. A building in the NIMS compound was demolished and a meagre fine of 20 lakhs was collected. As if this was the cure of this horrible situation! All the other constructions and obstructions to the stream, further down, were ignored. It was totally ineffectual. The committees sat and announced strong measures, only to be abandoned as time passed.

It is my dream that the new dispensation that was recently elected and is hoped to be a breath of fresh air, will have a good look at the *Ramgarh Lake* issue. The Legislature (Chief Minister Bhajan Lal Sharma), Judiciary (Chief Justice Manindra Mohan Shrivastava) and Executive (Chief Secretary Sudhansh Pant) are the new incumbents, with no burden of the past on their shoulders. A new broom has been handed over to them. Although, the efforts are likely to be focused on new projects, this golden opportunity, to bring back the beauty of the lakes that surround Jaipur, should not be ignored.

A combined nudge is all that is required! There are more than a dozen lakes, around the *Jaipur city* within a sixty kilometer distance, which too have dried up for such reasons and could be easily revived, if the desire is there. Not just *Ramgarh* but lakes, all around Jaipur. To name, just a few, The lakes of *Chandsen* and *Tordi Sagar* on the Malpura road, the large *Chhaparwara lake* near Dudu, lakes of *Sainthal* and *Kalakho* on the Agra road, are clamouring for water that has been snatched away from them. It will gladden the hearts of the citizens of Jaipur and all the tourists that visit the region. *Ramgarh Lake* needs to be revitalized. I would give them my vote forever, if they could bring the waters back into the *lakes of Jaipur.*

rajeshsharma1049@gmail.com


Pool side


Bar on the lawns on dry lake side

#TRENDS & GADGETS

# How to buy the best gaming monitor

## Get the most out of your gaming monitor

The first step in maximizing your gaming setup is to find and purchase the *best gaming monitor*. To do this, it's important to carry out your due diligence and properly research what kind of gaming monitor will best suit your needs, as well as establish your budget, and ensure that the connective methods between your monitor and gaming PC match.

This is all vital because even if you have the best gaming PC with high-end specs, if your display or cable doesn't match, then, you're not taking full advantage of your rig. Gaming monitors, when chosen carefully, can truly maximize not only graphics but how smooth the visuals are, the richness and vibrancy of your colours, the screen brightness, and more.

We've put together the best guide that is guaranteed to help you purchase the 'best gaming display' for your needs.





### Know what your needs are

Before you begin shopping for a gaming monitor, it's vital to figure out what your needs are. There are many types of monitors, with specs that work for different types of video games.

For instance, if you play first or third-person shooters online against other players, getting a gaming monitor with a refresh rate of at least 144Hz, a 27-inch display, and a resolution of 1440p (quad HD) is vital to ensure smooth and stutter-free gameplay.

But if you're a more casual player, then a 120Hz refresh rate, 24-inch display, and 1080p resolution are more than adequate specs for most games.

### Research specs, terms, and features

Other than the main specs of refresh rate, resolution, and display size, there are other metrics to look for, to ensure that you're buying the right 'gaming monitor' for you. Display panels, which display the image on the screen, have a huge impact on the quality of said image. It can also affect pricing, which means they tend to be grouped in the corresponding budget levels of monitors.

- *Twisted nematic* (TN) panels are popular in the competitive gaming world. TN panels offer high refresh rates, response times, and a low input lag. But they tend to have poor viewing angles (bad for larger sizes) and are the cheapest.
- *In-plane switching* (IPS) panels provide superior color accuracy and wider viewing angles compared to TN panels but have slightly slower response times and poorer contrast ratios. These tend to be much more expensive.
- *Vertical alignment* (VA) panels offer better reproduction and contrast ratios than TN panels while providing faster response times than IPS panels. However, they may experience some motion blur in fast-paced gaming scenarios. They tend to be in between TN and IPS in terms of pricing.
- *Organic light-emitting diode* (OLED) panels provide wide viewing angles and fast response times. OLED panels are known for their vibrant colours, high colour accuracy, and excellent depth. Often, they are the most expensive option.



### Make sure that connectivity options match your PC

Something else to consider when choosing a 'gaming monitor' is its connectivity options, or what kind of cable(s) it uses, to connect to your gaming PC. The two main types are *HDMI* and *DisplayPort*, though, it can also connect using a *USB Type-C port*.

HMDI is widely used for a number of devices and is the most popular option for whichever monitor you purchase. If you're on a budget and a more casual gamer, this is the more affordable option.

It's worth almost investing in a gaming monitor with Thunderbolt 4 USB Type-C ports if you can, as it gives you more options.


### Curved monitors are worth considering

Curved monitors are almost always high-end 'gaming monitors' that tend to be much larger with more luxurious specs, and are characterized by a distinctive curve, instead of perfectly straight like the average monitor.

These can be useful as they fit in a much larger display size while taking up less room on your desk, and they let you see more of the game UI and environment, as the ends are curled towards you and the curled ends prevent screen glare, and more. Of course, these also tend to be much more expensive since they have higher-end specs.

There are three types of curved monitors with different levels of curvature: 1000R, 1500R, and 1800R. The 'R' stands for radius, so, a 1000R forms a complete circle with a radius of 1000 mm or one meter and so on.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ट्रक से 77 लाख रुपये का पांच क्विंटल अवैध डोडा-पोस्त बरामद

## स्क्रेप की आड़ लेकर ट्रक से स्पलाई किया जा रहा था डोडा-पोस्त

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले की संगरिया क्षेत्र में स्टील स्क्रेप की आड़ लेकर एक ट्रक को राज्य में प्रतिबंधित डोडा-पोस्त की तस्करी करते पुलिस ने पकड़ा है। जिसकी पोस्त सहित एक करोड़ रुपए कीमत आंकी गई है। आरोपियों ने पूरे ट्रक को स्क्रेप से भर रखा था। जिसके ऊपर तिरपाल के नीचे 26 थैले पोस्त के छिपाकर रखे हुए थे। 24 थैलों में बीस-बीस किलोग्राम एवं दो थैलों में 17 -17 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त की भरती की हुई थी। प्रथम दृष्ट्या जानकारी में आया है कि आरोपियों को जोधपुर के पास किसी व्यक्ति ने यह पोस्त रखवाया था। जिसे पंजाब में डिलीवर करना था। वह व्यक्ति उन्हें ट्रक गंतव्य तक पहुंचने के बाद डिलीवरी लेने के लिए आने वाले के पास पहुंचाने की खातिर निर्देश दे रहा था। हालांकि वे लोग जगह के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाए हैं फिर भी पुलिस पूछताछ करने में जुटी हुई है।

थानाधिकारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि उनके नेतृत्व में एसआई लक्ष्मणसिंह की टीम रतनपुरा डीटीओ चैकपोस्ट पर मंगलवार शाम नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान पंजाब की ओर जा रहे पंजाब नंबर ट्रक को वहां रोकने की बजाय नाकाबंदी तोड़कर ट्रक चालक आगे की ओर भगाकर ले गया।

■ **ट्रक में तिरपाल के नीचे 26 थैले पोस्त के छिपाकर रखे हुए थे**

पुलिया के पास पीछा करते पुलिस टीम ने उसे पकड़ा। ट्रक चालक से गहन पूछताछ एवं जांच करने पर पांच क्विंटल 14 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुई। ट्रक चालक सहित उसके साथी गांव खानछाबड़ी पुलिस थाना गोंदवाला जिला तरनतारन (पंजाब) निवासी शमशेरसिंह (30) पुत्र मुख्तयारसिंह एवं जगतारसिंह उर्फ अवतारसिंह (45) पुत्र सकतारसिंह जटसिख के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी पुलिस थाना टिब्बी फूलचंद शर्मा तफतीश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार बरामद अवैध डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत 77 लाख दस हजार रुपए एवं जब्त ट्रक की अनुमानित कीमत लगभग तीस लाख रुपए आंकी गई है। टीम में हवलदार कैलाशचंद्र, हवलदार रामकरण, कांस्टेबल महादेव, चेतराम, नाकाबंदी स्टाफ एएसआई महावीर प्रसाद, हवलदार शैतानाराम तथा कांस्टेबल रामसिंह, सतीश कुमार शामिल थे।

हनुमानगढ़ में प्रेसवार्ता में एसपी राजीव पचार ने बताया कि संगरिया में जब्त पोस्त की अनुमानित कीमत करीब 77 लाख रुपए है। इसी तरह जब्त ट्रक की कीमत करीब तीस लाख रुपए है। इस तरह एक करोड़ से अधिक का सामान बताया जा रहा है। आरोपी नाकाबंदी तोडकर भाग रहे थे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपी फलौदी से उक्त पोस्त लेकर जा रहे थे। एसपी ने बताया कि आगे की जांच चल रही है। इसमें जो स्थिति सामने आएगी, उससे मीडिया को अवगत करवा दिया जाएगा। पुलिस को भ्रमित करने के लिए ट्रक में आरोपी अन्य सामान भी भरकर रखते थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## बताया जा रहा है कि विवाहिता ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की है



मृतक विवाहिता का फाइल फोटो तथा परिजन से पूछताछ करती पुलिस।

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के मांगलियावास थाना क्षेत्र के केसरपुरा गांव में रहने वाली एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विवाहिता ने घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं विवाहिता के परिजन ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीडन का आरोप लगाया है। मांगलियावास थाना पुलिस परिजन व आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी जुटा रही है।

मांगलियावास थाना क्षेत्र के केसरपुरा गांव निवासी मृतक विवाहिता के पति जितेंद्र राव ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वह फैक्ट्री में काम करने के लिए गया था। उनके बच्चे व परिजन घर पर ही थे। तभी पीछे से उसकी पत्नी सुमन कंवर ने अज्ञात परिस्थितियों में घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना उसके आठ वर्षीय बच्चे ने देखी तो बाहर

■ **महिला के परिजनों ने सुसराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है**

जाकर परिजन व अन्य को जानकारी दी, बाद में परिजन ने उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जितेंद्र राव ने बताया कि उसकी पत्नी ने आत्महत्या क्यों की इस बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। पत्नी सुमन की कुछ समय से मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थी, जिसकी दवाइयां चल रही थी।

पीहर पक्ष ने लगाए दहेत उत्पीडन का आरोप:-विवाहिता के भाई झुंझुनूं निवासी रतन सिंह ने बताया कि करीब 10 साल पहले उन्होंने बहन सुमन की केसरपुरा गांव निवासी जितेन्द्र सिंह से शादी करवाई थी। शादी के बाद से ही बहन को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। पति, सास, जेठ और नंद और नंदोई के टॉर्चर और मारपीट से परेशान होकर बहन कई बार अपने मौसी और पीहर भी आई थी। लेकिन समाज और बच्चों को देखते हुए उसे समझा कर वापस पीहर में भेज दिया था। बहन के गांव में ही रहने वाले रिश्तेदारों के द्वारा उनके मौसा प्रताप सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी थी। मौसा ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी जिसके बाद वह झुंझुनू से अजमेर पहुंच गए। भाई ने आरोप लगाया कि पहले तो उन्हें बहन के साथ हुई घटना की लेट जानकारी दी गई। जब वह अजमेर पहुंचे और बहन की बॉडी को देखा तो उन्हें बॉडी पर कई गंभीर निशान मिले हैं।

**मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम** :-भाई रतन सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि बहन सुमन की उसके पति, सास, जेठ, ननद और नंदोई के द्वारा प्रताड़ित कर गला दबाकर हत्या की है। भाई ने मांगलियावास थाना पुलिस से मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जीजीटीयू फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम में डमी परीक्षार्थी दबोचा

**बांसवाड़ा,** (निसं)। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देते फर्जी परीक्षार्थी के वाकये तो सुनते आए हैं लेकिन पहली बार यूनिवर्सिटी एग्जाम में ऐसा वाकया सामने आया है।

जीजीटीयू परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज पंड्या ने बताया कि फिलहाल विश्वविद्यालय से बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों के 115 केन्द्रों पर बीए, बीएससी,बीकॉम फर्स्ट ईयर और एमए, एमएससी, एमकॉम प्रीवियस के फर्स्ट एग्जाम चल रहे हैं। यह वाकया डूंगरपुर जिले के वागड़ महाविद्यालय बड़गी परीक्षा केंद्र का है जहां केन्द्राधीक्षक डॉ दिनेश पाटीदार ने औचक निरीक्षण में परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी की असामान्य हरकतों के देखते ही परीक्षार्थी की सघन जांच पड़ताल की तो मूल परीक्षार्थी के बजाय डमी कैंडिडेट ही एग्जाम दे रहा है। प्रकरण की जांच बाद डमी परीक्षार्थी केस को नक़ल विरोधी कानून के तहत निकटवर्ती पुलिस थाने में दर्ज करा दिया है।

केन्द्राधीक्षक डॉ. दिनेश पाटीदार द्वारा प्राप्त जानकरी अनुसार वागड़ महाविद्यालय बड़गी पर 8 फरवरी गुरूवार को शाम के सत्र में फर्स्ट ईयर साइंस का एग्जाम था। केंद्र पर मानस महाविद्यालय चितरी के विद्यार्थी विमल प्रकाश पारगी पिता शंकर लाल पारगी को फर्स्ट ईयर बॉटनी की परीक्षा देनी थी जिसकी सीट पर कक्षा 11 वीं के विद्यार्थी देवीलाल पारगी पिता मणिलाल पारगी निवासी कोचरी बड़गी को एग्जाम देते जांच के दौरान डमी परीक्षार्थी रूप में परीक्षा देते हुए धर-दबोचा। प्रकरण को पुलिस प्रशासन और जीजीटीयू परीक्षा अनुभाग को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

जिस रोल नंबर पर डमी कैंडिडेट द्वारा परीक्षा देने का प्रकरण सामने आया है,उस रोल नंबर से दिए गए सभी पेपर की आंसरबुक की सघन संवीक्षा सब्जेक्ट एक्सपर्ट से करवाई जाएगी,राइटिंग एक्सपर्ट से सभी आंसरबुक की जांच कराए जाएगी और केंद्र से एग्जाम टाइम के सीसीटीवी फूटेज मंगवाए जा रहे हैं। परीक्षा में ऐसे कृत्य दंडनीय हैं और नकल विरोधी नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# घर से नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप

**भीलवाड़ा,** (निसं)। घर पर अकेली नाबालिग को एक व्यक्ति उठा कर ले गया। साथ ही घर से कई गहने भी गायब हो गए हैं। नाबालिग की मां ने पुलिस में रिपोर्ट दी, पुलिस जांच में जुटी है।

मामला भीलवाड़ा के करेड़ा थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दी जिसमें बताया की वो नरेगा श्रमिक है और दो फरवरी को मनरेगा में कार्य के लिए गई थी। इसी बीच घर पर उसकी नाबालिग बेटी अकेली थी। जब वो शाम को घर लौटी तो बेटी घर से गायब थी। घर में रखे सोने चांदी की जेवर जिनमे रामनामी, मांदलिया और चांदी के पायजेब भी गायब थे। महिला ने आसपास में अपनी नाबालिग बेटी की काफी तलाश की लेकिन पता नहीं लग पाया। महिला ने सूरत में मजदूरी कर रहे अपने पति को इसकी सूचना दी, जिस पर पति गांव आया

■ **मां ने मामला दर्ज कराया, घर से सोने-चांदी के गहने भी पार**

इसके बाद बेटी की काफी तलाश की तो पता लगा कि उसकी बेटी को पूरणनाथ घर से उठा ले गया और उसी ने घर में रखे जेवर भी चुरा लिए। परिजनों का आरोप है कि पूरण ने उनकी बेटी को बंधक बना रखा है और वह उसके साथ कोई भी घटना कर सकता है। महिला ने यह भी बताया कि नाबालिग बेटी की बचपन में पूरण से शादी की थी लेकिन उनका विवाह विच्छेद हो चुका है। अब पूरण उनकी बेटी को परेशान कर रहा है और अपने साथ अपहरण कर ले गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# सांवलियाजी सेठ के भंडार से 6.17 करोड़ की नगदी निकली

## बची राशि एवं भंडार से निकले सोने-चांदी का तोल होना बाकी है

**मंडफिया,** (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार चतुर्दशी गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन, मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी राजेंद्र कुमार की उपस्थिति में खोला गया। प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि चतुर्दशी को खोले गए भंडार से 6 करोड़ 17 लाख 75 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए।

उन्होंने बताया कि भंडार से बची राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी है। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों द्वारा भेंट किए गए सोने चांदी का तोल एवं भक्तों द्वारा भेंट रुपयों की गिनती होना शेष है। इस मौके पर मंदिर मंडल की ओर से यात्रियों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। भंडार गिनती में कपासन प्रधान एवं मंदिर बोर्ड सदस्य भैरूलाल जाट, संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, भेरूलाल सोनी, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, प्रशासनिक अधिकारी



भंडार गिनती का जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने अवलोकन किया।

नंदकिशोर टेलर, सांवलिया जी विश्रांति ग्रह चित्तौड़गढ़ के प्रबंधक राजेंद्र कुमार शर्मा, लेहरी लाल गाडरी, मनोहर लाल चौबीसा, कार्यालय के मनीष दाधीच, ऊंकार लाल अहीर, पूरण शर्मा, दीपक तिवारी, नारायण लाल गाडरी सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे। इसी प्रकार समीपवर्ती नरबदिया गांव स्थित अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल का भंडार भी खोला गया। अमरा भगत सेवा संस्थान के सचिव भेरुलाल गाडरी भूतखेड़ा ने बताया कि खोले गए भंडार से 3 लाख 11 हजार 440 रुपए नगद प्राप्त हुए। संस्थान के सचिव गाडरी ने बताया कि भंडार गिनती में संस्थान के अध्यक्ष कालूराम गाडरी सोहन खेड़ा सहित पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# युवक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भिजवाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बीती देर रात अजमेर हाईवे पर पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी को भगा ले गया। हादसे में घायल युवक को महात्मा गांधी हॉस्पिटल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर में रहने वाली एक युवती ने यही रहने वाले युवक पर शादी का झांसा देकर होटल में ले जाकर रेप करने और इसके बाद लगातार शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। जिले के थाना क्षेत्र में रहने वाली 26 वर्षीय युवती ने शहर में रहने वाले अर्पित के खिलाफ रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि दोनों में 6 साल साल पूर्व से जान पहचान है। शुरुआत में अर्पित युवती का पीछा करता, उस पर दोस्ती के लिए दबाव बनाया। बाद में उसे शादी करने का झांसा दिया और उसे पत्नी बनाकर रखने की बात कहकर बहला फुसला कर बातों के जाल में फंसा लिया। इतना ही नहीं अर्पित ने उसे शादी का झांसा दिया और सर्किट हाउस के निकट एक होटल में ले जाकर रेप किया। कई बार उसने शादी करने का झांसा दिया और दबाव बनाकर रेप करता रहा। कुछ दिन पूर्व जब उसने अर्पित को शादी के लिए कहा तो उसे भला बुरा कहते हुए उसके साथ मारपीट की।

# महिला से ठगी

**अजमेर,** (कासं)। शहर में ठगी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। शातिर ठग बुजुर्गों को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का सामने आया है। बुजुर्ग महिला के साथ ठगी की वारदात सामने आई है। शातिर ने एटीएम कार्ड बदलकर 6 बार में 84 हजार रुपए विड्रोल कर वारदात अंजाम देकर फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली थाने में अज्ञात शातिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोटड़ा आवासीय योजना में तेलंगाना हाउस का आवंटन रद्द

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशों के बाद नगरीय विकास विभाग ने कोटड़ा आवासीय योजना में तेलंगाना हाउस का आवंटन रद्द कर दिया है। अजमेर में विभिन्न संगठन लम्बे समय से भूमि आवंटन का विरोध कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने इसे अपने संकल्प-पत्र में भी शामिल किया था।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशों के बाद नगरीय विकास विभाग ने यह आदेश जारी किए। विभाग की शासन संयुक्त सचिव प्रथम संचिता विश्नोई द्वारा जारी आदेश में

■ **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशों के बाद कार्यवाही हुई**

कहा गया है कि अजमेर विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव के तहत तेलंगाना सरकार के फेसिलिटी सेन्टर कम गेस्ट हाउस के लिए कोटड़ा आवासीय योजना में चिन्हित 5021.19 वर्गमीटर भूमि का आवंटन निरस्त किया जाता है। यह आदेश सक्षम स्तर से संबंधित है।

उल्लेखनीय है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए देवनानी ने तेलंगाना हाउस का आवंटन निरस्त करवाने को अपने संकल्प-पत्र में शामिल किया था। उन्होंने राज्य सरकार के गठन के बाद जिला कलैक्टर और नगरीय विकास विभाग को निर्देशित किया था कि इसका आवंटन तुरंत निरस्त किया जाए। देवनानी के निर्देशों के बाद अजमेर विकास प्राधिकरण ने प्रस्ताव तैयार कर नगरीय विकास विभाग को पत्र भेजा। इस प्रस्ताव पर कार्यवाही करते हुए नगरीय विकास विभाग ने आवंटन निरस्त करने को मंजूरी दे दी है। तेलंगाना हाउस का अजमेर के विभिन्न संगठन एवं आमजन लम्बे समय से विरोध कर रहे थे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से आग्रह किया था कि क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधा को देखते हुए इसका आवंटन निरस्त किया जाए। देवनानी ने इसके लिए विभिन्न स्तरों पर निर्देश जारी किए थे। इसके लिए देवनानी का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आभार व्यक्त किया। देवनानी अजमेर के समग्र विकास में शहरवासियों की जनभावनाओं को भी पूरा स्थान और सम्मान दे रहे हैं। तेलंगाना हाउस आवंटन निरस्त इसी की एक बानगी हैं। भविष्य में भी इसी सोच के साथ शहरवासियों के हित में सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

# महिलाओं के साथ गंदा काम करने वाले भाई गिरफ्तार

## दोनों के पास से कई मोबाइल बरामद, इनमें 22 इंस्टा, 13 फेक जीमेल आईडी बना रखी है

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले की नोहर थाना पुलिस ने चौबीस और छब्बीस साल के दो भाईयों को अरेस्ट किया है। दोनों के पास से कई मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

इन फोन में उन्होंने 22 इंस्टा, 13 फेक जीमेल आईडी बना रखी हैं और उनके मोबाइल फोन में चार हजार से भी ज्यादा महिलाओं की फोटो और नंबर हैं। इनमें से कईयों के साथ उन्होंने ब्लेकमेल कर संबंध बनाए। बदनामी के डर से पीड़ित महिलाएं पुलिस के पास नहीं गई। पुलिस दो साल से उन तक पहुंचने की कोशिश करती रही लेकिन पुलिस को कोई बड़ी टिप नहीं मिली। जब पुलिस के हाथ सुराग लगा तो साइबर टीम की मदद से इन आठवीं पास भाईयों को पकड़ ही लिया गया। हनुमानगढ़ एसपी राजीव पचार ने कहा कि इस केस को खोलने के लिए पुलिस टीमों ने कड़ी मेहनत की है।

एसपी पचार ने बताया कि 22 मार्च 2022 को नोहर इलाके में रहने वाले एक प्रधानाचार्य ने अपनी पत्नी और बेटी की फेक आईडी से अश्लील तस्वीरें वायरल होने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस करीब दो साल से इन तक पहुंचने की कोशिश करती रही, लेकिन बात नहीं बनी। फिर कुछ महीनों पहले ये केस साइबर पुलिस की मदद से साल्व करने की कोशिश की गई और आखिर मंगलवार को हनुमानगढ़ पुलिस को सफलता मिल ही गई। एसपी राजीव पचार ने बताया कि योगेश और नितिन मिश्रा को अरेस्ट किया गया है। दोनो भाई हैं। दोनों मोबाइल रिपेयर करने का काम करते हैं।

अक्सर मृत लोगों की आईडी से सिम लेते हैं और महिलाओं के नंबर तलाशकर उनसे बातचीत करना शुरू करते हैं। खुद को बड़ा कारोबारी बताकर बात शुरू करते हैं और फिर फोटोज का आदान प्रदान होता है। एक बार फोटो आते ही उसे सोशल मीडिया पर अश्लील एडिट कर डाल देते हैं। कई महिलाओं ने बदनामी के डर से ब्लेकमेल होकर दोनों भाईयों के साथ संबध भी बनाए हैं और जो संबध नहीं बना सकीं, उन्होंने रूपए भी दिए हैं। एसपी ने बताया कि दोनों इतने शातिर हैं कि पब्लिक वाईफाई का इस्तेमाल करते हैं ताकि उन तक नहीं पहुंचा जा सके। लेकिन अब उन्हें पकड़ लिया गया है। मोबाइल फोन से हजारों युवतियों और लड़कियों की फोटोज और अश्लील फोटोज बरामद हुई हैं। पुलिस से पता चला कि जिस समय दोनों को अरेस्ट किया गया उस समय भी वे करीब छह महिलाओं के साथ चैट कर रहे थे और फोटोज की डिमांड कर रहे थे।

# रिन्यूअल लाईसेंस नहीं मिलने से वाहन चालक बेरोजगार हुए

## अलवर आरटीओ आफिस में लाईसेंसों को लेकर एजेंटों और लाईसेंस बनवाने वालों में रोज तकरार होती देखी जाती है

**अलवर,** (निसं)। अलवर आरटीओ आफिस में इन दिनों भ्रष्ट्राचार चरम सीमा पर पहुंच गया है यहां कोई काम बिना पैसे के नहीं होता है। चाहे कार्य छोटा हो या बड़ा, हर काम के यहां पैसे फिक्स है। समय पर रिन्यूअल लाईसेंस नहीं मिलने पर अनेकों वाहन चालक बेरोजगार हो चुके है। उन्हें लाईसेंस दिखाए बिना ट्रक मालिक ट्रक नहीं दे रहे हैं।

गुरूवार को अलवर आरटीओ आफिस में लाईसेंस लेने आए प्रेम सिंह, अकबर खान, असरू खा, कमल कुमार, सतीश एव कैलाश हरिजन आदि ने बताया कि उनका रिनीवल की फोटो खींचे दो महिने से ज्यादा हो गया है लेकिन अभी तक प्रिंट लाईसेंस नहीं मिला है जिसके चलते वे बेरोजगार हो गए हैं। ट्रक मालिक उन्हें लाईसेंस की फोटो कापी दिए बिना ट्रक नहीं दे रहे हैं। इस कारण उनके परिवार की हालत भूखे मरने जैसी हो गई है ये तो पांच आदमी की बात है। ऐसे कितने बेरोजगार वाहन चालक होंगे जिनका परिवार पैसों के अभाव में विभाग के अफसरों को कोस रहा होगा। यहां लाईसेंसों को लेकर एजेंटों और लाईसेंस बनवाने वालों में रोज तकरार होती देखी जाती है। लोग लाईसेंस के प्रिंट नहीं मिलने से दलाल को खरी खोटी सुनाते है, वही दलाल आरोप लगाते है कि विभाग में समय पर लाईसेंस ना तो प्रिंट हो रहे और ना ही अप्रुवल हो रहे हैं। दलाल कहते हैं कि अगर जरूरी है तो पांच सौ रूपये और देने होगे अभी एक घंटे में मिल जाएगा।

यहा पर कार्य करने वाले एजेन्टों

■ **दलाल कहते हैं कि अगर जरूरी है तो पांच सौ रूपये और देने होंगे, अभी एक घंटे में मिल जाएगा**

ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां हर काम के नाम पर पर पैसे वसूले जा रहे है। यहां हर बाबू के पास उसका अलग से प्राईवेट कर्मचारी नियुक्त है जो आफिस के बाहर एजेंटों से पैसे की उगाही करता है। वहीं इंस्पेक्टरों ने अपने अलग प्राईवेट कर्मचारी नियुक्त कर रखे है जो वाहन निरीक्षण करते देखे जा सकते हैं। एजेंटों सहित आम आदमी के वाहनों का निरीक्षण ये ही प्राईवेट लोग करते है और इस काम के वे वाहन के हिसाब से पैसे वसूलते हैं। इस काम के बदले इंस्पेक्टर उन्हें वेतन देता है। वहीं हैवी लाईसेंस की वसूली के लिए अलग आदमी रखा हुआ है।

इधर स्वयं दस्तावेज जमा करा कर गए रायबका निवासी बलबीन्दर सिंह सरदार ने आरोप लगाया कि बिना दलाल के यहां किसी का काम नहीं हो पाता है। अगर किसी ने कागज जमा करा दिए तो वह बाबू द्वारा लगाए ऑबजेक्शन की पूर्ती करते करते पागल सा हो जाता है। आखिर में परेशान होकर वह उस काम को दलाल को सौंप देता है जैसा कि मेरे साथ हुआ है। मैं अपने कागजों को लेकर चक्कर लगा रहा हूं लेकिन उनकी पूर्ती नहीं हो पाती है। आखिर में आज मैं अपने इस काम को किसी दलाल को देकर जाउगां ताकि मेरा काम हो सके।

अलवर आरटीओ से रिटायर्ड अधिकारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि यहां आने वाली रिश्वत भी ईमानदारी की होती है। सारा पैसा एकत्रित होकर संत्री से मंत्री तक जाता है इसलिए विभाग में कभी भ्रष्टाचारनहीं रूक पाता है। विभाग की अन्य कमाई के स्त्रोत अलवर में स्थित तीन फिटनेस सेंटर, ओटोमेटिक वाहन ट्रैक, वाहन डीलर सहित मोटर ड्राईविंग स्कूल है जहां से विभाग को मोटा पैसा मिलता है। यहां एसीबी तभी छापा मारती है जब विभाग सुर्खियों में आ जाऐ तब एसीबी छोटी मछली पर जाल फैंक कर सारा मामला शांत कर देती है और विभागीय मगरमच्छों को बचा लेती है।

## संक्षिप्त

### विधायक ने बजट पर प्रतिक्रिया दी

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रदेश की पहली महिला वित्त मंत्री के रूप में डिप्टी सीएम दीया कुमारी द्वारा गुरूवार को राजस्थान विधानसभा में पेश किये गये भजन लाल सरकार के पहले बजट को विधायक हंसराज पटेल ने लोक कल्याणकारी, विकासोन्मुखी व सर्व समावेशी बजट करार देते हुए मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है। पटेल ने कहा कि राजस्थान की सेवा, समर्पण व समृद्धि के लिए आपणो अग्रणी राजस्थान की भावना के साथ नये राजस्थान का नया बजट जन-जन के सर्वांगीण उत्थान को समर्पित रहेगा। यह पीएम मोदी की समस्त गारन्टियों को मूर्त रूप देने वाला एक आर्थिक दस्तावेज है। जिसमें 70 हजार से अधिक नौकरियों का ऐलान एवं सूर्योदय योजना के तहत 05 लाख से अधिक घरों पर सौरल प्लांट स्थापित कर 300 यूनिट बिजली फ्री देने का प्रावधान क्रांतिकारी सिद्ध होगा। बेहतर आवागमन के लिए 500 नई इलैक्ट्रीक बसें, किसानों के लिए 2 हजार करोड का राजस्थान एग्रीकल्चर कोष, सडकों के लिए 1500 करोड रूपये, जल जीवन मिशन के तहत 25 लाख परिवारों को नल से जल, विधार्थियों को एक हजार रूपये जैसी अनेकों क्रांतिकारी योजनायें व घोषणायें लाई गई है जो राजस्थान को एक विकसित प्रदेश की श्रेणी में खडा करेगी।

### बजरी की तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए बजरी के तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। बरोनी थाना अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा बजरी खनन व परिवहन पर रोक होने के बावजूद बजरी परिवहन करते हुए पाए जाने पर अवैध वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान बनास नदी के तन में बोरखंडी से एक ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध बजरी भरकर आते हुए दिखाई दी। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली को खडा कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेक्टर ट्रोली को जब्त कर लिया। इसी प्रकार गांव हथौना व हथौना के तन से अलग-अलग दो स्थानों से अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रेक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### पैदल यात्रा कर लौटे रामभक्त

**पावटा, (निसं)।** कस्बा पावटा के ग्राम खेलना से अयोध्या तक की 750किमी. साईकिल यात्रा पूरी कर लौटे रामभक्त इंद्राज यादव का ग्रामीणों द्वारा समान किया गया। साईकिल यात्रा पूरी कर लौटे रामभक्त इंद्राज यादव का पावटा व खेलना के समाजसेवियों व ग्रामीणों ने फूलमाला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रामभक्त इंद्राज यादव ने कहा कि में जैसे ही दर्शन करने भगवान राम के पास पंहुचा तो मन, मस्तिष्क, आत्मा शून्य थी। सामने भगवान राम की मूर्ति थी, जिस प्रकार से मूर्ति का श्रृंगार किया गया था बहुत ही खूबसूरत था, बहुत ही गौरवशाली पल था। वहां आखों में खुशी के आसू थे। इस अवसर पर शिव कुमार शर्मा, विष्णू पाराशर, हरी चोरिया, सुभाष यादव, दिनेश जांगिड, रंगीला, रितेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**निवाई, (निसं)।** अभिभाषक संघ निवाई की नवनिर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समरोह 9 फरवरी को आयोजित होगा। पुस्तकालय सचिव महेन्द्र कसाणा ने बताया कि अभिभाषक संघ की नव निर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को श्री दादूदयाल गार्डन खणदेवत रोड पर आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति अनूप कुमार ढ ंड होगें। विशिष्ट अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति अनिल कुमार उपमन होगें तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायाधीश टोंक अयूब खान करेगें। समारोह में अपर एवं सेशन न्यायाधीश निवाई तोषित मालानी व अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट निवाई अलका मीणा रहेंगे।

### राहुल गुर्जर बने अध्यक्ष

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान पथिक सेना संगठन द्वारा राजस्थान में संगठन के प्रसार एवं मजबूती हेतु संगठन विस्तार में प्रदेश सचिव एवं टोंक प्रभारी श्रीराम सराधना की अनुशंसा पर प्रदेशाध्यक्ष शंकर सिंह बजाड द्वारा टोंक जिलाध्यक्ष हेतु पार्षद राहुल गुर्जर टोंक को संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों-महिलाओं से संवाद किया

**कोटपूतली-बहरोड, (निसं)।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय जयपुर की ओर से बहरोड के श्रीमती नारायणी देवी पीजी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्पित भारत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन गुरूवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी गाँव-गाँव तक पहुंचे इसी उद्देश्य की पूर्ति में विकसित भारत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने उपस्थित जन समूह को प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही जानकारी से लाभ लेने कि अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं महिलाओं से संवाद भी किया एवं उपस्थित विद्यार्थियों से प्रदर्शनी में दी गई जानकारी के आधार पर कुछ प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के दौरान सहायक डाक अधीक्षक, बहरोड सुमित सैनी ने उपस्थित दर्शकों को डाक विभाग के माध्यम से संचालित कि जा रही योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, आधार से जुडी सेवाएँ आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।




कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने प्रदर्शनी में आयोजित प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को विभाग कि ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने आयुष्मान भारत योजना तथा प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि इस योजना के तहत राजस्थान में अब तक 1.6 करोड से अधिक आयुष्मान हैल्थ कार्ड जारी किए जा चुके है तथा योजना के तहत प्रदेश में अब तक 220 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके है जहां आमजन को किफ़ायती दरों पर दवाइयाँ उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के द्वारा भारत के किसी भी शहर में कोई भी व्यक्ति 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करवा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान चिकित्सा विभाग द्वारा निशुल्क बीपी एवं रक्त की जांच की जा रही है जिसका आमजन लाभ ले सकते है। महिला व बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक श्रीमती दीपा चौधरी ने उपस्थित दर्शकों को प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पौष्टिक भोजन का महत्व बताते हुए अपने खाने में पौष्टिक तत्वों का समावेश

■ बहरोड में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी देखने के लिए लोगों में उत्साह

सुनिश्चित करने की सलाह उपस्थित दर्शकों को दी।

इस दौरान अलग-अलग सत्रों में दर्शकों के लिए मौखिक प्रश्नोत्तरी, भाषण एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को विभाग कि ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंजीकृत दल ने उपस्थित दर्शकों के समक्ष नुक्कड नाटक की प्रस्तुति भी दी। प्रदर्शनी के दूसरे दिन गुरूवार को स्थानीय लोगों के अलावा विभिन्न संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भी बडी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसमें सर्वोदय पब्लिक स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल थे। इसके अलावा विभिन्न सत्रों में बहरोड चिकित्सालय के डॉ. जगदीप यादव, ब्लॉक आशा पर्यवेक्षक अनिल कुमार सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### सी.एम. के नाम एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राष्ट्रीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष कालूराम झाझडिया ने ज्ञापन में बताया कि मुख्यमंत्री सम्बल योजना के तहत मिलने वाले 5 रुपए प्रति लीटर का पिछले 7 महीने से पशुपालकों का भुगतान रुका हुआ है। पहले ही पशुपालकों को महंगाई की मार झेलनी पड रही है। पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिलने से पशुपालक मजबूर होकर दुधारू पशुओं को बूचडखाने में कटने के लिए बेच रहे। महंगाई की मार से पशुपालकों की कमर टूट चुकी है। ऊपर से भुगतान रुक जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। चौमूं उपखण्ड के पशुपालकों को मुख्यमंत्री सम्बल योजना के तहत मिलने वाला भुगतान 7 महीनों से रुका हुआ है जिसे सरकार को तत्काल दिया जाना चाहिए ज्ञापन के दौरान राष्ट्रीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष कालूराम झाझडिया, एडवोकेट बलवीर सिंह रोलानिया मौजूद रहे।

# विधायक ने सामुदायिक भवन एवं पेयजल टंकी का लोकार्पण किया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर श्री पंच खंडपीठ स्थित मोक्षधाम में विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन एवं समाजसेवी राधेश्याम बैराठी द्वारा निर्मित पेयजल टंकी का लोकार्पण गुरुवार को विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस दौरान विधायक धनखड ने कहा कि मोक्षधाम जैसे स्थल दिवगंत आत्माओं का पवित्र संगम है, जहां विभिन्न समाजों के दाह संस्कार संपन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि मानव योनि में जन्म लेने वाले हर प्राणी को सत्कर्म करने चाहिए, इंसान जन्म के समय खाली हाथ आता है और मरण पर खाली हाथ जाता है। इसलिए मोक्ष धाम के विकास में किया गया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता है जिसमें हर समाज को बढ चढ कर हिस्सा लेना चाहिए। समिति के सचिव मामराज सोलंकी ने मोक्ष धाम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों तथा जन



सामुदायिक भवन एवं पेयजल टंकी का लोकार्पण विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सहयोग से करीब 4 करोड राशि से कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यो से अवगत कराया तथा विधायक से मोक्ष धाम के सौंदर्य करण तथा थाई निर्माण हेतु छत व फर्श निर्माण कराने की मांग की। जिस पर विधायक ने उक्त निर्माण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरिद्वार लाल जैन ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विराटनगर तहसीलदार, समाजसेवी राधेश्याम छिपा, पूर्व पार्षद बद्री प्रसाद सैनी, पूर्व चेयरमैन भागीरथ मल सैनी, पूर्व वाइस चेयरमैन बाबूलाल मीणा, महेंद्र सैनी ठेकेदार तथा फाइनेंसर

■ दिवंगत आत्माओं का पवित्र संगम है मोक्षधाम : धनखड

रोहितास सैनी ने भाग लिया। समिति की ओर से अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया, वही समाज सेवी राधेश्याम बैराठी की और से भी आगंतुक अतिथियों का साफा व दुपट्टा ओढ ाकर समान किया गया। कार्यत्र्कम में कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश सैनी, नेता प्रतिपक्ष रोमेश मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा, सुर्ज्ञानी सैनी, भेरूलाल सैनी, पार्षद जितेंद्र खाडोलिया, पूर्व पार्षद विजय सैनी, हेमराज सैनी, राजेंद्र छीपा, नंदकिशोर छिपा, निर्मल जैन, गणपत लाल शर्मा, गौरी शंकर पंसारी, छाजू लाल जांगिड, बद्री ठेकेदार, विवेक यादव, राजू यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सरपंच संघ ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नारायणपुर, (निसं)।** सरपंच संघ राजस्थान गुरुवार को अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर नारायणपुर उपखंड सरपंच संघ अध्यक्ष भागीरथ सैनी की अध्यक्षता में एसडीएम डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर व डीएसपी सुनील जाखड को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा।

सरपंच संघ ने बताया कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायतों में आ रही वित्तीय एवं अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिसमे राज्य वित्त आयोग 2022-23 और मनरेगा सामग्री बकाया भुगतान अटका हुआ हैं, जिनका भुगतान शीघ्र जारी किया जाए। जल जीवन मिशन योजना का संचालन व संधारण जलदाय विभाग को दिया जाए। लंबित पीएम आवास व मुख्यमंत्री आवास की अनुदान राशी बढ ाकर प्रतीक्षा सूची शीघ्र निकाली जाये । मनरेगा में श्रमिकों को ऑनलाइन हाजरी में आ रही समस्या को ऑफलाइन उपस्थिति अनुमत की जावें। खाद्य सुरक्षा योज़ना को केंद्र सरकार द्वारा जनसंख्या



नारायणपुर उपखंड सरपंच संघ अध्यक्ष भागीरथ सैनी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा।

■ सरपंचों का मानदेय बढाकर 20 हजार रूपये किया जाए

2011 के आंकडों के आधार पर निर्धारित किया जाता हैं, जो कि वर्तमान जनसंख्या के आधार पर रेशों बढ़ाकर तय किया जाना चाहिए। सरपंचों का मानदेय बढाकर 20 हजार रूपये किया जाए तथा सरपंच का कार्यकाल पूर्ण होने पर अंतिम मानदेय कि 50 प्रतिशत राशी पेंशन के रूप में भुगतान करने का प्रावधान किया जावें । ज्ञापन के दौरान विजयपुरा सरपंच मोहन लाल, कोलाहेडा सरपंच अमिता यादव, सरपंच गणेश जाट, चतरपुरा सरपंच नीरज तौंगरिया, बुर्जा सरपंच कबूल चन्द वर्मा, मुण्डावरा सरपंच सहित अनेक सरपंच मौजूद थे।

### जनसुनवाई में 20 परिवाद प्राप्त हुए

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** बहरोड पंचायत समिति के सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कोटपूतली बहरोड की उपस्थिति में कुल 20 परिवाद प्राप्त हुए। वहीं जानकारी के मुताबिक आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बहरोड़ उपखंड अधिकारी सचिन तथा डीएसपी तेज कुमार पाठक सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कार्यालय के 2, तहसील कार्यालय की 6, पंचायत कार्यालय के 2, पीएचईडी कार्यालय के 2, पीडब्ल्यूडी कार्यालय का 1, नगर परिषद कार्यालय के 3, बिजली विभाग के 2, बीसीएमओ कार्यालय का 1 तथा पुलिस कार्यालय का 1 परिवाद सहित कुल 20 परिवाद प्राप्त हुए।

# चिकित्सा केंद्रों को ग्राम पंचायत भवन में संचालित कराने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बामनवास के ग्रामीणों ने राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृत किये गये उप स्वास्थ्य केंद्र व पशु चिकित्सा केंद्र को गांव में स्थित ग्राम पंचायत भवन में संचालित करवाये जाने की मांग को लेकर गुरूवार को नगर परिषद् आयुक्त फतेह सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में लिखा है कि गाँव बामनवास वर्तमान में नगर परिषद क्षेत्र में स्थित है। जिसमें राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृत किये गये उप स्वास्थ्य केंद्र व पशु चिकित्सा केंद्र का निजी भवन में अस्थाई रूप से संचालन किया जा रहा है। जिसका मूल कारण गांव में उक्त संस्थानों हेतु भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध नहीं होना है। जिनके भवन निर्माण के लिए कर्मचारियों द्वारा काफी प्रयासों के बाद भी जमीन की उपलब्धता नहीं होने से सम्बंधित विभाग द्वारा भवन निर्माण कार्य नहीं करवाया जा सका। गाँव बामनवास वर्ष 2021 से पूर्व पंचायत समिति के क्षेत्राधिकार में आता था एवं ग्राम पंचायत बामनवास का मुख्य केन्द्र था। ग्राम पंचायत मुख्यालय होने से ग्रामीणों ने अपने स्तर



नगरपरिषद् आयुक्त फतेहसिंह मीणा को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा।

पर आम सहमति से पंचायत भवन निर्माण हेतु खातेदारी भूमि पंचायत विभाग राज्य सरकार को दान की गई थी। जिसके फलस्वरूप इस भूमि में वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण किया गया तथा ग्राम पंचायत मुख्यालय संचालित होता रहा। इसी दौरान नगर पालिका कोटपूतली को नगर परिषद में क्रमोन्नत किये जाने के बाद नगर परिषद का विस्तार किये जाने पर ग्राम बामनवास को राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद क्षेत्राधिकार में सम्मिलित

■ ग्रामीणों ने नगर परिषद् आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

कर दिया गया। जिसके बाद गांव में स्थित ग्राम पंचायत भवन रिक्त हो गया जो कि पंचायत विभाग के अधीन आता है। गाँव बामनवास को नगर परिषद क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने के बाद ग्राम पंचायत भवन ग्रामीणों के किसी उपयोग में नहीं आ रहा है।

ग्रामीण उक्त भवन में उप स्वास्थ्य केंद्र व पशु चिकित्सा केंद्र को संचालित करवाना चाहते है। क्योंकि गाँव में अन्य को जमीन उपलब्ध नहीं होने से उक्त संस्थान किरायेशुदा निजी भवन में संचालित किये जा रहे है। ग्राम पंचायत भवन पूर्ण रूप से सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है। जिसमें ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र व पशु चिकित्सा केंद्र का संचालन किये जाने की मांग की है। इस दौरान मक्खन लाल गुरुजी, मुनेश यादव, रामकरण, राकेश आर्य, श्रीराम योगी, प्रेम शेखावत, सुभाष चन्द व सत्यवीर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### जनसुनवाई में बिजली-पानी के मुद्दे छाए




**राजगढ़, (निसं)।** पंचायत समिति परिसर में उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में बिजली पानी सहित अन्य मुद्दे छाए रहे। उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान ने बताया कि पंचायत समिति में आयोजित जनसुनवाई में 19 प्रकरण दर्ज हुए। इसमें बिजली एवं पानी से संबंधित प्रकरणों को संबद्ध अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए सौंप दिया। इस अवसर पर तहसीलदार जुगिता मीणा, टहला तहसीलदार कैलाश मेहरा, सीबीईओ मौसम मीणा एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में समस्याओं का तुरंत किया समाधान

**कोटपूतली-बहरोड, (निसं)।** कोटपूतली-बहरोड में गुरुवार को सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर जनसुनवाई शिविर हुए। बहरोड पंचायत समिति में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जनसुनवाई की। आमजन के समस्या का निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं तुरंत समाधान के लिए जिले के समस्त उपखण्ड मुख्यालयों पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें आमजन की समस्याएं सुनी गईं और हल निकाला गया। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने बिजली, पानी, सडक, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायतीराज व अन्य विभागों से जुडी समस्याएं प्राप्त की। कलेक्टर ने मौके पर ही समस्याओं का हल किया और बाकी मामले राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज करवा कर संबंधित अधिकारियों को उन्हें हल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बहरोड उपखंड अधिकारी सचिन यादव, पंचायत समिति बहरोड के प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव, पुलिस उप अधीक्षक तेज पाठक, नगर परिषद आयुक्त कमल शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की भावना पर आधारित बजट : कसाना

**कोटपूतली, (निसं)।** वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने वित्त मंत्री के रूप में डिप्टी सीएम दीया कुमारी द्वारा गुरूवार को प्रदेश की विधानसभा में पेश किये गये भाजपा सरकार के प्रथम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की भावना पर आधारित निरन्तर गतिशील राजस्थान का बजट बताया है। कसाना ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नये राजस्थान का विकासोन्मुखी बजट है जो प्रदेश को पुनः आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर करेगा। 70 हजार नई भर्तियों की घोषणा कुंठा में जा चुके प्रदेश के युवा को पुनः आगे बढ ़ने का सम्बल प्रदान करेगा। महाराणा प्रताप से जुड़े मेवाड स्थित सभी स्थलों पर 100 करोड रूपयों की लागत से विकसित किया जाने वाला महाराणा प्रताप ट्युरिस्ट सर्किल युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत आगामी 04 वर्षो में 20 हजार गाँवों में 11 हजार 200 करोड़ रूपयों की राशि से 05 लाख वॉटर हारवेस्टिंग स्ट्रेक्चर किसानों को आर्थिक स्वावलम्बन प्रदान करेगें। महिला सुरक्षा, स्वावलम्बन व सम्मान के लिए उठाये गये कदम भी प्रदेश को बेहद आगे ले जायेगें।

### घटना के दो दिन बाद भी विधायक घटनास्थल नहीं पहुंची

**बामनवास, (निसं)।** थाना क्षेत्र के गुडला ग्राम पंचायत की बैरवा ढाणी में पिछले दो दिन से एक कच्ची बोरवेल में विवाहिता महिला की फंसने के बाद भी विधायक इंदिरा मीणा अब तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची है। इस मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीण व्यक्ति की प्रतिक्रिया है एवं विधायक के खिलाफ आक्रोश जता रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विधानसभा में व्यस्त विधायक इन्दिरा मीना वहीं से प्रश्न उठाकर रेस्क्यू कार्य में लेट लतीफी को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है। स्थानीय विधायक इंदिरा मीणा द्वारा विधानसभा में बोरवेल में गिरी महिला को लेकर सरकार द्वारा कोई कार्य नहीं करने का आरोप लगाने के बाद विधानसभा के उस वीडियो के वायरल होने के साथ विधायक मीना के प्रति लोगों में तीखी प्रतिक्रियाओं के साथ निशाने पर बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय विधायक को सबसे पहले घटनास्थल पर आकर वस्तु स्थिति को देखना चाहिए था एवं पीड़ित परिजनों को संभालना चाहिए था उनकी मदद करनी चाहिए थी लेकिन विधायक इंदिरा मीणा घटनास्थल पर नहीं पहुंचकर विधानसभा में ही सवाल उठाकर सारे मामले का हल करवाना चाहती है।

# निरीक्षण में 2 डॉक्टर व 8 संविदा कर्मी नदारद मिले

**दूदू (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने गुरुवार को उप जिला अस्पताल दूदू का प्रात: 9 बजकर 15 मिनट पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान जिला कलेक्टर ने डॉक्टरों व सविंदा कर्मियों की उपस्थिति पंजिका की जांच की। इस दौरान अस्पताल में 2 डॉक्टर व 8 संविदा कर्मी अनुपस्थित मिले।

इसी दौरान जिला कलेक्टर ने रजिस्ट्रेशन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, लेबर रूम, जनरल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान जिला कलेक्टर ने एक्सरे रजिस्टर व एचआईवी एड्स काउंसलिंग रजिस्टर का प्रबंधन उचित तरीके से करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में होने वाली जांचों व दवाइयों की सूची लगाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में स्वागत कक्ष की व्यवस्था करने तथा कक्ष के माध्यम से मरीजों को आयुष्मान भारत सहित स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। निरीक्षण दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल में डॉक्टरों व कर्मचारियों से भी बात की तथा अस्पताल में उत्कृष्ठ कार्य व हाजिर जवाबदेही के लिए एलएचवी शाली कुट्टी की सराहना की तथा अन्य कर्मचारियों को भी इसी तरह उत्कृष्ठ कार्य करने की बात कहीं।उन्होंने पीसीएमओ डॉ हरीश कुमार वर्मा को अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को रोगियों के हित में और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने पर्ची कटवाने व दवाई वितरण काउंटर की व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल की सफाई व्यवस्था दूरस्त

■ जिला कलेक्टर ने रजिस्ट्रेशन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष, लेबर रूम, जनरल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य कक्षों का निरीक्षण किया

कराने व परिसर को स्वच्छ बनाने पर खासा ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों के पीने के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यव्यस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने लेबर रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए तथा लक्ष्य सर्टिफिकेशन को मानक मानकर अनुसरण करने के निर्देश दिए । साथ ही अस्पताल के पीछे के बैच में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में नियमित रूप से डिलीवरी के लिए आवश्यक निर्देश दिए।जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने पीसीएमओं दूदू को मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही टॉयलेट की साफ सफाई, हैंडवाश तथा बैड पर मरीज चार्ट लगाते हुए उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में शिकायत पेटी व फीडबैक बॉक्स लगाने तथा सिटीजन चार्टर लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान जिला कलेक्टर ने मरीजों से बात करते हुए अस्पताल की साफ सफाई व डॉक्टरों व अन्य कर्मियों की सेवाओं के संबंध में फीडबैक लेते हुए डॉक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए।

## संक्षिप्त

### मधुर यादव ने दी बजट पर प्रतिक्रिया

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान सरकार के प्रथम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पीसीसी मेम्बर मधुर यादव ने कहा कि पैट्रोल-डीजल पर वैट कम नहीं किये जाने से प्रदेश में महंगाई और बढ़ेगी। भाजपा सरकार ने ऐसा ना करके जनता के भरोसे को तोडा है। प्रथम बजट केवल पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर दोषारोपण ही साबित होता है। रोजगार, महिला व सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विषयों पर किसी भी प्रकार की ठोस घोषणायें बजट में नहीं है।



मधुर यादव

### विकसित भारत अभियान आज

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की सांभर बाईपास रोड स्थित ईदगाह के निकट अम्बेडकर भवन परिसर में शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से नगर पालिका के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी अभियान का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए पालिका अधिशासी अधिकारी मनीषा चौधरी ने बताया कि इस दौरान भारत सरकार से जुडी योजनाओं के संबंध में लाभार्थियों को अधिक से अधिक जानकारी दी जाएगी। इसके चलते क्षेत्रवासियों को शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### सर्दी का असर जारी, छूटी धूजणी

**फुलेरा, (निसं)।** बसन्त ऋतु नजदीक होने के बावजूद भी लोगों को सर्दी से राहत नही मिल पाई है। जबकि पश्चिमी विक्षोभ समाप्त भी चुका है फिर भी शीत लहर का प्रकोप कम नही हो रहा है। गौरतलब है कि भोर होते ही पूरा ईलाका शीतलहर की जबरदस्त चपेट में आकर धूजणी की स्थिति में आ जाता है। स्थिति यह है कि लोगों को छांव में तो ठीठुरन व धूप में गर्मी का अहसास हो रहा है। वहीं चिकित्सा विभाग के अनुसार इस बदलते इस मिजाज के चलते खांसी, जुकाम, बुखार जैसी मौसमी बिमारियों के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है।

### योजनाएं बनी बेरोजगारों का सहारा

**टोंक, (निसं)।** देश के रेहडी पटरी पर फल बेचने वालों या कामगारों, श्रमिकों एवं शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुधारने और उनके काम को बढाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। केंद्र सरकार की इस योजना के जरिए टोंक शहर में रहने वाले मोनू साहू, रामनारायण कुम्हार एवं पवन कुमार बैरवा की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और इनका काम बढ़ने से आमदनी में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

### सेमेस्टर फर्स्ट की परीक्षाएं शुरू

**निवाई, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय निवाई में गुरूवार से बीए प्रथम वर्ष व बीएससी प्रथम वर्ष के सेमेस्टर फर्स्ट की परीक्षाएं शुरू हो गई है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने परीक्षार्थियों का परीक्षा से पूर्व तिलक लगाकर स्वागत किया तथा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। प्रभारी डॉ. सुमन ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 से 1 तक प्रथम पारी व 2 से 5 तक द्वितीय पारी में संचालित होगी।

### वानरों को केले खिलाएं

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** यंग इंडिया फ़ाउण्डेशन टीम के द्वारा शुक्रवार को माकर कुण्डा धाम में वानर मित्रों को केले व सेव खिलाए गए। यंग इंडिया फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि इंसान तो कहीं से भी अपना पेट भर सकता है, लेकिन बेजुबान पशु-पक्षी किसको कहेंगे। पशु-पक्षी प्रकृति का संतुलन बनाए रखते हैं। हमें इंसानों का साथ इन बेजुबानों का ध्यान भी रखना चाहिए।

### आज तीन घंटे रहेगी विद्युत कटौती

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मालपुरा के सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि शुक्रवार को 132 केवी जीएसएस किशनगढ पर आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तीन सम्पूर्ण मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में विद्युत कटोती रहेगी।

# अवैध हथियारों के साथ तीन इनामी बदमाश गिरफ्तार

- पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे थे, पीछा कर पकड़ा
- प्रागपुरा थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरतार किया है। तीनों बिलाली, वीर तेजाजी नगर, बास दयाल के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों पर पंद्रह व तीन हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। आरोपी बडी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

मामले की जानकारी देते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि संपूर्ण प्रदेश में दो दिवसीय राज्यव्यापी अभियान एरिया डोमिनेशन के तहत हार्डकोर अपराधियों, सक्रिय हिस्ट्री शीटर, फायर अर्म्स एक्ट मे चालान शुदा अपराधियों एवं उनके सह अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम व साइबर सेल कोटपुतली बहरोड एवं डीएसटी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पिछले एक माह से लगातार सोशल मीडिया पर मोनिटिरिंग के दौरान तकनीकी रूप से आसूचना प्राप्त कर 7 फरवरी को सोनू बालास, कालू बिलाली की गतिविधियाँ ग्राम भालोजी, बसई, राजनौता होना पाया गया।



प्रागपुरा थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

जिस पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा को सूचित किया गया। जिस पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा मय जाप्ता पाछुडाला गांव पहुँचे। जहाँ मुखबीर की सूचना पर एक काले रंग की बिना नंबर की मेजर जीप में तीन शख्स हाथो में हथियार लहराते हुए प्रागपुरा की तरफ भागने लगे। वही पुलिस द्वारा पीछा करते देख ग्राम दांतिल के पास जीप खडी कर पहाडी की तरफ भागने लगे व पीछा कर रहे हेड कांस्टेबल संदीप व कांस्टेबल विक्रम, सत्यपाल सहित पुलिस जाप्ता पर हथियारों से फायरिंग की। जिस पर हेड कांस्टेबल संदीप सहित पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर तीनो शख्सों को पकडकर उनके कब्जे से 6 पिस्टल, 4 देशी कट्टे, 1 रिवाल्वर, 5 मैगजीन, 5 लीटर केशर युक्त हथ कंड शराब व घटना मे प्रयुक्त वाहन मेजर डीआई जप्त कर तेजपाल उर्फ कालू बिलाली पुत्र स्व. गिरधारी लाल 27 साल निवासी बिलाली, सुबेसिंह उर्फ सुब्बा पुत्र सुरेश 22 साल निवासी वीर तेजाजी नगर, सोनू बालास उर्फ सोहनलाल पुत्र मालाराम 28 साल निवासी बासदयाल को गिरतार कर आर्म्स एक्ट मे मामला दर्ज किया गया है। वही गौरतलब है कि पकडे गए बदमाशों के खिलाफ प्रागपुरा, विराटनगर, बांसूर, बूंदी, कोटपुतली, अलवर थाने मे जघन्य अपराधो में मामले दर्ज है। वही गिरफ्तार बदमाशों से अनुसंधान जारी है।

### 'बजट सभी वर्गों को साधने वाला'

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में अंतरिम बजट पेश किया। राजस्थान बजट पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट सभी वर्गों को साधने वाला है तथा ये युवा, ग़रीब, महिला, किसान, बुजुर्ग और कर्मचारी आदि पर आधारित है। बजट में मंडी टैक्स समाप्त करने से चीनी और गुड सस्ते होंगे। सामाजिक सुरक्षा के तहत महिलाओं व बुजुर्गों की पेंशन में 150 रुपए का इजाफा, बुजुर्गों का रोडवेज किराए में 50 फीसदी की छूट मिलेगी, युवाओं के लिए 70 हजार नई भर्तियों की घोषणा, लाडो प्रोत्साहन योजना में गरीब परिवार में बेटी होने पर 1 लाख का सेविंग बॉन्ड मिलेगा। प्रसव राशि भी 6 हजार की गई। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड बनेंगे। पहले फेज में 5 लाख गोपालकों को कर्ज भी दिया जाएगा, आशा सहयोगी व अन्य को 20 मंदिरों के विकास के लिए 315 करोड़ का बजट देने सहित प्रदेश के चहुंमुखी विकास करने वाला बजट है।

# कलेक्टर ने उपखंड व तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिये

- उपस्थिति पंजिका की जांच भी की

**निवाई, (निसं)।** जिला कलेक्टर सौम्या झा ने गुरूवार को उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय व राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम ने कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर जब्त करके जांच की।

जिला कलेक्टर सौम्या झा ने तहसील कार्यालय में राजस्व विभाग एवं कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करके वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की कंप्यूटर ऑपरेटर से जानकारी ली। राजस्व कार्य देख रहे रामकिशन वर्मा से राजस्व रिकॉर्ड की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई व सीएचसी निवाई के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र चौधरी से



राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से जिला कलेक्टर सौम्या झा ने जानकारी ली।

सीएचसी की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने राजकीय चिकित्सालय में महिला व पुरुष वार्ड, इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, आउटडोर, मेडिकल स्टोर, पर्ची काउंटर प्रसुति कक्ष, एक्सरे रूम, निःशुल्क दवा योजना काउन्टर का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ से एनबीएसयू नवजात शिशु रूम का भी किया निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने सीएचसी जांच लैबोरेट्री में लैब असिस्टेंट से मरीजों को मिल रही जांच सुविधा की जानकारी ली। सीएचसी में बाथरूम की गंदगी व परिसर में अव्यवस्थित ढंग से पार्किंग में अलग से खडे वाहनों को लेकर चिकित्सा प्रभारी डॉ. के.के. विजय को तुरंत प्रभाव से व्यवस्था सुधाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिला कलेक्टर समंदरसिंह भाटी, तहसीलदार अजीतसिंह बुंदेला, डीएसपी महावीरसिंह शेखावत, थाना अधिकारी हरिपाल सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिनारायण मीणा, सार्वजनिक निर्माण के सहायक अभियंता रामगोपाल सेवालिया व रविन्द्र वर्मा सहित ब्लॉक के विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# आसलपुर जोबनेर में ट्रेन का स्टॉपेज रद्द, यात्री परेशान

- मण्डल रेल प्रबंधक व वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के. के. मीना से शिष्टाचार भेंट करते हुए पुनः ठहराव करने की मांग

**फुलेरा, (निसं)।** जनता अपने जनप्रतिनिधियों को वोट देकर इस उम्मीद के साथ जीत हासिल करवाती है कि वह उनके क्षेत्र के विकास के साथ ही उनकी विभिन्न समस्याओं का निराकरण करेंगे। परन्तु बहुत कम ऐसी स्थिति देखने को मिलती है।

ऐसा ही माजरा आसलपुर जोबनेर व आसपास के वासियों के साथ देखने को मिला है। जहां पर प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का स्टॉपेज रद्द कर दिया गया है। जिसके चलते सैकडो दैनिक रेल यात्रियों व आम यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है साथ ही इस कारण शाम को पीछे आ रही दूसरी ट्रेन जयपुर भोपाल ट्रेन में यात्रियों की और ज्यादा बढ गयी है। गौरतलब है कि आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर पहले गाडी संख्या 14645-14646 का ठहराव सप्ताह में चार दिन होता था परन्तु रेल प्रशासन द्वारा 1 फरवरी से ट्रेन के नम्बर बदलकर 14661-14662 शालीमार मालानी एक्सप्रेस के नाम से पूरे 7 दिन ट्रेन को चलाया जा रहा है। इस कारण इसका स्टॉपेज आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर रद्द कर दिया गया है। उपरोक्त समस्याओं को लेकर दैनिक रेल यात्री महासंघ आसलपुर जोबनेर द्वारा अपने जनप्रतिनिधि विधायक राज्यवर्धन सिंह से पुनः ठहराव की मांग की गई परन्तु अब तक मांग पूरी नहीं हुई है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा अध्यक्ष अशोक वासदेव ने आगे बताया कि इस संबंध में दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत व दैनिक रेल यात्री महासंघ आसलपुर जोबनेर द्वारा संयुक्त रूप से मण्डल रेल प्रबंधक व वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के. के. मीना से शिष्टाचार भेंट करते हुए एवं ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि इस ट्रेन का आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर पुनः ठहराव किया जाये। क्योंकि यह ट्रेन 7 दिन ही वही पुराने वाले समय, पहले वाले ही ठहराव आसलपुर जोबनेर को छोड़कर दिये गये है।

इसी क्रम में आगे बताया कि यहां पर लोकप्रिय एवं लोकदेवी ज्वाला माता का प्रसिद्ध मन्दिर होने के कारण भारी संख्या में यहां पर श्रद्धालु आते है। वहीं कृषि कॉलेज होने के कारण भी काफी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन के लिए भी यहां पर ट्रेनों से ही आते है।

## अखंड रामायण पाठ रथ अयोध्या धाम के लिए रवाना

- बस स्टैंड बालाजी पर रथ की विधि विधान से की पूजा
- जगह-जगह पुष्प वर्षा कर अखंड रामायण पाठ रथ का भव्य स्वागत एवं राम रथ की महाआरती की

**निवाई, (निसं)।** श्री राम भरोसे आश्रम के महंत राम भरोसे दास महाराज के सानिध्य में 15 दिवसीय अखंड रामायण रथ यात्रा गुरूवार को संतों व महंतों की मौजूदगी में गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई।

पं.परशुराम शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड बालाजी से अखंड रामायण पाठ रथ का विधि विधान से पूजा अर्चना कर महंत रामभरोसे दास महाराज के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विशाल मोटरसाइकिल रैली का भी आयोजन किया गया। रथ यात्रा के आगे मोटरसाईकिल रैली चल रही थी। अखंड रामायण पाठ रथ यात्रा शहर के अहिंसा सर्किल, बडी का मंदिर, राधा दामोदर सर्किल, जमात, एफसीआई गोदाम, बनस्थली मोड से बाईपास तक आयोजित की गई। इस दौरान शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर अखंड रामायण पाठ रथ का भव्य स्वागत किया एवं राम रथ की महाआरती भी की। विशाल मोटरसाइकिल रैली में युवा जय श्री राम के नारे लगाते चल रहे थे। पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर सीताराम स्वामी, शैलेंद्र शर्मा, उम्मेद सिंह, मुकेश मीणा, दुष्यंत पारीक, कमल जैन, लोकेश पटेल, प्रेमसिंह राजावत, गोलू सिरस, वीरेंद्र गौतम, दीपेश चंवरिया, रमाकांत शर्मा, शुभम सोनी, गोलू बैरवा, राजेश भट्ट, पंकज साहू, खुशीराम भूमला, गणेश सैनी, दिनेश सोनी, महेश भावता, राहुल चौधरी व मदन तिवारी सहित सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।

# कलेक्टर ने अनियमितताओं पर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए

- पुलिस थाना सहित एसडीएम, पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल तिजारा जिले की तिजारा पंचायत समिति के सभागार में जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय एवं परिवेदनाओं के निस्तारण को लेकर ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के साथ जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति व पुलिस थाने एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमिताओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रकरण आए जिसमें मौके पर शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर ने मौके पर मौजूद लोगों की समस्याओं एवं सार्वजनिक समस्याओं के प्रार्थना पत्रों पर संबंधित अधिकारी व कार्मिकों को निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा की समस्याओं का निस्तारण स्थानीय स्तर पर होना चाहिए ताकि परिवादियों को जिला स्तर पर नहीं जाना पडे। कलेक्टर ने अधिकारी कार्मिकों को साफ शब्दों में कहा किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जायेंगी।



कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने तिजारा पुलिस थाने का निरीक्षण किया।

जनसुनवाई के उपरांत जिला कलेक्टर ढाका ने पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर तिजारा पुलिस थाने निरीक्षण के लिए पहुंचे। रिकॉर्ड रूम में फाइल अस्त-व्यस्त मिलने व स्वागत कक्ष टॉयलेट गंदे पाए जाने पर थाना अधिकारी को सुधार के निर्देश देते हुए फटकार लगाई। जिला कलेक्टर ने बंदी गृह व मलखाना सशस्त्र आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बाद में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया और अधिकारी को लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अश्विन के. पंवार, एसडीएम तिजारा अनूप सिंह, एसडीएम टपूकडा सत्यनारायण, तहसीलदार बसंत, ठाम विकास अधिकारी, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, एसीबीओ, विद्युत सहायक अभियंता, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता, जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता सहित समस्त विभाग के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने अटल सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया

**निवाई, (निसं)।** जिला कलेक्टर सौम्या झा ने गुरूवार को अटल सेवा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण करके जनसुनवाई की। जिला कलेक्टर झा ने उपखंड क्षेत्र के विभागीय अधिकारियों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल संचालन के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से राज्य सरकार की जनहित की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान आने वाली जन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अटल सेवा केंद्र के बाहर बने हुए बाथरूम के परिसर की गंदगी को देखकर विकास अधिकारी रानू इंकिया को तुरंत प्रभाव से बाथरूम की साफ-सफाई करवाकर 7 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, नगर पालिका, पुलिस प्रशासन, महिला एवं बाल विकास के अधिकारी सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



**टोंक, (निसं)।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण पर्व श्री दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक में धूमधाम हर्षोल्लाह से साथ मनाया गया। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं कमल सर्राफ ने बताया कि प्रातःकाल अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात आदिनाथ भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर श्री जी समक्ष अघ्र्य समर्पित किए गए, तत्पश्चात श्रद्धालु द्वारा निर्वाण कांड बोलकर निर्वाण लड्डू आदिनाथ भगवान के जयकारों के साथ चढ़ाया गया । इस मौके पर संजय संघी, अंकुर पाटनी, ओम ककोड, मुकेश बरवास, सक्षम पासरोटियां, आयुष फुलेता एवं हर्षित मोहम्मद गढ आदि मौजूद थे।

### मशाल रैली का आयोजन




**टोंक, (निसं)।** यूथ कांग्रेस टोंक ने टोंक में मशाल रैली का आयोजन किया। युवा कांग्रेस के टोंक जिलाध्यक्ष हंसराज गुंजल ने बताया कि राहुल गांधी देश में व्याप्त बेरोजगारी एवं अन्याय के खिलाफ न्याय यात्रा पर निकले हुए हैं। उसी की तर्ज पर यूथ कांग्रेस रोजगार दो, न्याय दो के तहत टोंक में भी सैकडों युवाओं के साथ बुधवार की शाम को घंटाघर से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तक "मशाल जुलूस" निकाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद रहे। उन्होंने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आव्हान किया। मशाल जुलूस में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, सरपंच संघ उपाध्यक्ष हंसराज फागणा, जिला परिषद सदस्य संपत महुआ, सरपंच मुकेश घांस, यूथ कांठोस से आतिफ नकवी, दीपेन्द्र चौधरी, घनश्याम धारोला, फोजूराम मीणा, भागचंद गुर्जर, महेंद्र काबरा, जसराम मीणा, जर्रार खान, सेवादल अध्यक्ष खालिक खान, एडवोकेट भागचंद, किरोड़ीलाल मीणा, पंकज यादव, शाहजेब खान, किशन देवरी, बाबू लाल नेकाडी, शैलेंद्र शर्मा, रोनित जैन, सरदार डोडवाडी, धनराज नेकाडी, नरेंद्र अलीपुरा सहित सैंकडों युवा ने नारेबाजी के साथ मशाल जुलूस में भाग लिया।

### महाआरती में श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**निवाई, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के अंतरराष्ट्रीय संयोजक महावीरप्रसाद टोरडी गुरूवार को गांव सोहेला में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर श्रीमद भागवत कथा की महाआरती की। कथा वाचक आचार्य पंडित अजय दाधीच द्वारा भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की जानकारी देते हुए कथा का वाचन किया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। कथा में संयोजक महावीरप्रसाद टोरडी के पहुंचने पर कथा वाचक आचार्य अजय दाधीच के सानिध्य में आयोजन समिति व ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय संयोजक महावीरप्रसाद टोरडी ने भारत व नेपाल के सामाजिक संबंधों के साथ-साथ हमारे सांस्कृतिक संबंधों तथा श्रीमद् भागवत के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनकर सुरक्षा परिषद में पहुंचे। उक्त उद्देश्यों को लेकर इंडो नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा सभी राज्यों में की जा रही है। सांस्कृतिक सचिव लाल बहादुर व विवेक स्वामी ने बताया कि कथा का आयोजन भव्य रूप से साप्ताहिक समारोह के रूप में किया जा रहा है। गुरूवार को महाआरती में संयोजक महावीरप्रसाद टोरडी को आमंत्रित किया गया था जिसपर वह यहां उपस्थित होकर सभी से रूबरू हुए तथा 30 मार्च को राजस्थान दिवस के उपलक्ष में जयपुर शहर में 22 राष्ट्रों के महा सम्मेलन में सभी को आमंत्रित किया।

### 34 जोड़ों का दहेज मुक्त निकाह

**मालपुरा, (निसं)।** इस्लाम धर्म एवं मोहम्मद साहब की शिक्षा के प्रचार-प्रसार को लेकर मालपुरा में आयोजित तीन दिवसीय दीनी तब्लिगी इज्तिमा का गुरूवार को समापन हुआ। तीन दिवसीय समारोह मे जिलेभर से सो से अधिक जमातो के हजारो मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे। इज्तिमा मे मौजूद हजारों लोगों की साक्षी में समाज के 34 जोडों का दहेज मुक्त निकाह करवाया गया। दोनों ने एक-दूजे का निकाह कबूलनामा पढते हुये एक-दुजे को अपना जीवनसाथी चुना। गुरूवार को समापन समारोह से पूर्व हुये समारोह में अमीर जमाअत, मौलवी चिरागुदीन ने कहा कि हमे ईश्वर ने नेकी के लिये मनुष्य जीवन दिया है। तरक्की की राह पर चलकर एक-दूजे की भलाई करनी चाहिये। तीन दिवीसय समारोह में पहुंची हजारों की भीड को नियंत्रित करने के लिए तथा समारोह के सफल संचालन मे कोम की युवा टीम की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

# कार्यकर्ताओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं : रामलाल

- भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में पहुँचे कार्यकर्ता
- श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व विकसित भारत विजय संकल्प यात्रा पर चर्चा

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं शहर के रेनवाल रोड स्थित रजवाडा रिसोर्ट् में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के नगर और देहात मंडल के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन रखा गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पार्टी की आगामी कार्ययोजना को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा परिचर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निराश और हताश नहीं होने की बात कही। कार्यकर्ता अपनी पूरी लगन और मेहनत से पार्टी कार्यों को करते रहने का आव्हान करते हुए कहा कि आपके हर सुख दुख में, मैं आपके बीच उपस्थित रहूँगा। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम भव्य और दिव्य राम मंदिर में हम सब भारतीयों की 500 वर्षों की तपस्या के पूर्ण होने पर हमे दिवाली के रूप में अपने अपने घरों पर दीपक, मंदिरों में सजावट कर हर्षोल्लास से मनाना है।

साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा विधानसभा क्षेत्र चौमूं के प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहर में शिविर लगाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है आप इन शिविरों के माध्यम से अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने का कार्य करें।

कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, बाँसा मण्डल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, गोविन्दगढ़ कार्यवाहक मण्डल अध्यक्ष गोपाल डेनवाल, जितेन्द्र सिंह, गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, जयप्रकाश चौधरी, पूर्व प्रधान महेश मीणा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अर्चना कुमावत, नानुराम सैनी, दिनेश गोरा, कालूराम जाट अर्जुन यादव, जगदीश यादव सहित पार्टी पदाधिकारी, मण्डल कार्यकारिणी, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी, भाजपा कार्यकर्ता, ज़िला परिषद सदस्य वर्तमान एवं पूर्व, पंचायत समिति सदस्य वर्तमान एवं पूर्व, पार्षद वर्तमान एवं पूर्व, सरपंचगण वर्तमान एवं पूर्व, भाजपा कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहें।




टी-20 वर्ल्ड कप 2024 उनका आखिरी टूर्नामेंट मरून जर्सी में होगा। ये टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि अगर टीम चाहेगी तो वे इसके बाद भी उपलब्ध रहेंगे।
-आंद्रे रसेल

वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर, अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**राफ मैकमिलन**

**ऑस्ट्रेलिया** को जीत के लिए 3 रन आखिरी ओवर में चाहिए थे और पाकिस्तान को एक विकेट चाहिए था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज राफ मैकमिलन ने चौका जड़कर ऑस्ट्रेलिया को फाइनल का टिकट दिला दिया। ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से जीत मिली और अब फाइनल में कंगारू टीम को भारत से भिड़ना है। ये मैच रविवार 11 फरवरी को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ह्यू वेइबगेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कप्तान का ये फैसला सही साबित हुआ, क्योंकि पाकिस्तान की टीम 179 रनों पर ढेर हो गई।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# कप्तान उदय सहारन ने बताया, कैसे भारत जीतेगा 19 विश्वकप



नई दिल्ली, 8 फरवरी। भारत की अंडर 19 टीम के कप्तान उदय सहारन ने बताया है कि टीम आपसी तालमेल के कारण 19 वर्ल्ड कप जीतेगी। फिर चाहे उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम हो या पाकिस्तान की टीम हो। लगातार पांचवीं बार अंडर 19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को दिया है। उन्होंने कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है। फाइनल में भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान या फिर ऑस्ट्रेलिया से होना है। दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच जारी है। भारत का अंडर19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले नौ में से सात बार टीम फाइनल में पहुंची है।

हर बार किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है। सहारन ने बेनोनी के विलोरमूर पार्क पर टीम के अभ्यास सत्र से इतर भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा, हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है। श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा, बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं। भारत का टूर्नामेंट में इतना दबदबा रहा है। हमारे सभी खिलाड़ी लय में हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक टूर्नामेंट में छह मैचों में सर्वाधिक 389 रन बना चुके सहारन ने कहा, फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी टीम पर फोकस नहीं कर रहे और अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं।

हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। यह पूछने पर कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्या बदला दिमाग में होगा, क्योंकि सीनियर टीम पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल उससे हारी थी, इसके जवाब में उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं सोच रहे हैं। हम अपने खेल पर फोकस कर रहे हैं और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। मैच हालात के हिसाब से खेल रहे हैं। हर मैच महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह विश्व कप है और सारी टीमें अच्छी हैं। अंडर 19 विश्व कप ने भारत को मोहम्मद कैफ, विराट कोहली, शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी दिए हैं, क्या इस विरासत से अतिरिक्त दबाव महसूस करते हैं, यह पूछने पर उन्होंने कहा, मैं इस बारे में कभी सोचता ही नहीं हूं।

अतीत के बारे में सोचता नहीं हूं। सिर्फ इतना सोचता हूं कि अपना सर्वश्रेष्ठ टीम के लिए कैसे दे सकता हूं और टीम से सर्वश्रेष्ठ कैसे निकाल सकता हूं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय चार विकेट 32 रन पर गंवाने के बाद टीम को संकट से निकालते हुए सहारन ने सचिन धास (96) के साथ पांचवें विकेट के लिये रिकॉर्ड 171 रन की साझेदारी करके जीत दिलाई। उस पारी को लेकर उन्होंने कहा, मेरे पापा ने सिखाया है कि जितना हो सके लंबे समय तक टिके रहना है।

मैच को फिनिश करना है और मैं कोशिश करता हूं कि अंत तक जिम्मेदारी निभाऊं। टीम को जीत तक लेकर जाऊं। बाउचर के बयान पर रितिका का पलटवार, आकाश चोपड़ा बोले- हार्दिक के लिए मुश्किल होने वाली है। उन्होंने कहा, हम पहले भी बहुत सारे कैंप्स में भाग ले चुके हैं और बहुत दबाव वाले मैच खेल सकते हैं। हम बहुत कड़ा अभ्यास करते हैं और दबाव के हालात में भी अभ्यास करते हैं। जैसी जरूरत है, वैसा ही अभ्यास करते हैं और फोकस इसी पर रहता है कि मैदान पर उस पर अमल करें। मैदान पर शांतचित्त रहने को अपना स्वभाव बताते हुए उन्होंने कहा, मुझे कुछ अलग से करना ही नहीं पड़ता।

# इंडिया वर्सेज इंग्लैंड : विराट कोहली का तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका

नई दिल्ली, 8 फरवरी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज केआगामी दो टेस्ट मैचों में विराट कोहली की अनुपस्थिति भारत के लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा। यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है जिसमें कहा गया है कि व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट नहीं खेलने के बाद कोहली राजकोट और रांची में होने वाले तीसरे और चौथे टेस्ट में भी नहीं खेल पाएंगे।

विराट कोहली के दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है, इस वजह से वह इन दिनों अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ ही हैं। बता दें, 5 मैच की यह टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। हैदराबाद में इंग्लैंड ने 28 रनों से जीत दर्ज की थी, वहीं मेहमानों को भारत ने विशाखापट्टनम टेस्ट में 106 रनों से रौंदकर हिसाब चुकता किया था। वर्ल्ड नंबर वन बनने के बाद भी खुश नहीं है जसप्रीत बुमराह, सोशल मीडिया पर शेयर किया इमोशनल पोस्ट।

हालांकि नासिर हुसैन ने 15 साल से अधिक समय तक लगातार क्रिकेट खेलने के बाद विराट कोहली को अपने निजी जीवन को प्राथमिकता देने का समर्थन किया है। इस बीच, उन्होंने स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में वापसी करने और कोहली की अनुपस्थिति में मेजबान टीम के लिए बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने का समर्थन किया है।

नासिर हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ''यह भारत के लिए झटका होगा, सीरीज के लिए झटका होगा, वर्ल्ड क्रिकेट के लिए झटका होगा। यह एक स्पेशल सीरीज होने वाली है, पहले दो गेम पहले से ही आकर्षक रहे हैं, और कोई गलती न करें, विराट कोहली इस खेल और किसी भी सीरीज में खेलने वाले सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं और किसी भी टीम को उस कद के खिलाड़ी की कमी खलेगी।''

पूर्व इंग्लिश कप्तान ने आगे कहा, ''कोहली और उनके परिवार और उनका निजी जीवन पहले है, इसलिए यह भारत के लिए एक झटका है, लेकिन जैसा कि हमने देखा है उनके पास बहुत अच्छे युवा बल्लेबाज हैं। लेकिन केएल राहुल पिछले कुछ महीनों में भारत के लिए सभी फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि उनकी टीम में वापसी होगी और वह बैटिंग यूनिट को मजबूती प्रदान करेंगे।''

## राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप में पदक विजेताओं से मिले अभिनव, दी बधाई

देहरादून, 8 फरवरी। उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने गुरुवार बारहवीं अखिल भारतीय तीरंदाजी (आर्चरी) चैंपियनशिप 2023-24 के पदक विजेताओं से भेंट की। अभिनव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुये भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी कड़ी मेहनत एवं लगन से अभ्यास करने, स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। राज्य पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन ने बताया कि 30 जनवरी से 04 फरवरी तक बेंगलुरु (कर्नाटक) में 12वीं अखिल भारतीय आर्चरी चैंपियनशिप 2023-24 आयोजित हुई। जिसमें उत्तराखण्ड पुलिस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

**टीम इंडिया के लिए बीसीसीआई का फरमान**

## तीसरे टेस्ट से पहले 11 तक पहुंचे राजकोट

नई दिल्ली, 8 फरवरी। बीसीसीआई ने रोहित शर्मा एंड टीम को 11 फरवरी तक राजकोट पहुंचने का फरमान जारी किया है। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मैच 2 फरवरी से 6 फरवरी के बीच खेला जाना था लेकिन चौथे दिन ही भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 106 रनों से जीत दर्ज कर ली थी। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से राजकोट में तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले ही बीसीसीआई ने रोहित शर्मा एंड टीम को 11 फरवरी तक राजकोट पहुंचने का फरमान जारी किया है। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मैच 2 फरवरी से 6 फरवरी के बीच खेला जाना था लेकिन चौथे दिन ही भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 106 रनों से जीत दर्ज कर ली थी। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। दरअसल, दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच 10 दिन के लंबे ब्रेक के कारण दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने ब्रेक लिया है।

# डेरिल मिशेल दूसरे टेस्ट और टी-20 श्रृंखला से बाहर

सिडनी, 8 फरवरी। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिशेल को पैर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले दूसरे टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। मिशेल पिछले छह सात महीने से चोट की चोट की समस्या से जूझ रहे है।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 53.46 की औसत से रन बनाये है। चोट के कारण उन्हें जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टी-20 मैच से आराम दिया गया था। लेकिन अब टीम के चयनकर्ताओं ने मिशेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ देने और पूरी तरह फीट होने के लिए लंबे समय तक टीम से बाहर रखने का फैसला किया है।

न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, हमने पहले उन्हें थोड़ा आराम देने का फैसला लिया, लेकिन इस पर चिकित्सकीय सलाह लेने के बाद यह संभावना है कि उन्हें लंबे समय तक आराम की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह वास्तव में कठिन है, क्योंकि अगले सप्ताह में बहुत अधिक ब्रेक नहीं आने वाले हैं, जबकि ऐसा सोचा गया था कि इससे हमें प्रयास करने और उसे फिर से सर्वोत्तम का मौका देने के लिए करीब तीन सप्ताह का समय मिलता है।

उन्होंने कहा, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यह उस अवधि में भी प्रयाप्त होगी, लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि इससे उनके हमारे साथ लंबे समय तक रहने की संभावना में सुधार होगा। ऐसा माना जा रहा है कि मिशेल के स्थान पर विल यंग को टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में शामिल किया जा सकता हैं।

## अमेरिका के खिलाफ भारतीय महिला टीम वापसी के लिए लगाएंगी जोर

नई दिल्ली, 8 फरवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-24 सत्र में लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जब अमेरिका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद से सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम का प्रदर्शन में लगातार गिरावट आयी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 सत्र में लगातार तीन हार के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार को जब अमेरिका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद से सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम का प्रदर्शन में लगातार गिरावट आयी है। एफआईएच प्रो लीग के इस सत्र में भारतीय टीम को चीन ने 1-2, नीदरलैंड ने 1-3 और फिर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम की लगातार हार पर सविता ने कहा कि, शुरुआती मैचों में हमें कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन संघर्ष करने वाली टीम है। प्रत्येक हार ने टीम को सीखने, परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और मजबूत होकर वापसी करने के दृढ़ संकल्प को बढाया है।'' भारतीय कप्तान ने कहा कि, अमेरिका के खिलाफ आगामी मुकाबला हमारी वास्तविक क्षमता को दिखाने और टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने का एक मौका है।'' टूर्नामेंट में हालांकि अमेरिका का प्रदर्शन भी अब तक निराशाजनक रहा है। टीम को नीदरलैंड (0-7), ऑस्ट्रेलिया (0-3) और चीन (1-3) के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा है।

## एफआईएच प्रो. लीग से वरुण कुमार ने नाम वापस लिया, नाबालिग से रेप का लगा है आरोप

नई दिल्ली, 8 फरवरी। अर्जुन पुरस्कार विजेता भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार ने नाबालिग के साथ रेप के आरोप लगने और दर्ज होने के बाद भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से नाम वापस ले लिया है। 28 वर्षीय खिलाड़ी को तत्काल अवकाश दे दिया है क्योंकि इस खिलाड़ी ने कहा था कि इस घटना से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। पॉक्सो कानून के तहत बलात्कार के आरोपी और अर्जुन पुरस्कार विजेता भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार ने इसे 'पैसे ऐंठने का सुनियोजित प्रयास' करार देते हुए अपने पर लगाए गए आरोपों के खिलाफ कानूनी विकल्प तलाशने के लिए भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से नाम वापस ले लिया है। हॉकी इंडिया ने इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को तत्काल अवकाश दे दिया है क्योंकि इस खिलाड़ी ने कहा था कि इस घटना से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है।

**क्रिकेटर आंद्रे रसेल ने किया रिटायरमेंट का ऐलान**

## वेस्टइंडीज की टीम के लिए ये होगा उनका आखिरी टूर्नामेंट

नई दिल्ली, 8 फरवरी। वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। हालांकि, वे तत्काल प्रभाव से संन्यास नहीं ले रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि वे कब अपना आखिरी मुकाबला खेलेंगे। रसेल ने जानकारी दी है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 उनका आखिरी टूर्नामेंट मरून जर्सी में होगा। ये टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि अगर टीम चाहेगी तो वे इसके बाद भी उपलब्ध रहेंगे।

दरअसल, वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जल्द शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए मजबूत टीम चुनी है। वेस्टइंडीज के जो खिलाड़ी टेस्ट और वनडे सीरीज से बाहर थे, उनको भी टीम में शामिल किया है, जो काफी समय से टी20 टीम का हिस्सा थे। वेस्टइंडीज की टीम टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए मजबूत प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान पर उतरना चाहती है। ऑस्ट्रेलिया ने भी ऐसा ही किया है।

कप्तान उदय सहारन ने बताया : बात अगर आंद्रे रसेल की करें तो वे यूएई में 2021 विश्व कप के बाद पहली बार दिसंबर 2023 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते नजर आए थे। व्हाइट बॉल क्रिकेट में वेस्टइंडीज टीम के नए कोच डैरेन सैमी ने उनको वापस बुलाया था। उन्होंने अपने पहले आउटिंग में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता था। इसके बाद संकेत दिया था कि इस साल का विश्व कप उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक सेमीफाइनल में पाक को एक विकेट से हराया, फाइनल भारत से होगा

नई दिल्ली, 8 फरवरी। पाकिस्तान वर्सेस ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल आज यानी 8 फरवरी कोबेनोनी केविलोमूर पार्क में खेला गया। ये रोमांचक मैच था, क्योंकि आखिरी ओवर तक चला। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 3 रन आखिरी ओवर में चाहिए थे और पाकिस्तान को एक विकेट चाहिए था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज राफ मैकमिलन ने चौका जड़कर ऑस्ट्रेलिया को फाइनल का टिकट दिला दिया। ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से जीत मिली और अब फाइनल में कंगारू टीम को भारत से भिड़ना है। ये मैच रविवार 11 फरवरी को खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तानह्यू वेइबगेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कप्तान का ये फैसला सही साबित हुआ, क्योंकि पाकिस्तान की टीम 179 रनों पर ढेर हो गई। ऐसे में फाइनल में भारत से भिड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया को 180 रन बनाने थे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया की टीम की हालत भी पाकिस्तान ने खस्ता कर दी, क्योंकि 9 विकेट 164 रन पर



चटका दिए थे। हालांकि, जीत के लिए बाकी के 16 रन आखिरी के दो बल्लेबाजों ने जैसे-तैसे जुटाए और टीम को फाइनल में पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए हैरी डिक्सन ने शानदार अर्धशतक जड़ा, जबकि अली रजा ने पाकिस्तान के लिए 4 विकेट लिए।

**मोहम्मद शमी ने पूर्व पाक क्रिकेटर को लताड़ा**

## वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पेसर पर किया था कमेंट

*नई दिल्ली, 8 फरवरी। शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हसन रजा द्वारा किए गए कमेंट पर पलटवार किया है। बता दें कि, वर्ल्ड कप के दौरान शमी और सिराज की गेंदबाजी को लेकर रजा ने कहा था कि, आईसीसी या भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहे थे। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। वहीं इन दिनों शमी पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा को लताड़ते हुए नजर आए हैं। दरअसल, उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हसन रजा द्वारा किए गए कमेंट पर पलटवार किया है। बता दें कि, वर्ल्ड कप के दौरान शमी और सिराज की गेंदबाजी को लेकर रजा ने कहा था कि, आईसीसी या भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहे थे। पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में हुआ था। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा, साथ ही टीम के गेंदबाजों ने दुनिया को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। जिस पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा ने एक टीवी शो में कहा था कि, आईसीसी या बीसीसीआई भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहा था, जिससे भारतीय पेसर्स को बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर भी दूसरे देशों के गेंदबाजों की तुलना में ज्यादा स्विंग मिल रही थी। हसन रजा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए मैच के बाद कहा था कि, ऐसा लगता है कि गेंद दूसरी पारी में बदल जाती है। मुझे लगता है कि आईसीसी, अंपायर या बीसीसीआई भारतीय तेज गेंदबाजों को अलग गेंद दे रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 350 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम की तो हालत खराब हो गई और वो पूरी तरह पिछड़ गई। जिस तरह शमी ने अपनी पहली गेंद फेंकी। यहां तक कि एंजेलो मैथ्यूज भी हैरान रह गए थे। जब हम खेल रहे थे, तो केवल एक गेंद का इस्तेमाल होता था और स्विंग के साथ-साथ रिवर्स स्विंग भी होती थी। जिस मुकाबले की बात रजा कर रहे थे उसमें भारत ने 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन बनाए थे। जबकि विपक्षी टीम श्रीलंका 55 रन पर ही ढेर हो गई थी। भारत ने 302 रन से मैच अपने नाम किया था। रजा के इस बयान पर शमी ने कहा कि, लगता है कि पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर को भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से जलन हो रही थी।*

# वेर्नोन फिलैंडर ने की भविष्यवाणी, कहा- जसप्रीत बुमराह मचाएंगे तूफान

नई दिल्ली, 8 फरवरी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि, बुमराह इस समय बेहतरीन गेंदबाज हैं। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है।

क्रिकेट के सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे।

वहीं फिलैंडर ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि, बुमराह इस समय बेहतरीन गेंदबाज हैं। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है।

उन्होंने आगे कहा कि, वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी20 क्रिकेट में भी कभी कमतर नहीं आंका जा सकता। वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिये मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी20 क्रिकेट में यही तो चाहिये। मुझे लगता है कि वह टी20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। बता दें कि, टी20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा।

पूर्व दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ी ने मोहम्मद शमी की भी तारीफ करते हुए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिये 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा ,'' भारत के मौजूदा तेज गेंदबाजों से मैं काफी प्रभावित हूं। बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।''

फिलैंडर ने कहा कि विदेशी सरजमीं पर उम्दा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजों का टीम में होना भारतीय क्रिकेट के लिये अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा ,''जब भी भारतीय टीम यहां आती है तो पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करती है। उपमहाद्वीप में स्पिनरों ने भारत को मैच जिताये हैं लेकिन अब उसके पास मैच जिताने वाले तेज गेंदबाज भी हैं। भारत को आस्ट्रेलिया में जीतते देखकर अच्छा लगा जिसका श्रेय विराट कोहली को भी जाता है जब उनकी कप्तानी में गेंदबाजों के प्रदर्शन में निखार देखने को मिला था।'' वह 2019 में आस्ट्रेलिया में खेली गई श्रृंखला का जिक्र कर रहे थे जब विराट कोहली की कप्तानी में पहली बार भारत ने आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला में हराया था। भारत के खिलाफ पांच घरेलू टेस्ट (2013 और 2018) में 25 विकेट लेने वाले फिलैंडर ने कहा कि कोहली उनके लिये सबसे कठिन बल्लेबाज साबित हुए हैं।

## बाउचर के बयान पर रितिका के रिएक्शन से बढ़ी हार्दिक पंड्या की मुश्किल

नई दिल्ली, 8 फरवरी। मुंबई इंडियंस के कोच मार्क बाउचर ने एक इंटरव्यू में इस बारे में बताया था कि क्योंकि टीम ने रोहित शर्मा से कप्तानी छीनकर हार्दिक पंड्या को नया कप्तान नियुक्त किया। इस पर रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने कमेंट किया। जिसके बाद तो ये मामला और बढ़ गया है। वहीं अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि हार्दिक पंड्या के लिए मुश्किल होने वाली है।

पिछले करीब दो-ढाई महीने से मुंबई इंडियंस की कप्तानी लगातार विवादों में है। वहीं इस पर मुंबई इंडियंस के कोच मार्क बाउचर ने एक इंटरव्यू में इस बारे में बताया था कि क्योंकि टीम ने रोहित शर्मा से कप्तानी छीनकर हार्दिक पंड्या को नया कप्तान नियुक्त किया। इस पर रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने कमेंट किया। जिसके बाद तो ये मामला और बढ़ गया है। वहीं अब इस मामले पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि हार्दिक पंड्या के लिए मुश्किल होने वाली है।

बता दें कि, आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, मैंने मार्क बाउचर का एक इंटरव्यू सुना, उसमें वह ये बताने की कोशिश कर रहे थे कि रोहित शर्मा को कप्तानी से क्यों हटाया और हार्दिक को क्यों कप्तान बनाया। वह निश्चित रूप से ये बताने की कोशिश कर रहे थे कि क्रिकेटिंग रीजन्स की वजह से उनको कप्तानी से हटाया गया है। एक तरह से टीम उनसे कप्तानी का बोझ हटाना चाहती ती क्योंकि वे एक अहम बल्लेबाज हैं।

# मोदी सरकार का कांग्रेस के काले कारनामों पर "श्वेत पत्र" जारी

## श्वेत पत्र में यू.पी.ए. के शासन काल, 2004-2010 में हुए 15 प्रमुख "स्कैम्स" की विस्तृत जानकारी दी गयी

■ **यह श्वेत पत्र वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने यू.पी.ए. सरकार के शासन काल में देश की इकॉनमी पर चर्चा करते हुए संसद को दिया।**

नई दिल्ली, 08 फरवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में 2014 के पहले की भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा एक श्वेतपत्र पेश किया। यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बारे में वर्तमान केंद्र सरकार की ओर से जारी श्वेत पत्र में बताया गया है कि, तत्कालीन सरकार आर्थिक क्रियाकलावों को सुचारु रूप से चलाने में विफल रही थी। सरकार की ओर से लिए गए निर्णय देश को और पीछे की ओर ले गए। सरकार ने कहा कि, यूपीए सरकार की आर्थिक नीतियां जब वे सत्ता में आए औसत दर्जे की थीं, जैसे-जैसे दशक बीतता गया वे और खराब होती गईं।

सरकार ने श्वेत पत्र में बताया कि, यूपीए काल के शासक न केवल अर्थव्यवस्था में गतिशीलता लाने में विफल रहे, बल्कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को इस तरह लूटा कि हमारे उद्योगपतियों ने रिकॉर्ड पर कहा कि, वे भारत के बजाय विदेश में निवेश करना पसंद करेंगे। निवेशकों को भगाना आसान है लेकिन उन्हें वापस जीतना कठिन है। सरकार ने श्वेत पत्र में कहा कि, तत्कालीन यूपीए सरकार को एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी और उन्होंने 10 साल बाद हमें एक कमज़ोर अर्थव्यवस्था दी। अब हमने इसकी जीवंतता बहाल कर दी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में पेश किए गए श्वेत पत्र में यूपीए सरकार के दौरान अंधाधुंध राजस्व व्यय, बजट के अतिरिक्त उधारी और बैंकों के एनपीए के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभावों का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि यूपीए के कार्यकाल में 15 घोटाले हुए।

कुल 59 पेज वाले 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र' के मुताबिक, जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता संभाली तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी और सार्वजनिक वित्त खराब स्थिति में था। साथ ही आर्थिक कुप्रबंधन, वित्तीय अनुशासनहीनता और व्यापक भ्रष्टाचार का भी बोलबाला था।

ऐसे में मोदी सरकार पर चुनौतियों से निपटने और अर्थव्यवस्था में गति एवं आशावाद को बहाल करने की जिम्मेदारी आ गई। यह एक संकटपूर्ण स्थिति थी।

चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद मोदी सरकार के सुधारों से लगभग एक दशक में भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी से निकलकर दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में शामिल हो गया।

श्वेत पत्र में इस पर खेद जताया गया है कि, 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद किसी भी तरह से उच्च आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने के लिए यूपीए सरकार ने व्यापक आर्थिक नींव को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया। बैंकिंग संकट यूपीए सरकार की सबसे बदनाम विरासतों में एक थी।

श्वेत पत्र में यूपीए सरकार के दौरान कोयला ब्लॉक आवंटन, 2जी स्पेक्ट्रम नीलामी, राष्ट्रमंडल खेल एवं सारदा चिट फंड सहित 15 घोटालों को सूचीबद्ध करते हुए कहा गया है कि भ्रष्टाचार के इन मामलों ने अर्थव्यवस्था में लोगों के विश्वास को हिला दिया था। रक्षा तैयारियों को भी नीतिगत पंगुता का खामियाजा उठाना पड़ा। कमजोर नेतृत्व, इरादे और कार्रवाई की कमी से रक्षा तैयारियां पिछड़ गईं।

2013 में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से 1991 के भुगतान संतुलन संकट के एक बार फिर पैदा होने की आशंका पैदा हो गई थी। विदेशी मुद्रा भंडार केवल छह महीने के आयात के लिए ही पर्याप्त था।

श्वेत पत्र में कहा गया, "पिछले दस वर्षों के कामकाज को देखते हुए हम विनम्रता और संतुष्टि से यह कह सकते हैं कि हमने पिछली सरकार की छोड़ी गईं चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है।"

श्वेत पत्र में मौजूदा दौर को कर्तव्य काल बताते हुए कहा गया कि अभी मीलों चलना है और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है. बता दें कि श्वेत पत्र पर शुक्रवार (9 फरवरी) को लोकसभा में बहस होने की संभावना है। चार घंटे की बहस के बाद वित्त मंत्री के जवाब देने की उम्मीद है।

# हेमन्त सोरेन ई.डी. की कस्टडी में त्याग पत्र देने आये थे-राज्यपाल

रांची, 08 फरवरी। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी कस्टडी में मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के लिए राजभवन पहुंचे थे।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 26.5 घंटे के अंदर झारखंड में नई सरकार का गठन करा दिया। राज्यपाल ने गुरुवार को राजभवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहले ईडी की ओर से हेमंत सोरेन को हिरासत में लिए जाने की सूचना दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से सूचना आई कि कस्टडी में होने के कारण हेमंत सोरेन उनसे मिलने के लिए राजभवन आना चाहते है और त्यागपत्र देना चाहते हैं। मुख्य सचिव की ओर से फोन कर बताया गया कि मुख्यमंत्री कुछ अन्य वरिष्ठ मंत्रियों के साथ राजभवन आना चाहते हैं, प्रारंभ में उन्होंने तीन लोगों के साथ हेमंत सोरेन को राजभवन बुलाया, बाद में पांच लोगों को आने की इजाजत दी गई।

## फिजी के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समन्वय विभाग अनिल राजभर, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भारतीय जनता पार्टी के जिलााध्यक्ष ने भव्य स्वागत किया।उप प्रधानमंत्री फिजी गणराज्य को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट न्यास के महासचिव चम्पत राय ने श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में सुगमता पूर्वक व अयोध्या पुलिस की सुरक्षा में रामलला के दर्शन कराये। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट न्यास ने उन्हें प्रसाद दिया। उसके बाद वे लखनऊ के लिये प्रस्थान कर गये।

# मोदी सरकार के बहुचर्चित श्वेत पत्र जारी होने से पहले ही कांग्रेस ने मोदी सरकार के कारनामों पर "ब्लैक पेपर" जारी किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ **ब्लैक पेपर में कांग्रेस ने कहा कि, मोदी सरकार के दस साल, बड़े भारी गंभीर मुद्दों, जैसे महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं, बेरोजगारी व गैर भाजपा सरकार के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार के साथ हुए अन्याय का काल हैं।**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। यू.पी.ए. पर मोदी सरकार का बहु-प्रचारित वाइट पेपर (श्वेत पत्र) आने से पहले ही कांग्रेस न आज एक "ब्लैक पेपर" जारी किया जिसमें मोदी सरकार की विफलताओं को प्रमुखता से बताया गया है। इस पेपर में आरोप लगाया गया है कि, पिछले 10 वर्ष अन्यायपूर्ण थे, जिनमें बढ़ती कीमतें, बेरोजगारी, केन्द्रीय संस्थानों का पतन और गैर भाजपायी राज्यों के खिलाफ भेदभाव जैसे मुद्दों से देश त्रस्त रहा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 54 पृष्ठों की एक "चार्ज शीट" जारी करके केन्द्र की मोदी सरकार पर अभियोग लगाए।

खड़गे ने अपने आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, "हम सरकार के खिलाफ एक "ब्लैक पेपर" ला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भी संसद में अपने विचार प्रकट करते हैं, वह अपनी विफलताओं को छिपाते हैं।" खड़गे के साथ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और सैयद नसीर हुसैन भी मौजूद थे।

कांग्रेस ने इसमें आरोप लगाया है कि, "मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है, कृषि सैक्टर को नष्ट किया है, महिलाओं के खिलाफ अपराधों को प्रोत्साहन दिया है और देश के अल्पसंख्यकों के साथ भारी अन्याय किया है।"

"आर्थिक अन्याय" के मुद्दे पर ब्लैक पेपर, बेरोजगारी के संकट, नौकरियों की कमी और श्रमिकों की अल्प भागीदारी की बात करता है।

ब्लैक पेपर में कहा गया है कि, "मोदी सरकार कीमत वृद्धि पर चुप है। पैट्रोल, डीज़ल और दैनिक काम आने वाली वस्तुओं की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ गई हैं।"

वर्ष 2016 में की गई नोटबंदी को एक बड़ी गलती बताते हुए पार्टी ने कहा कि "विनाशकारी नोटबंदी" को सात साल बाद बीत चुके हैं, लेकिन इसके प्रभाव अभी भी देश को परेशान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करते हुए खड़गे ने उल्लेख किया कि, "जब कीमत वृद्धि के बारे में उनसे पूछा जाता है तो वो जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गाँधी की बात करते हैं, लेकिन अब उनकी सरकार है और उन्होंने जो भी कुछ किया है उसका जवाब तो उन्हें ही देना चाहिए।"

खड़गे ने मोदी की दुःखती रग पर प्रहार करते हुए कहा कि, "मोदी ने 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी ली थी और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) देना सुनिश्चित किया था, लेकिन, यह स्वीकार करने के बजाए कि, वह ऐसा नहीं कर सके, प्रधानमंत्री नई गारंटियाँ देने लग गए हैं।

खड़गे ने आरोप लगाया कि, पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया है।

ब्लैक पेपर में यह भी आरोप लगाया गया है कि, "भारत चुनावी अधिनायकवादी बन चुका है। पेपर में वी-डैम इन्स्टीट्यूट का भी हवाला दिया गया है। यह भी दावा किया गया है कि, मोदी सरकार ने देश के संघवाद को कमजोर किया है।

ब्लैक पेपर का लिंक शेयर करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्मरण किया कि, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 4 जनवरी 2014 को करीब 75 मिनट की अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में दूरगामी प्रभाव रखने वाले दो बयान दिए थे, जो आज सर्वाधिक प्रासंगिक हैं।

डा. मनमोहन सिंह ने पहली बात तो यह कही थी कि, "इतिहास मेरे प्रति सहृदय रहेगा" और दूसरी यह कि यदि नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो देश के लिए यह विनाशकारी होगा।" उनकी ये दोनों ही टिप्पणियां आज की तारीख में सही साबित हुई हैं।

## विदाई समारोह...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चाहिए ताकि, देश की प्रगति यात्रा को किसी की नज़र ना लगे। प्रधानमंत्री ने प्राचीन ग्रंथों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि, जो लोग अच्छी संगत में रहते हैं उनमें भी वैसे ही गुण विकसित होते हैं और जो लोग बुरे लोगों के बीच रहते हैं वे दोषपूर्ण बन जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, नदी का जल तब तक ही पीने योग्य रहता है जब तक वह बहती रहती है और जैसे ही वह समुद्र में जा मिलती है उसका जल खारा बन जाता है। प्रधानमंत्री ने अपना भाषण इस विश्वास के साथ पूर्ण किया और कहा कि, सेवानिवृत हो रहे सदस्यों के अनुभव प्रत्येक सदस्य को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने सबको बधाई दी और उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

## कार्मिक विभाग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पद खाली चल रहा है, जिसके लिए कई दिनों से अलग- अलग नामों को लेकर कयास भी लगाए जा रहे हैं।

ऐसे में मुख्यमंत्री सलाहकार के नामों की चर्चाओं के बीच धनराज सोलंकी के नाम का एक आदेश जारी हो गया, जिसमें उन्हें मुख्यमंत्री का मीडिया सलाहकार नियुक्त किया गया। जैसे ही यह नाम सबके सामने आया मानो खलबली मच गई। आनन-फानन में आदेश को रोका गया और चार घंटे बाद संशोधित आदेश जारी करते हुए धनराज सोलंकी को सोशल मीडिया और आईटी सलाहकार बनाया गया। मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त करने के आदेश जारी होने के बाद से लगातार धनराज सोलंकी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था। धनराज सोलंकी पहले से ही भाजपा आईटी विभाग में काम देख रहे हैं।

## नीरज चोपड़ा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपना एक भाला भी दिया और इसे पट्टिका के साथ ही रखा गया है। इस तरह वह रॉजर फैडरर और गॉल्फर रोरी मैकलरॉय जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गये जिनकी "आइस पैलेस" में ऐसी ही स्मारक पट्टिकायें हैं।

चोपड़ा ने पट्टिका के अनावरण पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, "इस देश में मुझे जो प्यार और सराहना मिली है, उससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने सपने में इस शानदार "आइस पैलेस" में पट्टिका लगाये जाने के बारे में सोचा भी नहीं था, फिर भी मैं यहां हूं।"

उन्होंने कहा, "मैं बहुत खुश हूं, जैसे कि मैं यूरोप के शिखर पर खड़ा हूं।" चोपड़ा ने अपने भाला फेंकने के कौशल का प्रदर्शन करके "आइस पैलेस" में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चोपड़ा ने इससे पहले स्विट्जरलैंड में ओलंपिक संग्रहालय को एक भाला उपहार में दिया था।

# दिया कुमारी ने अपने पहले बजट में जयपुर का पूरा ध्यान रखा

-विधानसभा संवाददाता-

■ **सीतापुरा से विद्याधर नगर मैट्रो सेवा का विस्तार होगा।**

■ **जयपुर में आई.टी. और फायनैंस कम्पनियों के लिये हाई टैक सिटी तथा ओलंपिक की तैयारी के लिये सेन्टर बनेगा।**

जयपुर, 8 फरवरी। भजनलाल सरकार के कार्यकाल के पहले बजट लेखानुदान में गुरूवार को विधानसभा में राज्य की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राजधानी जयपुर में सीतापुरा से विद्याधर नगर तक मेट्रो चलाने, फाइनेंस कंपनियों के लिए हाईटेक सिटी बनाने और ओलिंपिक की तैयारी के लिए सेंटर खोलने जैसी कई घोषणाएं की।

उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए जयपुर में प्रस्तावित मेट्रो के फेज-2 (सीतापुरा से अंबाबाड़ी) का विस्तार करके उसे विद्याधर नगर तक करने की घोषणा की है। गहलोत सरकार के समय फेज-2 की पहली डी.पी.आर. बनाई जा चुकी है। वर्ष 2012 में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) से बनवाई डी.पी.आर. में 23 किलोमीटर का ट्रैक प्रस्तावित किया था। इस ट्रैक को बनाने में करीब 10 हजार 400 करोड़ रुपए की लागत आ रही थी। सरकार ने बाद में इस रूट पर आने वाली लागत को कम करने के लिए संशोधित डीपीआर तैयार करवाई। इसमें अंडरग्राउंड ट्रैक की लंबाई कम करके उसे एलीवेटेड किया गया और ट्रेन को जेएलएन मार्ग (एयरपोर्ट से यूनिवर्सिटी तक) के स्थान पर सीधे टोंक रोड से निकाला गया। संशोधित डीपीआर में लागत कम होकर 6500 करोड़ रुपए आई।

उपमुख्यमंत्री ने जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की घोषणा की है। इससे पहले गहलोत सरकार ने पिछले बजट में भी इन्ही शहरों के लिए 500 बसें सर्विस मॉडल पर खरीद करने की घोषणा की थी। हालांकि ये घोषणा पूरी नहीं हो सकी थी। इन 500 में से 300 बसें जयपुर के लिए आनी थी।

दिया कुमारी ने जयपुर शहर के नजदीक सरकार ने हाईटेक सिटी बनाने की घोषणा की है। इस सिटी में सरकार आईटी, फाइनेंस सेक्टर, टेक्नोलॉजी के रिसर्च से जुड़ी कंपनियों को अपनी-अपनी यूनिट स्थापित करने के लिए आमंत्रित करेगी। इसके लिए बाकायदा इन कंपनियों को सरकार की तरफ से जमीन खरीद और दूसरे टैक्स में इन्सेंटिव दिया जाएगा। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने भी ऐसी ही सिटी अजमेर रोड पर महिंद्रा सेज के नाम से शुरू की थी। इसमें कुछ मल्टी नेशनल टेक कंपनियों, इंटरनेशनल बैंक ने अपने ऑफिस और यूनिट्स शुरू भी की है। हालांकि पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण अब यहां कंपनियां ज्यादा रुचि नहीं ले रही हैं। 15 साल पहले सरकार ने दिल्ली रोड पर अचरोल के पास करीब 1 हजार बीघा जमीन पर साइंस टेक सिटी बनाने की भी घोषणा की थी।

## जयन्त भी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सूत्रों के हवाले से यह भी कहा जा रहा है कि, भाजपा ने जयन्त को उनके परम्परागत मजबूत गढ़ में उनकी पसंद की सीटें देने का प्रस्ताव किया है। हाल ही के दिनों में जयन्त चौधरी को भाजपा के प्रति नरम रूख का प्रदर्शन करते देखा गया है। पहले तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के, 11 फरवरी को अयोध्याधाम मंदिर जाने के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है, जबकि समाजवादी पार्टी ने निमंत्रण को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि, उनकी पार्टी के नेता अयोध्या दर्शन के लिए किसी अन्य तारीख को बाद में जाएंगे। चौधरी ने हाल ही के दिनों में पार्टी के दो कार्यक्रमों को आगे के लिए टाल दिया, जिसमें एक युवा सम्मेलन है जिसका आयोजन मथुरा में 4 फरवरी को होने वाला था। दूसरा कार्यक्रम उनके दादा, स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण 11 फरवरी 24 को किया जाना वाला था, उसे भी स्थगित कर दिया गया। स्पष्ट है, चौधरी अपने राजनीतिक भविष्य से संबंधित विकल्पों का आकलन कर रहे प्रतीत होते हैं।

# जस्टिस खानविलकर अगले लोकपाल बनेंगे

नई दिल्ली, 08 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस ए.एम. खानविलकर देश के अगले लोकपाल नियुक्त होंगे।

सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी. वाय. चंद्रचूड़ और विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी की उच्च स्तरीय समिति ने उनकी नियुक्ति पर मुहर लगा दी।

जस्टिस खानविलकर 29 जुलाई, 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी अगुवाई में ही पीठ ने पीएमएलए अधिनियम में संशोधन को बरकरार रखते हुए फैसला सुनाया था। पीठ ने ईडी के समन, गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती के अधिकार को सही ठहराया था. साथ ही ईडी अधिकारियों के सामने इकबालिया बयान का उपयोग करने के लिए व्यापक अधिकार दिए थे।

जस्टिस खानविलकर ने उस पीठ का भी नेतृत्व किया जिसने 2002 के गुजरात दंगों में पीएम मोदी को क्लीन चिट देने वाला फैसला सुनाया था। उसी मामले में प्रधानमंत्री को दंगा मामले में फंसाने के लिए मनगढ़ ंत सबूत पेश करने के लिए याचिकाकर्ता तीस्ता सीतलवाड पर सवाल उठाए थे, जिसके बाद तीस्ता को गिरफ्तार किया गया था।

जस्टिस खानविलकर ने उस पीठ का भी नेतृत्व किया था जिसने कई आपत्तियां उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और पर्यावरणविदों द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए सेंट्रल विस्टा और नए संसद भवन के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया था।

## भजन लाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजकोषीय घाटा, 23 हजार 869 करोड़ 36 लाख रुपए का राजस्व घाटा, दो लाख 82 हजार 247 करोड़ 65 लाख रुपए राजस्व व्यय, दो लाख 58 हजार 378 करोड़ 29 लाख रुपए की राजस्व प्राप्तियां तथा चार लाख 86 हजार 615 करोड़ 10 लाख रुपए का कुल व्यय बताया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस राज में मालपुरा समेत जिन विधानसभा क्षेत्रों को वंचित रखा गया, उन क्षेत्रों में महाविद्यालय, विद्यालय, चिकित्सालय और प्रशासनिक कार्यालयों की स्थापना व क्रमोन्यन के लिए एक हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

## अंतरिम बजट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान।

- 33 लाख किसानों को मक्का, बाजरा, सरसों, मूँग ज्वार व मोठ के बीज दिए जाएंगे।
- "प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना" में राशि 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 6500 रुपये की।
- "हाइवेज़" पर दुर्घटनाओं में मानव जीवन बचाव के लिए 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस।
- प्रत्येक जिले में "एंटी रोमियो स्क्वॉड" का गठन, 174 पुलिस थानों में 'वुमेन हैल्पडेस्क्स' लगेंगी।
- "लाडली सुरक्षा योजना" के तहत सार्वजनिक स्थलों, बालिका छात्राावासों व नारी निकेतनों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगेंगे।

# राज्यपाल के अभिभाषण में तेलंगाना में जाति सर्वेक्षण की घोषणा की गई

■ **राज्यपाल सौंदर्यराजन ने कहा, राज्य सरकार किसानों, छात्रों, कर्मचारियों, गरीबों, एस.सी. एस.टी. पिछड़े अल्पसंख्यक, सेवानिवृत कर्मचारियों व शहीदों के परिवार के कल्याण व विकास पर कार्य करेगी।**

हैदराबाद, 08 फरवरी। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने राज्य में घर-घर जाकर जाति सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। राज्य की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा और विधानपरिषद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए, सौंदर्यराजन ने कहा कि, यह सर्वेक्षण सामान्य रूप से विभिन्न जातियों और विशेष रूप से बैकवर्ड कास्ट (बी.सी.) के लिए सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, रोजगार और राजनीतिक अवसरों का अनुमान लगाने हेतु आवश्यक डेटा प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि, भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करने वाले समाज के सभी वर्गों को न्याय प्रदान किया जाएगा और सरकार किसानों, छात्रों, कर्मचारियों, गरीबों, एससी, एसटी, बीसी, अल्पसंख्यकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, शहीदों के परिवारों और अन्य लोगों की कल्याण एवं विकास की आवश्यकताओं पर विचार करेगी।

उन्होंने कहा, हम जिस तेलंगाना की कल्पना करते हैं, वह एक है, जहां लोकतंत्र फलता-फूलता है, मौलिक अधिकारों की रक्षा होती है और डॉ. बी.आर. अंबेडकर की भावना हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करती है। राज्यपाल ने कहा कि, बजट प्रक्रिया केवल वार्षिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि यह विकास का एक वाहन है और लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है, जिन्होंने राज्य में नई सरकार (कांग्रेस) के लिए इतने प्यार से और इतनी भारी संख्या में मतदान किया।

बजट पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि, 2024-25 के बजट में, राज्य सरकार का लक्ष्य संसाधनों का आवंटन कुशलतापूर्वक करना है और यह सुनिश्चित करना है कि, खर्च किया गया प्रत्येक रुपया तेलंगाना के कल्याण और प्रगति में योगदान देता है।

## यू.पी.ए. प्रथम प्लस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करेगी। कमेटी ममता बनर्जी के साथ सीट शेयरिंग को लेकर कोई भी समझौता नहीं कर सकी।

इण्डिया गठबंधन के अहम नेता रहे नीतीश कुमार, राहुल गाँधी की टीम द्वारा उन्हें इच्छित पद ना दिए जाने के कारण गठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ चले गए हैं।

आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई ने स्पष्ट कर दिया है कि, वह कांग्रेस के साथ किसी भी तरह का गठबंधन करने की इच्छुक नहीं है। दोनों ही पार्टियां अकेले ही चुनाव लड़ेंगी।

अब तक वार्ताएं करते रहे केजरीवाल के साथ किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन सूत्र कहते हैं कि, दिल्ली में किसी प्रकार का गठबंधन होने के संभावना नहीं है।

उत्तर प्रदेश भी एक महत्वपूर्ण राज्य है, हालांकि सूत्र कहते हैं कि, अखिलेश और समाजवादी पार्टी के साथ किसी तरह के गठबंधन की संभावना बिल्कुल नगण्य है।

अखिलेश यादव के नजदीकी सूत्र खुलासा करते हैं कि, अखिलेश और कांग्रेस के बीच अब तक कोई गंभीर बातचीत नहीं हुई है तथा दोनों के बीच ना तो कोई सीट चिन्हित की गई है और इस संदर्भ में कोई चर्चा भी नहीं हुई है।

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ कांग्रेस का गठबंधन अभी बरकरार है तथा बिहार में राजद के साथ भी बातचीत चल रही है। तमिलनाडू में द्रमुक और कांग्रेस का गठबंधन जारी है। मूलरूप से यू.पी.ए.-1 का ही गठबंधन जारी है और उसमें उद्धव ठाकरे भी जुड़ गए हैं। उसके अलावा कोई भी नया जुड़ाव नहीं हुआ है।

अब प्रश्न यह पूछा जा रहा है कि, कमेटी क्या कर रही थी और इसका गठन वास्तव में क्यों हुआ था?

# हल्द्वानी में कर्फ्यू: दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश

■ **अवैध मदरसा और नमाज स्थल हटाने के दौरान भारी पथराव हुआ, जो रात में उग्र प्रदर्शन में बदल गया।**

हल्द्वानी/नैनीताल, 08 फरवरी। उत्तराखंड में हल्द्वानी बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाने के दौरान गुरुवार को हुए भारी बवाल के बाद प्रदेश सरकार ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिये हैं। प्रभावित क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

इस घटना की आंच राजधानी देहरादून तक पहुंच गयी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार के साथ उच्चस्तरीय बैठक बुलायी और हालात की समीक्षा की। बैठक में दंगाइयों से सख्ती से निपटने और देखते ही गोली मारने के आदेश जारी कर दिये गये।

धामी ने अधिकारियों को मौके पर शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश भी दिये। साथ ही लोगों से शांति बनाये रखने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी को भी कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

इसी के मद्देनजर शुक्रवार को हल्द्वानी में सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों और कॉलेजों को बंद करने का भी फरमान जारी कर दिया गया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और अन्य थानों से भी पुलिस बल एवं पीएसी को बुला लिया गया है।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और नमाज स्थल हटाने के दौरान आज शाम को भारी बवाल हो गया। एक खास समुदाय के लोगों ने अवैध निर्माण हटाने के दौरान हल्द्वानी नगर निगम की टीम, पुलिस और प्रशासन पर जबर्दस्त पथराव किया और यह क्रम कई घंटों तक चलता रहा। प्रदर्शनकारियों ने अंधेरा होते ही उग्र प्रदर्शन शुरू किया जिससे हालात बेकाबू हो गये। प्रदर्शनकारियों की ओर से पथराव करने पर पुलिस, प्रशासन और पत्रकारों के साथ अन्य लोग घायल हो गये।

प्रदर्शनकारियों ने अवैध निर्माण हटा रही निगम की जेसीबी मशीन को तोड़ दिया। बनभूलपुरा थाना के बाहर खड़ी मशीनों को भी आग के हवाले कर दिया। देखते देखते हालात बेकाबू हो गये।

# पाकिस्तान में नवाज़ शरीफ चौथी बार सत्ता में आयेंगे- विदेशी मीडिया

■ **वॉशिंगटन पोस्ट, ब्लूमबर्ग, सी.एन.एन., ए.पी., स्पूतनिक और टेलीग्राफ का आकलन है कि, शरीफ 2024 के आम चुनाव में फिर पाकिस्तान की बागडोर संभालेंगे।**

इस्लामाबाद, 08 फरवरी। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलैट्स और थिंक टैंक्स ने अनुमान जताया है कि, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 2024 के आम चुनाव में चौथी बार देश की बागडोर संभालेंगे।

शरीफ के फिर से पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम बनने का आकलन करने वाले विदेशी मीडिया आउटलैट्स में वाशिंगटन पोस्ट , ब्लूमबर्ग , सीएनएन , एपी , स्पूतनिक और टेलीग्राफ शामिल हैं।

वाशिंगटन पोस्ट लिखता है कि, यह आश्चर्य की बात होगी कि, गुरुवार को जब पाकिस्तानी जनता आम चुनाव में हिस्सा लेगी तो नवाज शरीफ सत्ता में आ सकेंगे। चौथी बार सत्ता में आने के बाद उनके पास उन आरोपों से खुद को मुक्त करने का मौका होगा जिनके कारण उन्हें 2017 में प्रधानमंत्री पद खोना पड़ा था। प्रधानमंत्री होने के नाते नवाज़ शरीफ़ को पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान के अस्थिर समर्थकों का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिकी टेलीविजन ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि, पिछले हफ्ते कराची में पाकिस्तान के व्यापारिक अभिजात वर्ग की सभा में शामिल कई लोगों ने त्रिशंकु संसद और फिर कमजोर गठबंधन सरकार की भविष्यवाणी की थी , हालांकि ज्यादातर लोगों को उम्मीद है कि, इसका नेतृत्व शरीफ़ या उनके भाई पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ करेंगे।

सीएनएन का कहना है, अनुभवी शरीफ को हालांकि पहली बार प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बिलावल भुट्टो जरदारी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जो दिवंगत पूर्व नेता बेनजीर भुट्टो के बेटे हैं।

समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस( एपी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि, पिछले अक्टूबर में स्वदेश लौटने के बाद अदालतों द्वारा शरीफ की दोषसिद्धि और जेल की सजा को पलटने के बाद उनके पास चौथे कार्यकाल के लिए स्पष्ट रास्ता है।

स्पूतनिक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चुनाव के बाद नये नेता को देश के सबसे खराब आर्थिक संकटों में से एक और बढ़ ती आतंकवाद की समस्या से निपटना होगा।

टेलीग्राफ लिखता है, पूर्व प्रधानमंत्री करीबी लड़ाई के बजाय ताजपोशी की उम्मीद करते दिख रहे हैं क्योंकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी इमरान खान आपराधिक दोषसिद्धि के मामलों से जूझ रहे हैं।

अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूट का कहना है, भविष्यवाणी यही है कि नवाज शरीफ और उनके पीएमएलएन के सत्ता जीतने की संभावना है।

एक अन्य अमेरिकी थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस ने कहा कि, शरीफ के लिए प्रधानमंत्री बनने और उनकी पार्टी के लिए सशस्त्र बलों के समर्थन के साथ संसद पर नियंत्रण हासिल करने का रास्ता साफ हो गया है।

पूर्व वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक और किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर टिम विलासी-विल्सी ने कहा कि शरीफ एक अनुभवी हैं और वह हमेशा अमेरिका तथा चीन के बीच बहुत अच्छा संतुलन बनाने में माहिर रहे हैं। वह भारत के साथ अच्छे संबंध चाहेंगे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908